दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 196 | जयपुर | बुधवार, 21 मई, 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष नवमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

## मुस्लिम पक्ष बोला- बदलाव लागू हुए तो नुकसान की भरपाई नहीं

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- राहत के लिए मजबूत दलीलें लाइए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नए वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस मसीह की बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत पाने के लिए मामले को और मजबूत करना चाहिए।

सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई बोले- हर कानून के पक्ष में संवैधानिकता की धारणा होती है। अंतरिम राहत के लिए, आपको एक बहुत मजबूत और स्पष्ट मामला बनाना होगा। वरना, संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कुल तीन मुद्दे हैं, जिन पर रोक लगाने की मांग की गई है और उस पर मैंने जवाब दाखिल कर दिया है। इन मुद्दों पर सुनवाई को सीमित किया जाए। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक एम सिंघवी ने इसका विरोध किया और कहा- कोई भी सुनवाई टुकड़ों में नहीं हो सकती। यह वक्फ संपत्तियों पर कब्जे का मामला है। सिब्बल ने कहा कि सिर्फ तीन मुद्दे नहीं हैं। पूरे वक्फ पर अतिक्रमण का मुद्दा है। सरकार तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जाएं। अगर प्रावधान लागू हुए नुकसान की भरपाई मुश्किल होगी। मंगलवार को 3 घंटे तक याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बेंच ने मामला बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया। बेंच अब केंद्र सरकार का पक्ष सुनेगी।

#### याचिकाकर्ताओं की दलीलें

- 2025 के संशोधनों को वक्फ पर कब्जा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो गैर-न्यायिक है। संशोधनों ने एक बार वक्फ, हमेशा वक्फ के सिद्धांत को निरस्त कर दिया है।
- रजिस्ट्रेशन न होने से वक्फ की वैधता पर असर नहीं होता था। केवल जुर्माना लगता था। संशोधन के बाद अगर रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ तो वक्फ को मान्यता नहीं मिलेगी।
- कानून में जांच के लिए कोई प्रक्रिया-डेडलाइन तय नहीं है। जमीन के एक टुकड़े पर भी विवाद होने पर पूरी संपत्ति का वक्फ दर्जा खत्म हो जाएगा।




#### पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कहा था- अंतरिम राहत देने पर विचार करेंगे

इससे पहले कोर्ट ने इस मुद्दे पर 15 मई को सुनवाई की थी। तब सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह ने केंद्र और याचिकाकर्ता को 19 मई तक हलफनामा पेश करने को कहा था। हालांकि, इसको लेकर जानकारी अभी सामने नहीं आई है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल ने दलीलें पेश कीं। बेंच ने कहा कि अंतरिम राहत दिए जाने के मुद्दे पर हम 20 मई को विचार करेंगे।

### संक्षिप्त समाचार

## 4 आईपीएस के तबादले, तीन जिलों में एसपी बदले

### सात दिन बाद झुंझुनूं और हनुमानगढ़ में एसपी लगाए, बालोतरा एसपी का तबादला



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्य सरकार ने तीन आईपीएस अफसरों के तबादले और एक एपीओ आईपीएस को पोस्टिंग दी है। झुंझुनूं और हनुमानगढ़ में सात दिन बाद एसपी लगाए हैं। एसओजी के एसपी लोकेश सोनवाल को झुंझुनूं एसपी, हरीशंकर को बालोतरा से हनुमानगढ़ एसपी और जोधपुर डीसीपी ट्रैफिक अमित जैन का तबादला बालोतरा एसपी के पद पर किया है। एपीओ चल रहे शेलेंद्र सिंह इंद्रोलिया को जोधपुर कमिश्नरेट में डीसीपी मुख्यालय और ट्रैफिक के पद पर पोस्टिंग दी गई है। 13 मई को हनुमानगढ़ एसपी अरशद अली और झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी को शिकायतों के बाद एपीओ किया गया था। उस वक्त दोनों जिलों में एसपी नहीं लगाए थे और एएसपी को चार्ज दिया था। अब सात दिन बाद दोनों जिलों में एसपी लगाए हैं।

**अरशद अली और शरद चौधरी को नहीं मिली पोस्टिंग-** एपीओ किए गए अरशद अली और शरद चौधरी को पोस्टिंग नहीं दी गई है। दोनों आईपीएस के खिलाफ कई तरह की की शिकायतें थीं। अब आईपीएस की जल्द एक और तबादला लिस्ट आने की संभावना है। डीआईजी के पद पर प्रमोट हुए आठ अफसर अब भी एसपी की पोस्ट पर काम कर रहे हैं, उन्हें पोस्टिंग देने के लिए कई आईपीएस को इधर उधर करना होगा। आईपीएस अफसरों के तबादलों की तैयारी चल रही है।



## जयपुर में निकाली सिंदूर यात्रा को सीएम ने किया रवाना

### महिलाओं ने सिंदूर से तिलक किया, पीएम को भेजेंगे कपड़ा, डिप्टी सीएम भी हुई शामिल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में बीजेपी की ओर से मंगलवार को जयपुर में सिंदूर यात्रा निकाली गई। जयपुर सांसद मंजू शर्मा के नेतृत्व में यह यात्रा निकली। सीएम भजनलाल शर्मा ने बड़ी चौपड़ से यात्रा को रवाना किया। वहीं डिप्टी सीएम दिया कुमारी और मुख्यमंत्री की पत्नी गीता शर्मा सहित अन्य महिलाएं यात्रा में शामिल हुई।

लेकिन स्थानीय विधायक बालमुकुंदाचार्य कार्यक्रम से नदारद रहे। जिसकी चर्चा कार्यकर्ताओं के बीच रही। यात्रा बड़ी चौपड़ से त्रिपोलिया होते हुए छोटी चौपड़ पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान पुलिस की सख्ती से बीजेपी कार्यकर्ता नाराज दिखे।

बीजेपी के कई कार्यकर्ता पुलिस से उलझते दिखे। दरअसल यात्रा में डिप्टी सीएम दिया कुमारी और अन्य जनप्रतिनिधि पैदल चल रहे थे। जिनकी सुरक्षा में पुलिस ने घेरा बना रखा था। इस दौरान कई बार ऐसे मौके आए जब पुलिसकर्मी कार्यकर्ता और मीडियाकर्मी को धक्का देते दिखे।

#### सांसद ने किए हस्ताक्षर अनाउंसमेंट करके बुलाया

यात्रा के अंत में सभी महिलाओं ने सिंदूर से सफेद कपड़े पर तिलक लगाकर अपने हस्ताक्षर किए। सबसे पहले सांसद मंजू शर्मा ने सिंदूर से तिलक लगाकर अपने हस्ताक्षर किए। उसके बाद जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, हेरिटेज मेयर कुसुम यादव सहित अन्य महिलाओं ने सिंदूर से तिलक किया। महिलाओं द्वारा तिलक लगा यह कपड़ा सांसद मंजू शर्मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सौपेंगी। हालांकि सिंदूर से तिलक का यह कार्यक्रम यात्रा के समापन के मौके पर ही होना था। लेकिन उस समय इसे नहीं किया गया। कार्यक्रम समापन के बाद आयोजन में लगी महिला कार्यकर्ताओं को जब इस बात का ध्यान आया तो उन्होंने मंच से अनाउसमेंट करके सांसद और अन्य नेताओं को बुलाया। लेकिन तब तक डिप्टी सीएम दिया कुमारी कार्यक्रम स्थल से रवाना हो चुकी थी।

#### सिंदूर हमारी संस्कृति और सम्मान का प्रतीक : सीएम शर्मा

यात्रा के शुभारंभ के मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकवादियों को कड़ा सबक सिखाया। हमारे वीर जवानों ने पाकिस्तान को भारत की ताकत का एहसास भी कराया। उन्होंने कहा कि सिंदूर बहनों के माथे की शोभा होने के साथ ही हमारी संस्कृति और सम्मान का प्रतीक है। इस यात्रा के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की गाथा जन-जन तक पहुंचेगी।

### कर्नाटक में भारी बारिश, 8 की मौत

## बेंगलुरु में 500 घर डूबे; महाराष्ट्र में इमारत का स्लैब ढहा, 4 की मौत

### राजस्थान में पारा 47°C पहुंचा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश के कई राज्यों में मंगलवार को बारिश हुई। कर्नाटक में तेज बारिश के कारण 8 लोगों की मौत हुई है। बेंगलुरु में भारी बारिश के कारण 500 से ज्यादा घरों में पानी भर गया। BTरू लेआउट में पानी भरे अपार्टमेंट में करंट लगने से 12 साल के बच्चे और 63 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। व्हाइटफील्ड में दीवार गिरने से 35 साल की महिला की मौत हो गई।

शिवगंगा जिले के मल्लाकोट्टई में पत्थर की खदान में ढह गई। इस घटना में 5 मजदूरों की मौत हो गई। रेस्क्यू टीम ने 4 शव बरामद किए हैं। एक मजदूर घायल हुए है, उसका इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि यहां तेज बारिश हो रही है, चट्टान को ब्लास्ट किया गया था, इसी दौरान वह ढह गई।

राज्य के 7 जिलों में बारिश के अलर्ट को बदलकर रेड अलर्ट में अपग्रेड किया गया। यहां अचानक बाढ़ की भी चेतावनी है। लगातार बारिश के चलते बेंगलुरु में ऑरेंज अलर्ट है। यहां मंगलवार को सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे के बीच 0.4 मिमी बारिश दर्ज की गई।

महाराष्ट्र के ठाणे में भी मंगलवार दोपहर 4 मंजिला इमारत का स्लैब ढह गया। इस घटना में एक बच्चे समेत 4 लोगों की मौत हो गई। 4 लोग घायल भी हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक बारिश के बाद यह घटना हुई। मुंबई के वसई इलाके में मंगलवार रात तेज आंधी-बारिश के चलते पेड़ उखड़ गया। झारखंड में बिजली गिरने से 5 मौतें हुईं।

मौसम विभाग ने मंगलवार को MP-UP समेत 13 राज्यों में आंधी-बारिश के साथ तूफान का अलर्ट जारी किया था। इधर, मंगलवार को राजस्थान के बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के शहरों का तापमान 44°C से 47°C के बीच रहा। उदयपुर और कोटा संभाग में धूल भरी आंधी चली। साथ ही बारिश भी हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 48 घंटों में पूरे राजस्थान में तापमान में 1°C से 2°C सेल्सियस की और वृद्धि होने की उम्मीद है।

## अमित शाह ने नई दिल्ली में सहकारी डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्क्युलैरिटी विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की

### प्रधानमंत्री के सहकार से समृद्धि के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए सहकारी डेयरी क्षेत्र के लिए तीन नई बहुराज्यीय सहकारी समितियों की स्थापना का निर्णय लिया गया : शाह

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में सहकारी डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्क्युलैरिटी विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल सिंह गुर्जर और मुरलीधर मोहोल, सहकारिता मंत्रालय के सचिव आशीष भूटानी, डेयरी और पशुपालन विभाग की सचिव श्रीमती अलका उपाध्याय, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉ मीनेश शाह और नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी केवी भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सहकार से समृद्धि के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए बैठक में सहकारी डेयरी क्षेत्र के लिए तीन नई बहुराज्यीय सहकारी समितियों की स्थापना का निर्णय लिया गया। पहली समिति पशु आहार निर्माण, रोग नियंत्रण और कृत्रिम गर्भाधान पर काम करेगी, दूसरी गोबर प्रबंधन के मॉडल विकसित करेगी, और तीसरी मृत मवेशियों के अवशेषों के सर्क्युलर उपयोग को बढ़ावा देगी। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जब हम श्वेत क्रांति 2.0 की ओर अग्रसर है, तो हमारा लक्ष्य केवल डेयरी सहकारिता का विस्तार करना और उन्हें दक्ष एवं प्रभावी बनाना ही नहीं होना चाहिए बल्कि डेयरी के एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना चाहिए जो सतत हो और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता हो। उन्होंने कहा कि अगर किसानों की आय में वृद्धि करनी है तो हमें एकीकृत सहकारिता के नेटवर्क का सृजन करना होगा जहां अधिकांश कार्य पारस्परिक सहयोग और सहकारिताओं के बीच में ही हो। अमित शाह ने इस बात पर विशेष बल दिया गया कि वैज्ञानिक मॉडल के माध्यम से कार्बन क्रेडिट का प्रत्यक्ष लाभ किसानों तक पहुँचाया जाए। साथ ही उन्होंने दुग्ध संघों एवं सहकारी समितियों को सशक्त बनाने तथा डेयरी संयंत्रों में खाद्य प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

ये सभी प्रयास न केवल किसानों की आय में वृद्धि करेंगे, बल्कि डेयरी क्षेत्र को अधिक सतत एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारिता ग्रामीण विकास का मूल मंत्र है और सहकारी डेयरी क्षेत्र इसका एक उत्तम उदाहरण है, जो हमारे लाखों ग्रामीण परिवारों को आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन उपलब्ध कराता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि डेयरी सहकारी समितियाँ भारतीय दुग्ध क्षेत्र में दूध उत्पादन और विपणन के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ये समितियाँ छोटे किसानों को स्थिर बाजार, ऋण सुविधा, पशु चिकित्सा और प्रजनन जैसी सेवाएं प्रदान कर न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर रही हैं, बल्कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर उन्हें सशक्त भी बना रही हैं।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# पहली बार चैंबर ऑफ़ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन आयोजित करेगा महाकुंभ

## 8 दिवसीय क्रिकेट महाकुंभ 24 मई से, उदयपुर के सभी व्यापारिक एसोसिएशन की 52 टीमें लेंगी हिस्सा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन द्वारा पहली बार शहर में 8 दिवसीय भव्य रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का 24 मई से फील्ड क्लब मैदान पर आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उदयपुर के विभिन्न व्यापारिक एसोसिएशनों की 52 टीमें भाग लेंगी। इस ऐतिहासिक आयोजन का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अजय जाडेजा, चितौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा किया जाएगा। टुर्नामेन्ट का शुभारम्भ क्रिकेटर रहे अजय जाडेजा, सी पी जोशी, राजपरिवार सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ करेंगे। चेंबर अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि उदयपुर में पहली बार चैंबर में रजिस्टर विभिन्न व्यापारिक संगठनों की सामूहिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सिंघवी ने बताया कि प्रतियोगिता 24 मई से प्रारंभ होकर 31 मई तक आयोजित की जाएगी। इस आयोजन के लिए गठित कोर कमेटी में पारस सिंघवी, राजमल जैन, हिम्मत बडाला, संजय भंडारी, अशोक काबरा, कैलाश सोनी, देवनारायण धायभाई, राकेश जैन, हरीश चावला, अजय पोरवाल, भंवरलाल सुहालका, बृजलाल सोनी, हिमांशु गुप्ता, जगदीश मेनारिया, नितिन सेठ मनोज जैन, जयेश चंपावत को सम्मिलित किया गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता संयोजक संजय भंडारी ने बताया कि शुभारम्भ के अवसर पर राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, उदयपुर ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, कांग्रेस जिलाध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहेंगे। पूर्व क्रिकेटर अजय जाड़ेजा को चेंबर अध्यक्ष पारस सिंघवी द्वारा विशेष निमंत्रण भेजा गया जिसको स्वीकार कर उन्होंने इस महाकुंभ के शुभारंभ हेतु अपनी अनुमति प्रदान की है। प्रचार प्रसार मंत्री राकेश जैन ने बताया कि चेंबर से संबंधित व्यापार मंडल के सदस्य ही इसमें खेल पाएंगे, यह आयोजन शुद्ध रूप से व्यापारिक समारोह है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में दर्शक मैच का आनंद लेंगे। प्रतियोगिता सहसंयोजक कैलाश सोनी एवं अशोक काबरा ने बताया कि प्रतियोगिता को सफल एवं निर्विवाद बनाने के लिए सामूहिक रूप से नियम एवं शर्तें तय की गई है नियमों के विपरीत किसी भी प्रकार से कोई भी निर्णय नहीं लिया जाएगा एव सभी संगठनों को नियमों की पालना करनी होगी। हर चौके और छक्के पर म्यूजिक और इनाम की व्यवस्था की जाएगी। मैदान में फ्लडलाइट्स की व्यवस्था अहमदाबाद से विशेषज्ञ टीम द्वारा की जाएगी। आयोजन स्थल पर फूड स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जिससे दर्शकों और खिलाड़ियों को सुविधा होगी। विजेता टीम को 71,000, उपविजेता को 51,000 एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 31000 का पुरस्कार दिया जायेगा।



# जानलेवा साबित हो रहा प्रागपुरा में सोखता गड्ढा, कभी भी हो सकता है हादसा

बढ़ता राजस्थान


**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के प्रागपुरा शहर में लुहारों की कॉलोनी स्थित गोगाजी मंदिर के पास पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में जलदाय मिशन योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण करवाया गया था। साथ ही ठेकेदार महेश लम्बोरा ने विभागीय निर्देशानुसार यहां सीमेंटेड फर्मा डालकर 25 फीट सोखता गड्ढा तैयार करवाया था लेकिन उक्त गड्ढे की पट्टी टूट जाने से यह खड्डा जानलेवा साबित हो रहा है। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा में प्रागपुरा सफाईकर्मी ठेकेदार पप्पू स्वामी ने बताया कि यह सोखता गड्ढा मुख्य रास्ते पर बना है और ग्रामीणों समेत स्कूली बच्चों का यहाँ आना जाना लगा रहता है। जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। स्वामी ने बताया कि उन्होंने उक्त सोखते गड्ढे की टूटी पट्टियों को लेकर नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी फतेह सिंह मीणा को भी जानकारी दी लेकिन अभी तक किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हुई। स्थानीय निवासी रमजान जिंदराण व कस्बे वासियों ने भी उक्त सोखते गड्ढे पर लोहे का जाल लगाकर ढ़कने या फिर इसे बंद करने की मांग की है। गोपाल दास मंदिर महंत पलटूदास का कहना है कि यह सोखता गड्ढा किसी भी समय बड़ा हादसा करवा सकता है, इसलिए इसे तुरंत प्रभाव से ढका जाना चाहिए या बंद किया जाना चाहिए। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तुरंत संज्ञान लिया जाए और सोखते गड्ढे को ढकने या बंद करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



# नई पीढ़ी के रचनाकारों को अधिक से अधिक गुणवत्तापूर्ण साहित्य पढ़ने की आवश्यकता : डॉ शिवराज भारतीय

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** निकटवर्ती कस्बे नोहर में साहित्य कला चेतना परिवार द्वारा आयोजित लेखक से संवाद परिचर्चा में राजस्थानी बाल साहित्यकार डॉ शिवराज भारतीय और राजस्थानी साहित्यकार, आलोचक, समीक्षक डॉ सत्यनारायण सोनी से साहित्य की वर्तमान दशा और दिशा विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। डॉ. शिवराज भारतीय ने परिचर्चा में कहा कि राजस्थानी भाषा को जितनी मान्यता जरूरी है उतना ही राजस्थानी साहित्य को जन जन की जुबान पर पहुँचना जरूरी है। साहित्यकारों को नकारात्मकता से बचते हुए अपना साहित्य कर्म निरंतर करते रहना आवश्यक है। उन्होंने अपने बाल साहित्य लघुकथाओं , गीत ,कहानियों की विषय वस्तु पर खुलकर सहजता से बात की। सोशल मीडिया के दौर में मौलिकता बचाये रखते हुए तकनीकी से जुड़ने की आवश्यकता बताई। डॉ. भारतीय ने निजी और साहित्यिक जीवन में सांमजस्य के सवाल पर बड़ी सहजता से अपनी दिनचर्या का जिक्र करते हुए नई पीढी के रचनाकारों को अधिक से अधिक गुणवत्तापूर्ण साहित्य पढने की सलाह दी। बच्चों में मानवीय मूल्य विकसित करना उन्हें संस्कारों से जोड़ना बाल साहित्य का कर्तव्य है साहित्य सृजन के साथ-साथ अपने गीत कविता कहानी निबंध नाटक आदि के माध्यम से बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ उनमें जीवन मूल्य विकसित करने की भी आवश्यकता है। आर्टिफिशिअल इंटेलिजेंसी के युग में भावात्मक एवं आत्मीयता का भाव विकसित करना साहित्य कार का दायित्व है। डॉ. सत्यनारायण सोनी ने डॉ.भारतीय के सहज व्यक्तित्व तथा उच्च कोटि के साहित्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता का इस दौर में साहित्यकारों का दायित्व और बढ जाता है तथा राजस्थानी भाषा में लिखे गए साहित्य को आमजन तक पहुँचाकर उसकी महत्ता पुनः स्थापित करनी होगी। इस अवसर पर डॉक्टर सोनी ने राजस्थानी भाषा के मान्यता की बात भी रखी । परिचर्चा में कुलदीप पारीक दीप, राजमोहन शर्मा (साहवा), परमेश्वर प्रजापत (तारानगर), गरिमा सिंह (राय बरेली), पद्मिनी मेहता (वाराणसी), थानेश्वर शर्मा (परलिका), योगेन्द्र कुमार पुरोहित (बीकानेर), चित्रकार राकेश वर्मा, चित्रकार विष्णु देव शर्मा सहित अनेक नवोदित रचनाकार उपस्थित थे। अंत में परिचर्चा के संयोजक कमल अग्रवाल ने समस्त विद्वजनो का परिचर्चा में भाग लेने पर आभार व्यक्त किया तथा संस्था के आगे की कार्यक्रमों की रुपरेखा बताई तथा कहा कि संस्था इस प्रकार के महत्ती आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर प्रजापत एवं कुलदीप पारीक दीप ने संयुक्त रूप से किया।






# तमन्ना अध्यक्ष, वैशाली सचिव और मनीषा कोषाध्यक्ष बनीं

## शपथ ग्रहण समारोह में ऑन स्पॉट मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता रखी गई

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** देश के पहले सक्रिय महिला कैमरा क्लब 'मोनालिसा कैमरा क्लब, उदयपुर का शपथ ग्रहण समारोह आज सेक्टर-11 स्थित होटल पारस महल के बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 40 से अधिक सदस्यों की उपस्थिति में नवीन कार्यकारिणी में तमन्ना सुहालका अध्यक्ष, वैशाली मोटवानी सचिव और मनीषा जैन को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि डीवाईएसपी राजेन्द्र सिंह जैन, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी, शौकिया छायाकार एवं चित्रकार दिनेश कोठारी, लेकसिटी कैमरा क्लब समन्वयक खुशवंत सरदलिया और उद्यमी मुकेश माधवानी ने नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि राजेन्द्र जैन ने फोटोग्राफी के महत्व को रेखांकित करते कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। यह कैमरा क्लब उनके आत्मविश्वास व अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बनेगा। दिनेश कोठारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह क्लब नारी सशक्तीकरण और रचनात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में प्रेरणादायक कदम है। वहीं, खुशवंत सरदलिया ने क्लब की सदस्याओं को तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण का आश्वासन दिया। इसी क्रम में मुकेश माधवानी ने महिला छायाकारों को फोटो प्रदर्शनी लगाने में सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान ऑन स्पॉट मोबाइल फोटोग्राफी स्पर्धा में अनिता सिंघी, संगीता जावरिया और दीप्ती गन्ना ने पुरस्कार पाए। क्लब संरक्षिका दीपा साबला, अनुपमा लोढ़ा और साधना तलेसरा ने नए सदस्यों-लवीना, राधिका, पूनम, माया, मेघा, स्मिता, लीना और बिंदू का स्वागत किया। वहीं, अतिथियों को स्मृति चिह्न के रूप में पौधे भेंट किए।

इस मौके पर क्लब मेंटॉर राकेश शर्मा 'राजदीप', रामा स्टूडियो से धीरज बिलोची सहित कई नवोदित छायाकार और कला प्रेमी उपस्थित रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले में जान गवा चुके नागरिकों व ऑपरेशन सिंदूर में वीरों को समर्पित रक्तदान शिविर 25 मई को

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं ( नि.स. )।** मुस्लिम न्याय मंच के सौजन्य से 25 मई को राजकीय भगवानदास खेतान हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष इमरान बडगुजर ने बताया कि पहलगाम में आतंकी हमले में 26 नागरिकों ने अपनी जान गंवाई थी और ऑपरेशन सिंदूर में वीरों व वीर शहीद को समर्पित ये रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है । ये शिविर 25 मई रविवार को सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक झुंझुनूं के बी डी के हॉस्पिटल में आयोजित किया जाएगा । मंच के उपाध्यक्ष उस्मान पठान ने बताया कि रक्तदान आपके जीवन का सबसे बड़ा महादान है आपके रक्त की दो बूंद किसी के जीवन बचाने में काम आए , इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य हो नहीं सकता है। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए मंच के सभी कार्यकर्ता शिविर की तैयारियों में लगे हुए हैं ।

# अर्जुन खोखावत संभागीय अध्यक्ष, अनिल वैद राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

बढ़ता राजस्थान





**उदयपुर ( नि.स. )।** आल इण्डिया टेन्ट डेकोरेशन वेलफेयर एसोसिएशन नई दिल्ली की कार्यकारिणी में अर्जुन खोखावत को संभागीय अध्यक्ष एवं अनिल वैद को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। यह जानकारी देते हुए उदयपुर जिला टेन्ट व्यवसायी समिति के अध्यक्ष सुधीर चावत ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जिंदल एवं प्रदेश अध्यक्ष रासबिहारी शर्मा ने मनोनय पत्र जारी कर संगठन के हित में काम करने के निर्देश दिए। इस मनोनय पर उदयपुर जिला टेन्ट व्यवसायी समिति के व्यवसायियों ने हर्ष जताया है।

# आर. के. जिला चिकित्सालय में 16 बेड के आईसीयू भवन का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** आर. के. जिला चिकित्सालय में डीएमएफटी फंड से निर्मित 16 बेड के नवीन आईसीयू भवन का लोकार्पण समारोह सोमवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी, विधायक राजसमंद एवं श्री हरि सिंह रावत, विधायक भीम रहे। इस भवन के निर्माण पर एक करोड़ पाँच लाख रुपए की लागत आई है, वहीं एचडीएफसी बैंक के सीएसआर मद से 61 लाख 10 हजार रुपए के अत्याधुनिक उपकरण प्रदान किए गए हैं।प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश रजक ने बताया कि प्राप्त उपकरणों में आईसीयू बेड, मल्टी पैरा मॉनिटर, डीफिब्रीलेटर, ईसीजी मशीन, एबीजी मशीन, कर्टेन, बेडसाइड लॉकर, आई.वी. स्टैंड, सक्शन मशीन, नेबुलाइज़र मशीन, कार्डियक टेबल, एडल्ट लैरिन्जोस्कोप, क्रैश कार्ट, ड्रग ट्रॉली, ड्रेसिंग ट्रॉली, बीपी इंस्ट्रूमेंट, अंबु बैग, ऑक्सीजन सिलेंडर, ग्लूकोमीटर, एयर मेट्रेस आदि शामिल हैं।कार्यक्रम में डीईआईसी भवन में बच्चों के लिए राज्य सरकार की घोषणा अनुसार मिशन मधुहारी टाइप 1 डायबिटीज क्लिनिक का भी उद्घाटन किया गया।

# अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो दर पर सुदामा.......

बढ़ता राजस्थान





**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला मुख्यालय क्षेत्र में ठींगला स्थित तेहरिया हाउस पर चल रही संगीतमय श्री मद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में मंगलवार को सप्तम दिवस की कथा मे व्यास पीठाचार्य कैलाश तेहरिया ने कृष्ण सुदामा चरित्र में कृष्ण व सुदामा दोनों की मित्रता का बहुत ही सुन्दर व मार्मिक प्रस्तुतीकरण किया। पांडाल में बैठे सैकड़ों लोग इस प्रसंग को सुनकर भावुक हो गए। कथा में बताया गया की सुदामा जी की अर्धांगिनी सुशीला, सुदामा जी को द्वारकाधीश जी के पास द्वारका जाने के लिए प्रेरित करती हैं तब सुदामा जी अपने बचपन के सखा कन्हैया से मिलने चल देते हैं,साथ में चार तरह के चावलों की पोटली अपने साथ ले जाते हैं।

परीक्षित सुखदेव जी के द्वारा सात दिन की कथा सुनकर आत्मविभोर हो जाते हैं और अब तो वह सब कुछ छोड़ देते हैं। भागवताचार्य ने इस प्रसंग को अपनी सुरीली वाणी से मंत्र मुग्ध कर आनंदित कर दिया। कथा के दौरान भक्त जनों ने झूम झूम कर नृत्य किया जिससे पांडाल का दृश्य बड़ा मनोहारी हो गया। कार्यक्रम में सवा लक्ष्य महामृत्युंजय मंत्र के जाप पूर्ण कर आचार्य ताराचंद शास्त्री ने बताया की शिव-शक्ति से ही ब्रह्मांड की उत्पत्ति हुई। शिव जी का महामृत्युंजय मंत्र 52 अक्षर का होता है जो मृत संजीवनी मंत्र है तथा किसी भी जीव के लिए मृत्यु पर भी विजय प्राप्त कर लेता है, महामृत्युंजय मंत्र के सवा लक्ष्य जप किए जाने से मृत्यु तक का भय समाप्त हो जाता है तथा इस मंत्र से रोग, संकट, ग्रह दोष आदि सभी प्रकार की समस्याएं समाप्त हो जाती है। सवा लक्ष्य महामृत्युंजय जाप का अनुष्ठान सात विद्वानों द्वारा सात दिनों तक नियमित तौर पर महामृत्युंजय मंत्र का जाप कर पूर्ण किया जाता है। पूर्ण महामृत्युंजय जाप मंत्र इस प्रकार है- हौं जूं सः भूर्भुवः स्वः त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् स्वः भुवः भूः सः जूं हौं । आयोजक गिर्राज तेहरिया एवं श्रीमती संतोष तेहरिया ने बताया कि 21मई को सुबह 9 बजे हवन आदि का आयोजन होगा तत्पश्चात श्रीमद् भागवत जी एवं सवा लक्ष्य महामृत्युंजय जाप की पूर्णाहुति की भोजन प्रसादी का कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से सायं 4.00 तक रहेगा।

### संत शिरोमणि ज्ञानदास महाराज के सान्निध्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

# समाजसेवा के कार्यों में रक्तदान सबसे बड़ा दान : जगदीश मीणा

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** स्थानीय कस्बे के मुख्य बस स्टैंड स्थित समाजसेवी भगवान सहाय मीणा की पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर व नेत्र चिकित्सा शिविर एवं नाक कान गला चिकित्सा शिविर का शुभारंभ संत शिरोमणि ज्ञानदास महाराज के सान्निध्य में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जगदीश मीणा ने कहा कि समाजसेवा के कार्यों में रक्तदान सबसे बड़ा दान है और इससे कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। विराटनगर के पूर्व प्रधान महादेव प्रसाद यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की और रक्तदान शिविर की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाले युवाओं का यह नेक कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। झंडे वाले बालाजी मंदिर महंत सोहन दास महाराज ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि रक्तदान और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस तरह के शिविरों का आयोजन समाज के लिए बहुत जरूरी है। शिविर में कुल 66 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि मोतियाबिंद के लिए 32 लोगों को चिंहित किया गया। इसके अलावा 415 लोगों ने नाक कान गला के लिए निःशुल्क जांच करवाकर दवाइयां लीं। इस दौरान बनवारी टॉक, पंचायत समिति सदस्य वेद प्रकाश बाकोलिया, दीपक शर्मा, सुरेश शर्मा, ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन पण्डित सुरेश शर्मा ने किया तथा भूपसिंह यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लविशा भारतीय वॉलीबाल टीम प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** सेंट ग्रिगोरियस सी. से. स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा लविशा डाँगी का बालिका वर्ग के अन्डर-16 में भारतीय वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है।

उदयपुर से इस शिविर के लिए चयनित होने वाली लविशा एकमात्र छात्रा है। समस्त देश से मात्र 20 खिलाड़ियों का चयन लविशा एवं विद्यालय ही नही अपितु शहर के लिए भी गर्व का विषय है।

वॉलीबॉल कोर्ट में सेंटर अटेकर की पोजीशन पर अपने खेल को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने वाली लविशा प्रतिदिन आठ घंटे की कड़ी मेहनत करती है। पिछले दो सालों से लविशा ने लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में अनेक पदक प्राप्त किए हैं। प्रबंधक फादर वर्गीस थॉमस,विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्रधानाचार्या शुभा जोस, उप प्रधानाचार्य अनिल गोस्वामी,विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुरेश चन्द्र भट्ट (लविशा के कोच) एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों ने लविशा की इस अविस्मरणीय और विशिष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी है।

# राजसमंद कलेक्ट्री में बम होने का आया मेल ,पुलिस एवं प्रशासन ने खाली करवाई सभी परिसर, अचानक हुए आदेशों से मची अफरा तफरी,

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** कलेक्ट्री परिसर को बम से उड़ने की धमकी भरा मेल आने से हड़का मच गया। जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने तत्काल इसकी सूचना राजसमंद एसपी और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों को दी और पूरे कलेक्ट्री परिसर, एसपी कार्यालय, एसडीएम कार्यालय रसद विभाग सहित सभी भवनों को खाली करवाया गया। मीडिया से बातचीत में राजसमंद कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने बताया कि ऑफिशल मेल पर अज्ञात एड्रेस से एक मेल आया जिसमें दोपहर 3.35 पर कलेक्टर परिसर को बम से उड़ने की धमकी दी गई थी। इसके बाद प्रशासन ने इतिहातन पूरे भवनो को खाली करवा कर जांच शुरू की। वही इस मामले पर एसपी मनीष त्रिपाठी ने कहा की जानकारी में आया है कि कुछ और जिलों में भी इस तरह के मेल आए हैं। राजसमंद भी इसमें शामिल है। इस संबंध में प्रशासन कोई भी लापरवाही नहीं बरतना चाहता। साथ ही ऐसे मामलों से प्रशासन की सतर्कता की जांच भी हो पाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है जिसके चलते तमाम पड़ताल के बाद आईपी एड्रेस से आरोपी का पता लगाकर मामला भी दर्ज किया जाएगा और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।राजसमंद पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के अनुसार आज कलेक्ट्रेट के ऑफिशियल इमेल पर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी भरा इमेल मिला। उसके बाद पुलिस प्रशासन सतर्क हुआ, कलेक्ट्रेट परिसर को खाली कराया गया और पुलिस जाप्ता मौके पर बुलाया व सर्च ऑपरेशन शुरू किया। साथ ही सिविल डिफेंस की टीम, नगर परिषद की फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस सभी को मौके पर बुलाया गया।

इसके अलावा मौके पर डॉग स्क्वॉड टीम को बुलाया गया। कलेक्ट्रेट के तीन मंजिला इमारत में तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कि मेल कहा से आया। पुलिस उपकरणों की सहायता से भी कलेक्ट्रेट परिसर में सर्च ऑपरेशन चला रही है।

## श्रीमती मंजू टेलर एवं महावीर कुमार टेलर की शादी की 40वीं सालगिरह पर हुआ 120 यूनिट रक्त एकत्र...



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** सांगानेर सीतापुरा स्थित एमके टेलरिंग हाउस (रामाज कुर्ती)में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एमके टेलरिंग के मोहित टेलर नें बताया कि माताजी-पिताजी की शादी की 40वीं सालगिरह पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर भगवान महावीर केंसर हॉस्पिटल, महात्मा गांधी अस्पताल एवं स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सहयोग से युवाओं ने जोश एवं उत्साह से भाग लेकर 120 यूनिट रक्त एकत्रित किया। ये रक्तदान शिविर पिछले 16 साल से लगा रहे हे।

**हरियाली करेंगे विकसित :** मोहित टेलर ने बताया कि गर्मी के दिनों में रक्त की बहुत ज्यादा कमी रहती है ऐसे में सभी परिवार एवं मित्रजनों ने सहमति से यह निर्णय लिया कि शादी की सालगिरह के ऊपर हमेशा रक्तदान शिविर का आयोजन करना चाहिए। इसी से प्रेरित होकर हर वर्ष रक्तदान शिविर के कैंप आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर महावीर



टेलर ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए हरियाली के लिए भी 101 वृक्षों का रोपण कर उनकी सांख-संभाल की जिम्मेदारी भी ली गई। इस कार्यक्रम में नामदेव समाज, सीतापुरा गारमेंट एक्सपोर्टर ,जयपुर कुर्ती मैन्युफैक्कर ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,जयपुर कुर्ती मैन्युफैक्करर एसोसिएशन,रोटरी क्लब,बीजेपी श्योपुर मण्डल,मित्रगण,पार्षदगण ,फ़ैक्ट्री स्टाफ आदि सम्मिलित हुए ।

# 16 वर्ष पहले रामनिवास बाग में लगी मानसिंह की प्रतिमा से तलवार चोरी होने का अब तक नही लगा पता

- चौराहे और गार्डन चोरों के निशाने पर, बीस वर्ष में किसी बड़ी चोरी का नहीं लगा सुराग
- रामबाग सर्किल से तीन बार मूर्तियां चोरी, हर बार पुलिस खाली हाथ

### सुरक्षा पर हर महीने लाखों रुपए खर्च, फिर भी नही थम रही चोरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( रोहित सैनी )।** शहर के पर्यटन स्थलों पर आकर्षण के लिए लगवाए गए स्टेच्यू से आए दिन चोरी होने के मामले सामने आ रहे हैं। लेकिन इनकी देखभाल के लिए जिम्मेदार घटना से अनजान बन रहे हैं। ऐसे मामलों में पुलिस भी चोरी का मामला दर्ज कर, उस पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति ही कर रही है। ऐसे मामलों की पड़ताल की तो सामने आया कि इस तरह के हर बड़े मामलों में पुलिस अब तक खाली हाथ ही है।

16 वर्ष पहले रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल के सामने मानसिंह द्वितीय की प्रतिमा स्थापित की गई थी। स्थापना के कुछ बाद ही मानसिंह की प्रतिमा पर लगी तलवार चोरी हो गई। जिसकी लालकोठी थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई गई थी। लेकिन अभी तक चोरों का कोई सूराग नही लगा। गत 23 अक्टूबर को रामबाग सर्किल पर लगी अष्टधातु की 6 मूर्तियां चोरी हुई थी। इसका ज्योति नगर थाने में मामला दर्ज किया गया था। इससे पहले भी यहां मूर्ति चोरी हो चुकी है।



**सुरक्षा पर लाखों रुपए खर्च, फिर भी हो रही चोरी :** जयपुर विकास प्राधिकरण जेडिए (जेडीए) ने शहर में लगवाए स्टेच्यू की सुरक्षा के लिए निजी गार्ड लगवाए हुए हैं। हर महीने सर्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा पर करीब 20 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन फिर भी चोर वारदात को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं।

**सार्वजनिक संपत्ति खराब करने पर कार्रवाई, चोरी पर कुछ नहीं :** शहर के थानों में केवल सार्वजनिक संपत्तियां खराब करने के मामलों में पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। लेकिन बीते बीस वर्षों में सार्वजनिक संपत्ति चोरी होने के प्रकरणों में पुलिस कोई कार्रवाई नही कर सकी। अभी तक एक भी वारदात का खुलासा नही हुआ। वहीं कुछ घटनाओं की रिपोर्ट ही दर्ज नही करवाई गई।

**साल दर साल चोरियों की गुत्थी, अब तक अनसुलझी**

- वर्ष 2003 : अल्बर्ट हॉल से चोरी हुआ शाही गलीचा
- 2006 : एमडी रोड से लोहे की बेरी चारी
- 2007 : मानसिंह द्धतीय की प्रतिमा से तलवार चोरी
- 2012 : रामबाग सर्किल से मूर्ति चोरी
- 2014 : रामबाग सर्किल से मूर्ति चोरी
- 2022 :रामबाग सर्किल से मूर्ति चोरी
- 2024 : सिटी पार्क में लगी प्रतिमा से छतरी चोरी

#### सुरक्षा पर कहां कितना खर्च

- रामनिवास बाग :30 सुरक्षा गार्ड हैं, सुरक्षा पर प्रतिमाह 3 लाख रुपए खर्च
- रामबाग सर्किल : 2 सुरक्षा गार्ड, सालाना 5 लाख रुपए खर्च
- सिटी पार्क, मानसरोवर: 50 सुरक्षा गार्ड, हर महीने सुरक्षा पर 7 लाख रुपए खर्च
- सेंट्रल पार्क : 20 सुरक्षा गार्ड, हर महीने 2 लाख रुपए खर्च

#### इनका कहना-

सार्वजनिक संपत्तियां चोरी होने के मामलों में आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।

**कुवंर राष्ट्रदीप, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम, जयपुर**

### एम.डी. चोपदार बोले चेतन चौहान कर रहे अल्पसंख्यक विरोधी कार्य, सरकार से मानसिक जांच की मांग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर( का.स. )।** राजस्थान मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष एम.डी. चोपदार ने सोमवार को जयपुर स्थित बोर्ड कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने बोर्ड के सचिव चेतन चौहान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें जान का खतरा है और सचिव अल्पसंख्यक विरोधी मानसिकता से प्रेरित होकर फैसले ले रहे हैं। चोपदार ने बताया कि सचिव चौहान ने बोर्ड कार्यालय में वर्षों से स्थापित नमाज कक्ष को जानबूझकर हटाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मदरसा शिक्षा सहयोगियों को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। कई महिला कर्मचारियों पर देर रात तक कार्यालय में रुकने का दबाव बनाया जा रहा है। बोर्ड के समस्त कर्मचारियों ने एक संयुक्त ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शासन सचिव एवं अध्यक्ष को सचिव की कार्यशैली के खिलाफ शिकायत सौंपी। लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि इन शिकायतों की जांच की जिम्मेदारी खुद आरोपी सचिव को ही सौंप दी गई। चोपदार ने कहा यह पारदर्शिता और निष्पक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है।चोपदार ने अपने निजी सहायक की जगह काम कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटर गोविन्द भारद्वाज के साथ हुए अन्याय का जिक्र करते हुए कहा कि सचिव ने उन्हें बिना कारण हटा दिया। जबकि जयपुर उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि उन्हें कार्य पर वापस लिया जाए और मानदेय भी दिया जाए। बावजूद इसके, चौहान ने न केवल आदेश की अनदेखी की, बल्कि उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवा दी।चोपदार ने आरोप लगाया कि सचिव चेतन चौहान द्वारा मदरसों के रजिस्ट्रेशन, अपग्रेडेशन और आधुनिकीकरण से जुड़ी योजनाओं को जानबूझकर रोका जा रहा है, जिससे प्रदेश की अल्पसंख्यक शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अंत में अध्यक्ष ने राज्य सरकार से मांग की कि सचिव की मानसिक स्थिति की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, बोर्ड में पारदर्शिता बहाल की जाए और कार्यस्थल की गरिमा एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अब देखना होगा कि राज्य सरकार इस पूरे मामले में क्या रुख अपनाती है।

### अवैध खनन और निर्माण सामग्री की रोकथाम के लिये खान विभाग की बड़ी कार्यवाही

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी ) ।** कोटपूतली-हरियाणा रोड़ पर निकटवर्ती ग्राम पनियाला में अवैध खनन और निर्माण सामग्री की रोकथाम के लिये खान एवं भू-विज्ञान विभाग की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्यवाही की है। जहाँ एक ट्रेलर को खनिज आयरन अवैध निर्माण कार्य के लिये ले जाते समय पकड़ा गया।

### पीआरएन-साउथ में सैट बैक में किये गये अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-पीआरएन-साउथ में गणपति एनक्लेव के भूखण्ड संख्या 39 में सेटबैक कवर कर किये गये अवैध नव निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। सुमेर नगर एफ ब्लॉक में रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को जोन-पीआरएन-साउथ के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गणपति एनक्लेव के भूखण्ड संख्या 39 में सेटबैक कवर कर अवैध नव निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-पीआरएन-साउथ के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। जेडीए द्वारा जोन-पीआरएन-साउथ के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सुमेर नगर एफ ब्लॉक में रोड़ सीमा पर कब्जा-अतिक्रमण कर 50 फीट लम्बाई में 02 फीट चौडाई में दीवार का अवैध निर्माण कर रास्ता अवरूद्ध किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-पीआरएन-साउथ के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-पीआरएन-साउथ तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DOULATPURA P. S. PIPRALI (SIKAR)

No:Epro./43 — Date: 19.05.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat Doulatpura for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 02.06.2025 time 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in)** of the state.

NIB PIV2526A0045
UBN: PIV2526GLRC00046

**Sarpanch, G. P. Doulatpura** — **Village Development Officer, G. P. Doulatpura**

## OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DOULATPURA P. S. PIPRALI (SIKAR)

No:Epro./18 — Date: 19.05.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat Palasara for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 02.06.2025 time 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in)** of the state.

NIB PIV2526A0043
UBN: PIV2526GLRC00044

**Sarpanch, G. P. Doulatpura** — **Village Development Officer, G. P. Doulatpura**

## OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DOULATPURA P. S. PIPRALI (SIKAR)

No:Epro./19 — Date: 19.05.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat Jurathar for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 02.06.2025 time 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in)** of the state.

NIB PIV2526A0044
UBN: PIV2526GLRC00045

**Sarpanch, G. P. Doulatpura** — **Village Development Officer, G. P. Doulatpura**

## कार्यालय नगरपालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)

क्रमांक न.पा.मा./ भूमि/2025-26/536 — दिनांक - 15/05/2025

**भव्य ई-नीलामी सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका मालपुरा द्वारा शास्त्री नगर विस्तार योजना आवासीय कॉलोनी के आवासीय भूखण्ड नीचे दर्शित भूखण्ड संख्या व साईज अनुसार 99 वर्षीय लीज होल्ड आधार पर दिनांक 26.05.2025 से 27.05.2025 तक ई-नीलामी के माध्यम से विक्रय किये जायेंगे। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित भागीदारी शुल्क एवं अमानता राशि ऑनलाईन (प्रति भूखण्ड) https://sso.rajasthan/gov.in/signin पर जाकर स्वयं की SSO ID से ऑनलाईन जमा कराकर नीलामी में भाग ले सकते है। नकद राशि स्वीकार्य नही होगी।

| क.स. | भूखण्ड संख्या | साईज प्रतिभूखण्ड | क्षेत्रफल वर्गगज प्रति भूखण्ड | किस्म / प्रकार प्रति भूखण्ड | अमानता राशि (प्रति भूखण्ड) ऑनलाईन | न्यूनतम बोली राशि प्रति भूखण्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21, 51, 133 | 25'×50' | 138.88 | आवासीय | 50000 रूपये | 3500 रूपये प्रतिवर्गगज |
| 2 | 97, 98, 100 | 30'×64' | 213.33 | आवासीय | 50000 रूपये | 3500 रूपये प्रतिवर्गगज |
| 3 | 147, 165 | 20'×50' | 111.11 | आवासीय | 50000 रूपये | 3500 रूपये प्रतिवर्गगज |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नीलामी भागीदारी शुल्क (प्रति भूखण्ड) | 1000 रूपये |
| 2. | ऑनलाईन भागीदारी शुल्क एवं अमानता राशि जमा कराने की दिनांक | दिनांक 22.05.2025 को प्रात: 06.00 बजे से दिनांक 24.05.2025 को सांय 06.00 बजे तक। |
| 3. | ई-नीलामी बोली प्रारम्भ करने की दिनांक एवं समय | दिनांक 26.05.2025 को प्रात: 06.00 बजे से |
| 4. | ई-नीलामी बोली समाप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 27.05.2025 को सांय 06.00 बजे तक। |

नोट - नीलामी की सभी शर्ते जानने / पढने व नीलामी में भाग लेने के लिए बोलीदाता वेबसाईट LSG E-AUCTION PORTAL (http:/lsgeauction.rajasthan.gov.in/portal/auction/listindex) पर जाकर ऑक्शन पर क्लिक करके स्वंय की SSO ID से ई-नीलामी में भाग ले सकते है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या, नीलामी शर्तों एवं ई-नीलामी सम्बन्धी जानकारी मोबाईल नं. 9799123311 व 8233147086, 8233878463 पर सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका मालपुरा ( टोंक )**

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, वृत कोटपुतली

क्रमांक / एफ/निविदा/2025-26/451-53 — दिनांक : 12.05.2025

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, वृत कोटपुतली के अन्तर्गत विभाग में पंजीकृत एंव राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत एंव अनुभवी संवेदको से निविदा सूचना संख्या 13 से 15 / 2025-26 में वर्णित कार्यों हेतु लिफाफा पद्धति के आधार पर मोहरबन्द निविदाएं आंमत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा डाउनलोड/अपलोड / निविदा शुल्क / धरोहर राशि जमा कराने कि तिथियां एंव निविदा की शर्ते इत्यादि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट sppp.rajathan.gov.in पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए है। जिस पर देखा जा सकता है। सभी विवरण इस कार्यालय में भी देखे जा सकते है। निविदा आमंत्रण सूचना (NIB) एंव निविदा प्रपत्र (Bid Document) sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर दिए गए है

| NIT No. | UBN No. |
|---|---|
| 13/2025-26 | PHE2526WSOB02222 |
| 14/2025-26 | PHE2526WSOB02224 |
| 15/2025-26 | PHE2526WSOB02225 |

DIPR/C/6372/2025

**अधीक्षण अभियंता**
**जन स्वा. अभि. विभाग**
**वृत कोटपुतली**

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू

क्रमांक न.पा.चा. / विकास / 2025 / 1092 — दिनांक: 16.05.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 08/2025-26**

नगर पालिका चाकसू की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका चाकसू में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं अन्य विभागो के संबंधित "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन बोली आमंत्रित की जाती है, बोली फार्म एवं ई-बोली से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| S. No | UBN No. | S. No | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB04969 | 12 | DLB2526WSOB04984 |
| 2 | DLB2526WSOB04971 | 13 | DLB2526WSOB04985 |
| 3 | DLB2526WSOB04972 | 14 | DLB2526WSOB04986 |
| 4 | DLB2526WSOB04973 | 15 | DLB2526WSOB04987 |
| 5 | DLB2526WSOB04974 | 16 | DLB2526WSOB04989 |
| 6 | DLB2526WSOB04976 | 17 | DLB2526WSOB04990 |
| 7 | DLB2526WSOB04977 | 18 | DLB2526WSOB04991 |
| 8 | DLB2526WSOB04978 | 19 | DLB2526WSOB04992 |
| 9 | DLB2526WSOB04980 | 20 | DLB2526WSOB04993 |
| 10 | DLB2526WSOB04981 | 21 | DLB2526WSOB04994 |
| 11 | DLB2526WSOB04982 | | |

राज.संवाद / सी / 25 / 2622

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका चाकसू**

## सम्पादकीय

# 'अगर ठेस पहुंची हो' नहीं चलेगा अब, सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री से कहा- ये क्षमा योग्य नहीं

राजनेताओं में यह प्रवृत्ति पिछले कुछ समय से काफी तेजी से पनपी है कि वे सार्वजनिक मंचों से अशोभन, अमर्यादित और भड़काऊ बयान देना अपनी शान समझते हैं। अगर उन पर आपत्ति दर्ज कराई जाती है, तो अक्सर वे उस पर टालमटोल का रुख अख्तियार करते हैं। ज्यादा दबाव बनता है, तो यह कहते हुए वे क्षमा मांग लेते हैं कि अगर उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची है, तो वे अपनी बात वापस लेते हैं।

मगर सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती के बाद शायद राजनेताओं को कुछ सबक मिले। मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में जैसी भद्दी टिप्पणी की, उसे लेकर स्वाभाविक ही लोगों में रोष पैदा हुआ। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने उस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने उस पर भी टालमटोल का रवैया अख्तियार किया, जैसा कि रसूखदार लोगों के मामले में वह अक्सर करती है। तब उच्च न्यायालय ने दुबारा सख्त प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। फिर, मंत्री महोदय ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष क्षमा याचना की। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट कर दिया कि आपका कृत्य क्षमा योग्य नहीं है। इस मामले की जांच के लिए बाहरी राज्य के तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का एक विशेष कार्यबल गठित करने का आदेश दिया, जिसमें एक महिला अधिकारी भी होगी। न्यायालय इस जांच पर नजदीक से नजर रखेगा। सर्वोच्च न्यायालय के इस रुख से जाहिर है कि मंत्री के खिलाफ कड़ा फैसला आ सकता है। किसी निष्ठावान सैन्य अधिकारी का संबंध आतंकवादियों से जोड़ना न केवल उसका अपमान करना, बल्कि पूरी सेना का मनोबल गिराने का प्रयास कहा जा सकता है। इस पर स्वाभाविक ही पूरे देश में रोष जाहिर हुआ, मगर विचित्र है कि विजय शाह के बयान के बचाव में भी कुछ लोग उतर आए। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इस पर अभी तक खामोश है।

इससे विपक्षी दलों को बैठे-बिठाए निशाना साधने का मौका मिल गया है। अब तो राजग के कुछ सहयोगी भी इस मामले की कड़ी निंदा करने लगे हैं। कुछ मामले व्यक्तिगत नहीं होते, कि जिन पर पार्टी चुप्पी साध सके। अनेक मामलों में देखा जाता रहा है कि जब भी कोई बड़ा नेता इस तरह अपने किसी बयान के कारण विवादों में घिरता है, तो पार्टी उससे अपने को अलग कर लेती है। मगर विजय शाह के मामले में ऐसा नहीं किया जा सकता। वे एक राज्य सरकार में जिम्मेदार मंत्री पद का निर्वाह कर रहे हैं।

अगर विजय शाह के खिलाफ अदालत कोई कड़ा कदम उठाती है, तो इससे पार्टी की किरकिरी और बढ़ेगी ही। इस तरह के बयान देने वाले नेताओं को संरक्षण देकर आखिरकार पार्टियों की साख पर ही धब्बा लगता है। अपने नेताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाना पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का दायित्व होता है। फिर, सवाल मध्यप्रदेश सरकार पर भी उठे ही हैं कि आखिर मुख्यमंत्री किन दबावों में एक विवादित नेता को मंत्री पद पर बरकरार रखे हुए हैं। किसी भी राजनीतिक दल के लिए यह अच्छी बात नहीं मानी जाती कि उसके किसी नेता को अनुशासित करने के लिए अदालत को कदम उठाने पड़ें। इतना कुछ हो जाने के बाद विजय शाह को खुद भी शायद इस बात का अहसास नहीं हो पाया है कि उन्होंने गैरजिम्मेदाराना बयान देकर अपने और पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 21 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फ्रांस के प्रिंस लुइस ने 1216 में इंग्लैंड में प्रवेश किया।
- न्यूजीलैंड 1840 में ब्रिटिश कॉलनी का हिस्सा बना।
- यूएस नेशन लॉन टेनिस एसोसिएशन की स्थापना 1881 में हुई।
- पहली हॉरर फिल्म शिकागो में 1908 को मनाया गया।
- शिकागो विश्वविद्यालय के छात्रों रिचर्ड लोब और नातान लियोपोल्ड ने 1924 में एक 14 वर्षीय बॉबी फ्रैंक्स की हत्या कर दी।
- एसएसआर ने 1970 में न्यूक्लियर टेस्ट किया।
- पियरे मोरो 1981 में फ्रांस के प्रधानमंत्री की नियुक्त हुई।
- दक्षिणी यमन द्वारा 1994 में उत्तरी यमन से अलग होने की घोषणा की।
- प्रसिद्ध शीतल पेय कम्पनी पेप्सी ने 1996 में विश्व में पहली बार अंतरिक्ष में विज्ञापन फ़िल्म बनाने की घोषणा की।
- 32 वर्षों तक लगातार इंडोनेशिया पर शासन करने वाले राष्ट्रपति सुहार्तो का 1998 में त्यागपत्र।
- बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एच.एम.इरशाद को 2002 में 6 महीने कारावास की सज़ा दी।
- विश्व के 190 से भी अधिक देशों ने तम्बाकू के खिलाफ़ अंतर्राष्ट्रीय संधि को 2003 में जिनेवा में मंज़ूरी दी।
- 21 मई 2006 में को श्रीनगर में कांग्रेस की रैली पर हमला।
- दार्जिलिंग में अखिल भारतीय गोरखा लीग के अध्यक्ष मदन तमांग की 2010 में हत्या कर दी गई।

### 21 मई को जन्मे व्यक्ति

- अमेरिकी न्यायाधीश जेम्स लोपेज वाटसन का जन्म 1922 में हुआ।
- ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री मैल्कम फ्रेजर का जन्म 1930 में हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध व्यंग्य रचनाकार शरद जोशी का जन्म 1931 में हुआ।
- भारतीय अभिनेता मोहनलाल विश्वनाथ नायर का जन्म 1960 में हुआ था।
- मशहूर निर्देशक, स्क्रिप्ट लेखक आदित्य चोपड़ा का जन्म 1971 में हुआ था।

### 21 मई को हुए निधन

- गामा पहलवान का निधन 1960 में हुआ और शायद ही कोई ऐसा भारतीय खेल-प्रेमी हो, जिसने 'रुस्तम-ए-ज़मां' पहलवान का नाम न सुना हो।
- भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के पुत्र, और भारत के नौवें प्रधान मंत्री राजीव गांधी का निधन 1991 में हुआ बने।

## विशेष आलेख

# भीतर के दुश्मनों के खिलाफ सख्ती-चौंकसी बढ़ानी होगी

**पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा समेत छह लोगों की खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गयी गिरफ्तारी भारत की सतर्कता एवं सावधानी को तो दर्शाती ही है, इससे यह भी स्पष्ट होता है कि इस चुनौती भरे समय में भीतर के दुश्मनों की शिनाख्त एवं उनकी धडपकड़ कितनी जरूरी है। 'ट्रैवल विद जो' नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाने वाली ज्योति पर आरोप है कि वह पाक के कई उच्च अधिकारियों के संपर्क में थी और भारत से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाक तक पहुंचाती थी। पता यह भी चला है कि पाक यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात पाक उच्चायोग के एक कर्मचारी दानिश से हुई, जिसके माध्यम से उसकी पहचान आइएसआइ के एजेंटों से हुई।**



ललित गर्ग

पाकिस्तान भारत के अनेक लालची, शानोशौकत के आकांक्षी, देशद्रोही एवं देश के दुश्मन लोगों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ प्रचार और जासूसी गतिविधियों के लिए कर रहा था। ऐसे ही कुछ देश विरोधी तत्वों का पर्दाफाश होना चौंकाता भी है एवं चिन्ता में भी डालता है। ऐसे ही तत्वों में एक नाम है ज्योति मल्होत्रा, उस पर आरोप है कि वह न केवल सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की सकारात्मक छवि पेश कर रही थी, बल्कि उसने पाक खुफिया एजेंसी के एजेंटों से भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भी साझा कर रही थीं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी गोपनीय जानकारियां भी थीं। वह एक खुफिया एजेंट के रूप में सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क का हिस्सा थी। देश की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत की मिट्टी पर छिपे गद्दार कितनी भी चालाकी से छिप जाएं, वे कानून की नजरों से नहीं बच सकते। उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके। 'ऑपरेशन 'सिंदूर' ने न सिर्फ सरहद पार बैठे दुश्मनों की नींद हराम कर दी है, बल्कि देश के भीतर बैठे गुप्त गद्दारों की भी कमर तोड़ दी है। हाल ही में लगातार ऐसे अनेक राष्ट्र-विरोधी जासूसों की गिरफ्तारी ने जता दिया कि भारत हर मोर्चे पर देश की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। ये गिरफ्तारियां अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण एवं यह भी पाक की एक करारी हार ही है।

ज्योति इन एजेंटों के साथ व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचौट के जरिये संपर्क में थी। कहते हैं कि उसने एक पाक खुफिया अधिकारी के साथ गहरे संबंध बनाये और उसके साथ बाली भी गयी थी। ज्योति एवं उसके सहयोगी बेखौफ भारत की अति-संवेदनशील एवं गोपनीय सूचनाओं को पाक से साझा करते हुए देश को नुकसान पहुंचा रहे थे। ये सभी आम नागरिकों की तरह जिंदगी जी रहे थे, लेकिन इनके इरादे राष्ट्रविरोधी थे। देश की कीमत पर सारे राष्ट्र-मूल्यों एवं निष्ठाओं को ताक पर रखकर धनार्जन की लालसा और मौज-मस्ती का लक्ष्य घिनौना एवं अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र को इन विस्फोटक विसंगतियों से बचाना होगा। भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा सकते हैं? देश के भीतर के ये दुश्मन बाहरी दुश्मनों से ज्यादा घातक एवं नुकसानदेय हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के इन लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। लेकिन इनकी गहन जांच से और भी गंभीर खुलासे होने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। इन लोगों के तार भीतर कहां-कहां जुड़े है, इसका पर्दाफाश होना ज्यादा जरूरी है। ये तत्व देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव एवं आम-जनजीवन को भी खतरे में डाल सकते हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया। इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। एक से अधिक बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति पर खुफिया अधिकारियों की नजर तो थी ही, ज्योति के कई वीडियोज ने भी खुफिया एजेंसियों का ध्यान खींचा, चाहे वह नयी दिल्ली स्थित पाक दूतावास में इफ्तार की दावत का वीडियो हो, पिछले साल हुए विश्व कप में भारत-पाक मैच में दर्शकों की प्रतिक्रिया वाला वीडियो हो या कश्मीर घूमने आये लोगों पर बनाये गये वीडियो हों। विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, ज्योति को दुबई के एक कथित हैंडलर के माध्यम से भुगतान किया जाता था। यह खुलासा केवल ज्योति तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि इसके जरिये एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है उस पर पाक के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप हैं। यूपी के रहने वाले शहजाद और नौमान इलाही पर भी इसी तरह के आरोप हैं।

### आतंक के विरुद्ध अडिग संकल्प : राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस

# एक खून से लिखी गई तारीख जो शांति की इबारत बनी



प्रो. आरके जैन

**21 मई का दिन भारत के इतिहास में एक ऐसी तारीख है, जो दुख की स्याही से लिखी गई, मगर शांति, एकता और आतंकवाद के खिलाफ अडिग संकल्प की ज्योति जलाती है। 1991 में तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में हुए एक क्रूर आत्मघाती हमले ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जैसे दूरदर्शी नेता को हमसे छीन लिया। इस हृदयविदारक त्रासदी ने न केवल एक परिवार को तोड़ा, बल्कि आतंकवाद की विनाशकारी शक्ति को उजागर कर राष्ट्र की प्रगति और शांति को चुनौती दी। इस दुखद स्मृति को जीवित रखने और आतंकवाद के वीभत्स चेहरे से समाज को आगाह करने के लिए भारत सरकार ने इस दिन को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया। यह दिन हमें अतीत के ज़ख्मों को सहलाने का मौका देता है, साथ ही एकजुट होकर वैचारिक और सामाजिक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है।**

आतंकवाद एक ऐसी वैश्विक बीमारी है, जो न तो सीमाओं को मानती है, न ही धर्म, जाति या संस्कृति को। यह केवल भय, हिंसा और अस्थिरता का जाल बुनता है, जो समाज की नींव को कमजोर करता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण और लोकतांत्रिक देश के लिए आतंकवाद एक ऐसी चुनौती रहा है, जिसने बार-बार इसकी एकता और अखंडता को परखा है। पंजाब में खालिस्तानी उग्रवाद, जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी गतिविधियाँ, उत्तर-पूर्वी राज्यों में विद्रोही आंदोलन और नक्सलवाद के रूप में आतंकवाद ने विभिन्न रूपों में देश को आघात पहुँचाया है। ये सभी गतिविधियाँ न केवल निर्दोष लोगों की जान लेती हैं, बल्कि सामाजिक समरसता, आर्थिक प्रगति और राष्ट्रीय एकता को भी चोट पहुँचाती हैं। आतंकवाद का यह विषैला प्रभाव समाज में अविश्वास और भय का माहौल पैदा करता है, जिससे देश का विकास अवरुद्ध होता है।

राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस हमें अतीत की त्रासदियों से सबक लेकर भविष्य को सुरक्षित बनाने की प्रेरणा देता है। यह दिन सिखाता है कि आतंकवाद के खिलाफ जंग केवल सुरक्षा बलों की नहीं, बल्कि हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। स्कूलों, कॉलेजों, कार्यालयों और सामाजिक संगठनों में आयोजित शपथ समारोह, जागरूकता अभियान, सेमिनार और रैलियाँ हमें हिंसा का विरोध करने, सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संकल्प दिलाती हैं। यह शपथ महज औपचारिकता नहीं, बल्कि एक गहरी नैतिक प्रतिबद्धता है, जो हमें विचारों, संवाद और एकजुटता के साथ आतंकवाद का मुकाबला करने का आह्वान करती है। राजीव गांधी की हत्या एक ऐसी घटना थी, जिसने भारत के आधुनिकीकरण और प्रगति के स्वप्न को गहरा आघात पहुँचाया। वे एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार क्रांति के माध्यम से भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाने का सपना देखा था। लेकिन एक आत्मघाती हमले ने न केवल उनके जीवन को समाप्त किया, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आशाओं को भी झटका दिया। यह घटना हमें यह सिखाती है कि आतंकवाद केवल शारीरिक हिंसा नहीं, बल्कि एक ऐसी मानसिकता है, जो समाज को तोड़ने और प्रगति को रोकने का काम करती है। उनकी मृत्यु ने यह स्पष्ट किया कि आतंकवाद का दंश कितना गहरा और अमानवीय हो सकता है। डिजिटल युग में आतंकवाद ने नई चालें रची हैं, जहाँ सोशल मीडिया और इंटरनेट के ज़रिए कट्टरपंथी विचारधाराएँ और भ्रामक प्रचार पंख फैलाते हैं। आतंकवादी संगठन युवा मनों को भटकाने की साजिश रचते हैं, उन्हें हिंसा और नफरत की अंधेरी राह पर धकेलने की कोशिश करते हैं। राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस हमें जगा देता है कि हमारी युवा पीढ़ी को वैचारिक और नैतिक बल से लैस करना होगा। हमें उन्हें सहिष्णुता, संवाद और विविधता के सम्मान जैसे मूल्यों का पाठ पढ़ाना होगा। माता-पिता, शिक्षक और समुदाय के अगुवाओं का यह दायित्व है कि वे युवाओं को हिंसा और असहिष्णुता की ज़हरीली विचारधाराओं से बचाएँ।

## फुर्सत

बढ़ता राजस्थान

एक गाँव में एक संत कथा सुना रहे थे सभी गाँव के लोग उस कथामृत का पान कर पुण्य कमा रहे थे। संत जहां निवास करते थे वो गाँव के उस पार थी सो कथा करने आते तो भी और कथा के बाद भी एक दुकान पड़ती थी। उस पर हमेशा भीड़ रहा करती थी। संत पूछते कि ये किसकी दुकान है तो ग्रामीण बताते कि ये लाला की दुकान है यहां सारा सामान मिलता है इसलिए दिन भर भीड़ लगी रहती है। तो महाराज की को वो रोज आते जाते ही प्रणाम कर लेता था। महाराज जी रोज उससे कहते कभी कथा में आया करो, तो वह एक ही बात कहता कि फुर्सत ही नहीं है महाराज मरने की भी। रोज वो प्रणाम करता, रोज संत कहते कि आज आए थे कथा में तो वो सिर हिला देता नहीं महाराज फुर्सत ही नहीं मिली। सात दिन बीत गए आज कथा का आखिरी दिन यानि समापन था। लेकिन बंदे को फुर्सत नहीं मिली कथा सुनने की। महाराज जी को निकलना था शाम को ही अचानक खबर मिली कि अमुक दुकानदार गुजर गया। महाराज जी के मुँह से अरे राम राम निकल गया। कथा आयोजकों ने कहा कि महाराज जी आप आज मत जाओं लोग समझेंगे कि आपके श्राप के कारण ही लाला जी निकल लिए। तो महाराज की रूक गए वहीं जहां रूके हुए थे। इत्तफाक से लालाजी की शवयात्रा भी महाराज जी के कमरे के आगे से निकली। तो महाराज जी ने शव को जमीन पर रखने का आव्हान किया। शवयात्रा में कुछ लोगों ने कहा कि महाराज ऐसा होता नहीं है आप यहीं से इनके दर्शन कर लो, कुछ लोग यात्रा में बुद्धिजीवी थे उन्होंने कहा कि, हो सकता है महाराज जी बड़े पहुँचे हुए हैं कोई मंत्र विद्या से इसे जीवित कर दें ऐसा समझ कर शव को जमीन पर रख दिया। महाराज जी ने उसके कान में कुछ कहा,काफी देर तक जब कुछ हलचल नहीं हुई तो महाराज उठे और बोले अब ले जाओं इसे तो लोगों ने कहा कि महाराज जी चमत्कार तो हुआ ही नहीं आपने समय खराब ओर कर दिया। तो महाराज जी बोले मैं कोई चमत्कार नहीं कर रहा था मैं तो इसे कथा सुना रहा था। अब तो इसे फुर्सत ही फुर्सत है कथा सुनने के लिए......।



**किसी ने बहुत खूबसूरत कहा है**
**जिन्दगी जब तक रहेगी फुर्सत ना होगी काम से**
**कुछ समय ऐसा निकालों प्रेम कर लो श्री राम से...**
**लेकिन हम फुर्सत का इंतजार करते हैं.**

रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी
अलवर

## 2025_019

बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | | 7 | 3 | | 1 | |
| | | 4 | | | 8 | | 6 | |
| 8 | | | | 6 | | 2 | 9 | 7 |
| | 4 | | | | | | 3 | |
| | 6 | | | | 4 | | | 1 |
| 9 | | 5 | | | 6 | 8 | | 2 |
| 1 | | 3 | 6 | 4 | | 7 | | 9 |
| | | | | 8 | 1 | | | 3 |
| | | 2 | | 9 | | 1 | | |

**Ans_2025_018**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 5 | 2 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 |
| 1 | 2 | 6 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | 5 | 2 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 4 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 5 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 7 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

### वृष

अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

### मिथुन

सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

### कर्क

आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है।

### सिंह

दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

### कन्या

आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आपदुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

### तुला

दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

### वृश्चिक

स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

### धनु

छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। संचित कोष में वृद्धि होगी। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

### मकर

आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

### कुंभ

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

### मीन

आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# ईआरसी प्रोजेक्ट : राजस्थान के 16 जिलों में जल क्रांति की दस्तक, अब आपके इलाके तक पहुंचेगा पानी

## ईआरसीपी से 2.21 लाख हेक्टेयर में सिंचाई संभव, उद्योगों को भी मिलेगा लाभ, ईआरसीपी परियोजना की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** एकीकृत पीकेसी-ईआरसीपी (राम जल सेतु लिंक परियोजना) की समीक्षा बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अधिकारियों से कहा कि यह परियोजना राजस्थान के जल संकट को दूर करने वाली जीवनदायिनी योजना है। उन्होंने निर्देश दिए कि इससे जुड़े समस्त निर्माण कार्यों को तेज गति से और निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए, जिससे पेयजल, सिंचाई और औद्योगिक उपयोग के लिए जल की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बिरला ने कहा कि यह परियोजना न केवल हाड़ौती संभाग, बल्कि राज्य के 16 जिलों के लिए वरदान सिद्ध होगी। उन्होंने जानकारी दी कि कोटा बैराज की दायीं और बायीं मुख्य नहरों तथा माइनरों को पक्का करने के लिए 2300 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जिससे पानी अंतिम छोर तक पहुंच सकेगा। सांगोद, लाडपुरा, करवर और रामगंजमंडी जैसे वे क्षेत्र जो अब तक सिंचाई सुविधा से वंचित थे, उन्हें भी इस जगह दे।

### 16 जिलों को मिलेगा लाभ

बैठक में ईआरसीपी कॉर्पोरेशन के मुख्य अभियंता रवि सोलंकी ने बताया कि संशोधित पीकेसी लिंक योजना से जयपुर, कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, सवाई माधोपुर, टोंक, अजमेर, अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, दौसा सहित 16 जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। परियोजना के तहत कूल, पार्वती, कालीसिंध, मेज और बनास नदियों पर रामगढ़, महलपुर, नवनेरा, मेज और नीमोद राठौड़ बैराज का निर्माण प्रस्तावित है। इसके साथ ही ईसरदा और डंगरी में बांध तथा अजमेर और अलवर में कृत्रिम जलाशयों का निर्माण भी योजना का हिस्सा है। बीसलपुर बांध की जल क्षमता भी 0 .50 मीटर तक बढ़ाई जाएगी।

### नवनेरा बैराज कार्य पूर्ण

कोटा जिले में कालीसिंध नदी पर स्थित नवनेरा बैराज का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसकी जल संग्रहण क्षमता 196.22 एमसीएम है। इससे जुड़ी नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा लिंक परियोजना को तीन चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है।

### तीन चरणों में इस तरह हो रहा काम

**पैकेज-1 :** रामगढ़ व महलपुर बैराज और नवनेरा पंप हाउस
**पैकेज-2 :** मेज एनीकट तक फीडर और चंबल नदी पार करने हेतु एक्वाडक्ट
**पैकेज-3 :** मेज एनीकट पर इंटेक, पंप हाउस और फीडर तंत्र

### सिंचाई और उद्योगों को मिलेगा लाभ

परियोजना से 2.21 लाख हेक्टेयर नए सिंचित क्षेत्र का विकास और 1.52 लाख हेक्टेयर पुराने सिंचित क्षेत्र का पुनर्निर्माण किया जाएगा। उद्योगों के लिए भी जल उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।लोकसभा अध्यक्ष ने दिए विशेष निर्देश बिरला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चंबल की दोनों मुख्य नहरों एवं कमांड एरिया की ड्रेनों की मिट्टी की सफाई शीघ्र की जाए। डूब क्षेत्र में आने वाले गांवों को पारदर्शी और संवेदनशील प्रक्रिया के तहत समुचित मुआवजा दिया जाए।




# बोल सवाई माधोपुर : ग्रीष्मावकाश में विद्यार्थी सीखेंगे नि:शुल्क इंग्लिश स्पीकिंग

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त तत्वावधान में एक अभिनव पहल बोल सवाई माधोपुर के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन अवकाश में नि:शुल्क इंग्लिश स्पीकिंग स्किल डेवलपमेंट शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दिनांक 26 मई 2025 से प्रारंभ होगा तथा इसका मुख्य उद्देश्य राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों को अंग्रेजी संवाद कौशल में दक्ष बनाना है।

शिविर के सुचारू संचालन, कार्ययोजना निर्माण एवं पूर्व तैयारी हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कृष्णा शर्मा की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा कार्यालय, सवाई माधोपुर के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिविर की कार्य योजना, प्रशिक्षण सामग्री, मॉनिटरिंग व्यवस्था तथा प्रचार-प्रसार संबंधी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा ने बताया कि बोल सवाई माधोपुर कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों में अंग्रेज़ी भाषा के प्रति रुचि और आत्मविश्वास का विकास करना है, बल्कि उन्हें भविष्य की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं एवं करियर अवसरों के लिए सशक्त बनाना भी है।

एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को यह अवसर मिलेगा कि वे अंग्रेज़ी भाषा को केवल एक विषय न मानकर एक आवश्यक जीवन कौशल के रूप में आत्मसात करें। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

# परिषद के भोजन सरंक्षण अभियान में शामिल हुआ विप्र समाज

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** भारत विकास परिषद की ओर से भोजन सरंक्षण एवं सम्मान अभियान में क्षैत्र के ब्राह्मण समाज ने शामिल होकर झूठन नहीं छोड़ कर अन्न का सम्मान करने का संकल्प लिया।

परिषद प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि परिषद की ओर से अभियान के संयोजक शशिकांत पाठक के नेतृत्व में गठित दल के सदस्य विप्र समाज के पदाधिकारियो से मिलकर अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही समाज के पदाधिकारियो को अभियान की वर्तमान समय की आवश्यकता को बताकर अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग मांगा। जिस पर विप्र समाज के समाजबंधुओ ने परिषद को विश्वास दिलाया कि क्षैत्र का सम्पूर्ण विप्र समाज इसमें सहयोग करेगा। साथ ही विप्र समाज की ओर से अपने समाज के लोगो को इस बारे में प्रेरित कर प्रथम चरण में 11 सो समाजबंधुओं को घर परिवार, सामाजिक व धार्मिक आयोजनो में होने वाले भोजन में छूठन नहीं छोड़ने के संकल्प पत्र भरवाए जाएगें। साथ ही विप्र समाज के लोगो ने यह भी विश्वास दिलाया कि विप्र समाज में यह अभियान चरणबद्ध तरीके संचालित कर विप्र समाज के सभी लोगो को इसमें शामिल कर अन्न का सम्मान करवाया जाएगा। इस दौरान परिषद की ओर से जिला समन्वयक एडवोकेट राजकुमार जैन,अध्यक्ष ज्ञानचन्द जैन, सचिव रामजीलाल बैरवा, वित्त सचिव सुनील परतानी, महावीर प्रसाद जैन, सुभाष सोनी, अमित विजय, अशोक साहू, नन्दकिशोर लक्षकार विरेन्द्र शर्मा, रामचरसा विजय, ओमप्रकाश जैन,मदन तिवाड़ी, गणेश शर्मा, रामअवतार पारीक तथा विप्र समाज की ओर से नरेन्द्र शर्मा, पुरूषोतम शर्मा, दशरथ शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, लक्ष्मीकान्त शर्मा, शिवराज शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, रामावतार शर्मा सहित अन्य कई समाजबंधु मौजुद रहे।

परिषद की ओर अभियान में सहयोग करने के लिए सम्पूर्ण विप्र समाज को जागरूक करने के लिए मौजुद समाज बंधुओं का सम्मान किया गया।

वहीं विप्र समाज की ओर से भी वर्तमान समय की मांग व आवश्यकता को देखते हुए अभियान संचालित करने के लिए आभार प्रकट कर परिषद पदाधिकारियो का सम्मान किया। प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि परिषद आगे इसी तरह अन्य समाजबंधुओं से मिलकर अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग प्राप्त करेगा।

# शिविर का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** दूदू रोड स्थित ग्रामीण बालिका छात्रावास में जाट सेवा समिति मालपुरा के तत्वावधान में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय व श्री रामचन्द्र मिशन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर मिशन के ए.के. मिश्रा ने छात्राओं को मेडिटेशन के जरिए आंतरिक एवं समग्र स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावो के बारे में जानकारी दी। समिति मंत्री शिवजीराम चौधरी ने बताया कि इस दौरान छात्राओं को मेडिटेशन के जरिए हृदय से जुड़ना, हृदय की आवाज को सुनने के बारे में बताया गया। दक्ष प्रशिक्षक रामेश्वर चौधरी अन्य ने शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं से शिविर से प्राप्त ज्ञान को जीवन में ग्रहण करने का आव्हान किया। समिति अध्यक्ष मोतीलाल कारवाल सहित अन्य मौजुद सदस्यो व पदाधिकारियो ने सभी प्रशिक्षको का शिविर आयोजित करने के लिए आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। तीन दिवसीय शिविर में एक सो के लगभग छात्राओं ने भाग लिया।

# हर 8वें दिन नए दूल्हे से रचाती थी शादी, 7 महीनों में 25 शादियां

## भोपाल की दुल्हन का कारनामा देख पुलिस भी हैरान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर से रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां की मानटाउन थाना पुलिस ने मुकदमे में वांछित लुटेरी दुल्हन अनुराधा को गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि ये लुटेरी दुल्हन 7 महीनों में 25 शादियां कर चुकी है और हर बार शादी होने के कुछ दिन बाद ही वह फरार हो गई, लेकिन इसके खिलाफ सवाईमाधोपुर के मानटाउन थाने में सिर्फ एक मामला दर्ज हुआ है. पुलिस ने लुटेरी दुल्हन को बोगस ग्राहक बनकर पकड़ने में सफलता हासिल की है और उससे पूछताछ करने में जुटी हुई है।

**2 लाख रुपये लेकर करवाई गई शादी :** मानटाउन थाने के एएसआई मीठा लाल यादव ने बताया कि 3 मई को विष्णु पुत्र बनवारी लाल शर्मा निवासी आईएचएस कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी सुनीता निवासी खण्डवा मध्य प्रदेश व पप्पू मीना निवासी खेडला ने विष्णु को मन पसन्द की दुल्हन से विवाह करवाने के आश्वासन दिया था। इसके बाद उन्होंने उसे अनुराधा का फोटो दिखाकर उससे सम्पर्क कराया ।आरोपियों ने न्यायालय परिसर सवाई माधोपुर में इकरारनामा तैयार करवाकर 2 लाख रुपए की राशि प्राप्त कर 20 अप्रैल को विवाह करवा दिया। इसके बाद अनुराधा 2 मई की रात घर से जेवर, नगदी व मोबाइल लेकर फरार हो गई।

**जाल बिछाकर पकड़ा लुटेरी दुल्हन को :** विष्णु की रिपोर्ट दर्ज होने पर थानाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया. टीम के एएसआई मीठालाल यादव को अनुराधा के भोपाल होने की सूचना मिली, जिस पर एएसआई पुलिस टीम के साथ भोपाल पहुंचे और अनुराधा की तलाश शुरू की। एएसआई ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। एक कांस्टेबल के लिए दुल्हन को लेकर उससे संपर्क किया गया। एक दलाल ने महिलाओं की फोटो दिखाई, जिसमें आरोपी भी शामिल थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### 7 महीनों में लगभग 25 लोगों से रचाई शादी

अनुराधा ने विष्णु शर्मा के घर से फरार होने के बाद भोपाल में काला पीपल पन्ना खेडी के गब्बर से 2 लाख रूपए लेकर पुन: विवाह कर लिया था और उसके साथ रह रही थी। आरोपी 7 महीनों में लगभग 25 लोगों के साथ फर्जी विवाह कर धोखाधड़ी कर चुकी है यानी अगर एवरेज निकालें तो महिला हर 8वें दिन नई शादी रचा रही थी।

# मिशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता भाजपा निकालेगी आज तिरंगा शौर्य यात्रा

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर की ओर से मिशन सिंदूर की सफलता को लेकर तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन 21 मई को सांय 4.30 बजे जिला मुख्यालय सहित समस्त विधानसभा स्तर पर निकाली जाएगी। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि तिरंगा शौर्य यात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयोजन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला मुख्यालय पर निकलने वाली तिरंगा शौर्य यात्रा रेलवे स्टेशन के पास स्थित सिटी मॉल से प्रारंभ होगी और टोंक बस स्टेंड, मुख्य बाजार होते हुए शर्मा होटल चौराहे से गौरव पथ अम्बेडकर सर्किल पहुंचेगी, अंबेडकर सर्किल पर राष्ट्रगान कर यात्रा का समापन होगा । यात्रा की जानकारी देते हुए विधानसभा संयोजक और पूर्व जिला महामंत्री आचार्य लोकेंद्र शर्मा ने बताया कि यात्रा में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री और खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल, भरतपुर संभाग प्रभारी हेमराज मीणा, सहसंभाग प्रभारी सोमकांत शर्मा, जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर उपस्थित रहेंगे । आचार्य लोकेंद्र शर्मा ने बताया कि यात्रा में सर्वप्रथम भूतपूर्व सैनिक अपनी पूर्ण गणवेश में रहेंगे उसके पीछे लगभग 100 से अधिक एनसीसी कैडेट्स गणवेश में यात्रा में चलेंगे उसके बाद स्काउट गाइड अपनी पूर्व गणवेश में यात्रा में उपस्थित रहेंगे, यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठन, एनजीओ और आम नागरिक भाग लेंगे । तिरंगा शौर्य यात्रा के आयोजन को लेकर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें देश की सेना पर गर्व है मिशन सिंदूर की सफलता को लेकर हम सभी को देश के सम्मान में तिरंगा यात्रा में भाग लेना है, उन्होंने जिले के सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं और संगठनों से आहवान भी किया है कि सभी पूर्ण ऊर्जा के साथ तिरंगा यात्रा में भाग लें और देश को एक संदेश देने का काम करें । इस अवसर पर बैठक पूर्व जिलाध्यक्ष भरतलाल मथुरिया, सुरेश जैन, पूर्व यूआईटी अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक बलवीर सिंह राजावत, विधानसभा संयोजक आचार्य लोकेंद्र शर्मा, सहसंयोजक अशोकराज मीणा, जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व सभापति कमलेश जेलिया, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, मीरा सैनी, जिला मंत्री हरिप्रसाद गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, सहित कई सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हाथो में तिरंगा थाम तिरंगा यात्रा में शामिल हुए जलदाय मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी जिला भाजपा के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर आयोजित तिरंगा यात्रा में अपने क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षो सहित सैकड़ो भाजपाईयो के साथ हाथो में तिरंगा थाम तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जिला भाजपा के तत्वावधान में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर में दिखाए शोर्य, साहस तथा पराक्रम प्रदर्शन की जानकारी आम जन को देने व आपरेशन सिंदूर की अपाल सफलता के बारे में जानकारी देने के लिए तिरंगा यात्राऐं निकाली जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जिला भाजपा के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

इस यात्रा में प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी हाथो में तिरंगा थाम मालपुरा मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या, लाम्बाहरिसिंह मंडल अध्यक्ष सुनील सोनी, टोडा मंडल अध्यक्ष सुनील भारत, शंकरलाल जाट, लावा मंडल अध्यक्ष इन्द्रपाल, मनीष जैन सहित अन्य सैकड़ो भाजपाईयो के साथ भाग लिया।

# दिव्यांग सेवा संस्थान एवं जिला कारागृह का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव समीक्षा गौतम ने सखी वनस्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया । इस मौके पर उन्होंने सखी वनस्टॉप सेन्टर की केन्द्र प्रबंधक हिना सिंह से वनस्टॉप सेन्टर में पीड़िताओं की संख्या, पीड़िताओं को दी जाने वाली विधिक सहायता, चिकित्सकीय सुविधाओं, कुशल परामर्शदाता, पीड़िताओं को अस्थाई आश्रय की सुविधा, स्नानागार, पर्याप्त ओढ़ने-बिछाने की व्यवस्था, पीड़िताओं के दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता, भोजन-पेयजल की व्यवस्था, पीड़िताओं के साथ घटित घटना के संबंध में पुलिस के प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने की कार्यवाही आदि के संबंध में पूछताछ की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने केन्द्र प्रबंधक हिना सिंह को सखी सेन्टर पर आने वाली महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर योजना, पोश एक्ट आदि के संबंध में जानकारी प्रदान करने एवं पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को तत्काल सहायता उपलब्ध करवाने के संबंध में निर्देश प्रदान किए। साथ ही सचिव समीक्षा गौतम द्वारा यश दिव्यांग सेवा संस्थान का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित सुपरवाइजर विकास कुमार गुर्जर एवं विशेष शिक्षक बृजराज सिंह से विशेष रूप से सक्षम बालकों को दी जाने वाली भोजन, पेयजल आदि सुविधाओं के संबंध में पूछताछ की गई, साथ ही विशेष रूप से सक्षम बालकों के कौशल विकास के लिए संचालित गतिविधियों, अध्ययन क्लासेज, दिव्यांग बालकों के लिए बैसाखी, व्हीलचेयर, ट्राईसाईकिल की उपलब्धता, विशेष रूप से सक्षम बालकों को गर्मी से बचाने के लिए मौसमानुकूल इंतजामों आदि के संबंध मे जांच की गई।

# भीषण गर्मी और नही लगाए ठेकेदार ने ट्रांसफार्मर

## लोगो को मिल रही कम वोल्टेज में बिजली वही बिजली विभाग ने मुख्य बाजार में केबल खीची और कनेक्शन नही जोड़े

बढ़ता राजस्थान

**नटवाडा (नि.स.)।** शिवाड़ कस्बे में विधुत विभाग के अधिकारियों की ढिलाई के चलते कस्बे में सर्दियों में लगने वाले चार ट्रांसफार्मर आज तक ठेकेदार ने नही लगाए और केबल के लिए केवल आधे खम्बे खड़े कर इतिश्री कर ली वही इस कारण लोगो को इस भीषण गर्मी में लो वोल्टेज का सामना करना पड़ रहा है । इस मामले में ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत भी सामने आ रही है । जहां फरवरी मास में ही खम्बे डालकर कार्य शुरू हो गया था वो अंजाम तक अधिकारीयो की ढिलाई के कारण नही हुआ और ठेकेदार ने भी कार्य पूरा नही किया । महावर मोहल्ले, पठान मोहल्ले, जैन मंदिर के पास और कुशला कुआ के यहां नवीन डीपी का कार्य होना था मगर आज तक ट्रांसफार्मर भी रखे नही गए इस कारण लोगो को लो वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ रहा है । अधिकारियों ने ठेकेदार का बचाव करने के लिए मामले में गली निकाली और शिकायत न हो इसके लिए सीनियर स्कूल के सामने से लेकर वीडियो तक डाली केबल जो कि पुराने तारो को हटाकर केबल से कनेक्शन करने के लिए डाली गई थी उससे उन मोहल्लों की अस्थाई सप्लाई जोड़ दी ताकि कई जगह वोल्टेज बढ़ जाये और समय पर डीपी नही लगी वो बात दब जाए और इससे ये साफ हो गया कि अधिकारियों और ठेकेदार की साफ मिलीभगत है । जहां केबल डालकर पुराने कनेक्शनों को नवीन केबल पर शिफ्ट कर पुराने तारो को हटाने का कार्य होना था उसके उलट उन्होंने ये कार्य भी नही किया।

# एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता को लायंस क्लब इंटरनेशनल से मिला लायंस इंटरनेशनल लीडरशिप अवार्ड-गोल्ड मैडल

## लायनकॉन शिखर में वर्ष 2027-28 के लिए हुए वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर-2 पद के चुनाव सम्पन्न - नतीजा देर रात तक घोषित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** देश हित एवं प्रांत हित के संदर्भ में ध्यान देते हुए न्यूट्रल आब्जर्वर पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक आर.मथनागोपाल महोदय से बहुत लम्बे विचार-विमर्श के बाद 10 एवं 11 मई 2025 को जयपुर के बिरला आडिटोरियम में आयोजित लायनकॉन शिखर 2025 को 19,20 मई 2025 को भरतपुर के होटल दा ग्रांड बरसो में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में राजस्थान एवं मध्यप्रदेश से पधारे करीब 1000 से ज्यादा लायन लीडर्स ने भाग लिया । लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सीनियर लायन मेम्बर एम.जे.एफ. लायन डॉ. एस.सी.मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पी.एम.जे.एफ. लायन सुनील अरोड़ा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि के रूप में लायन जे.पी.सिंह - इंटरनेशनल डायरेक्टर 2018-21 , मुख्य वक्ता के रूप में लायन डॉ. विनोद कुमार लाडिया - इंटरनेशनल डायरेक्टर 2021-23 ,



न्यूट्रल आब्जर्वर पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक आर.मथनागोपाल 2022-24 कार्यक्रम में उपस्थित रहे । कार्यक्रम के प्रथम दिन रजिस्ट्रेशन एवं किट वितरण, इनौगुरल सेशन, सभी अतिथियों का स्वागत , सभी अतिथियों के उद्बोधन , क्रेडेंशियल डिस्ट्रीब्यूशन, तथा अवार्ड सरेमोनी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में लायंस क्लब अलवर मत्स्य के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता को लायंस क्लब इंटरनेशनल से आये हुए लायंस इंटरनेशनल लीडरशिप अवार्ड- गोल्ड मैडल से नवाजा गया लायन जे.पी.सिंह - इंटरनेशनल डायरेक्टर, लायन डॉ. विनोद कुमार लाडिया - इंटरनेशनल डायरेक्टर, न्यूट्रल आब्जर्वर पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक आर.मथनागोपाल , डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पी.एम.जे.एफ. लायन सुनील अरोड़ा , पूर्व प्रान्तपाल एम.जे.एफ. लायन सुनील गोयल, पूर्व प्रान्तपाल एम.जे.एफ. लायन अशोक ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया यह मैडल लायन गिरीश गुप्ता द्वारा मानव सेवा में तत्पर एवं विभिन्न गतिविधियों जैसे 72 बार स्वेच्छिक रक्तदान, सफाई अभियान, वृक्षारोपण, फ़ूड फॉर हंगर कार्यक्रमों को आयोजित करके लायंस इंटरनेशनल में बेहतरीन लायन लीडर की भूमिका अदा करने हेतु यह सम्मान दिया गया है खचाखच भरे हॉल में काफी देर तक तालियाँ बजती रही ।

प्रथम दिन के कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति के रूप में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे कृष्ण जी की रास लीलाओ से सम्बंधित भक्ति रस में डूबे गानों पर नृत्य प्रस्तुति देखने को मिली जिसको सभी ने बहुत सराहा ।

कार्यक्रम के दुसरे दिन नेक्रोलोजी के बाद बैनर प्रेजेंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं दूसरी तरफ दोपहर 1 बजे से वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर - 2 के पद हेतु इलेक्शन में वोट डालने शुरू हुए लायनकॉन शिखर 2025 में वर्ष 2027-28 के लिए हुए प्रान्तपाल पद के चुनाव में जयपुर के लायन आर.एस.मदान एवं ग्वालियर के गोपिन्द्र जैन खड़े हुए है समाचार आने तक चुनाव के परिणाम धोषित नहीं हुए थे ।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान निजी विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधि संचालित मिलने पर होगी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में शैक्षणिक गतिविधि कराने वाले निजी विद्यालयों के खिलाफ अब शिक्षा विभाग कार्यवाही करेगा। गौरतलब है कि ब्लॉक सहित आसपास के क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अनेक निजी शिक्षण संस्थान कक्षाएं चला रहे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा 17 मई से 30 जून तक समस्त राजकीय व निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है। परन्तु कुछ विद्यालय शिक्षा विभाग के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए अवैध रूप से शैक्षणिक गतिविधि करा रहे हैं। ऐसे शैक्षणिक संस्थानों के खिलाफ अभिभावक जिला कलेक्टर, शिक्षा विभाग में बार-बार शिकायत करते हैं। अब शिक्षा विभाग ने ऐसे निजी शिक्षण संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई का मन बना लिया है।

### पीईईओं/युसीईईओं करेंगे निजी विद्यालयों की जांच

ग्रीष्मकालीन अवकाश या राजकीय अवकाश के दौरान यदि कोई निजी विद्यालय संचालित हो रहा है तो पीईईओं/युसीईईओं ऐसे निजी विद्यालयों की जांच करेंगे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि पीईईओं/ युसीईईओं को निजी विद्यालयों की औचक निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। जो अपने अधीनस्थ निजी विद्यालयों में जाकर औचक निरीक्षण करेंगे।

### इनका कहना

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यदि कोई निजी विद्यालय शैक्षणिक गतिविधि कराते हुए पाया गया तो उस विद्यालय के खिलाफ विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पीईईओं/युसीईईओं को निर्देश जारी किए गए हैं।

**लीलावती मीना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ़**

# महाविद्यालय में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गुरुवार से

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में राज आमर्ड स्कवाडन केडिट कोर, अलवर का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कैम्प कमांडेंट कर्नल राहुल शर्मा के कुशल निर्देशन में आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर 22 से 31 मई तक आयोजित होगा। कैम्प में विभिन्न महाविद्यालयों व विद्यालयों के लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स प्रतिभागी कर रहे हैं। एनसीसी कर्नल राहुल शर्मा ने बताया कि शिविर में कैडेट्स को योग ड्रिल, हथियार चलाने का प्रशिक्षण, बेसिक मिलिट्री ट्रेनिंग, खेलकूद, नृत्य, प्राथमिक चिकित्सा, मैप रीडिंग, आपदा प्रबंधन समेत अन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों से व्याख्यान भी करवाया जाएगा। वहीं शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें कैडेट्स खेल एवं कला क्षेत्र में प्रदर्शन करेंगे। कैंप में कैडेट्स को एकता और अनुशासन का पाठ पढ़ाया जायेगा। प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए सामूहिक चर्चाएं भी कराई जायेगी। विशेष रूप से जल सेना, वायु सेना तथा थल सेना में अग्निवीर तथा अधिकारी बनने की प्रक्रिया भी समझायी जायेगी। इस शिविर में शामिल कैडेट्स को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से ट्रैनिंग दी जायेगी। इसमें कैडेट्स को भी यह बताया जाएगा कि नेशनल कैडेट कोर में मिलने वाले प्रशिक्षण से युवा कैसे देश की रक्षा के क्षेत्र में कैरियर बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी गतिविधियां सुबह के समय होगी। प्राचार्य डॉ के एल मीना ने बताया कि एनसीसी कैंप को लेकर सम्पूर्ण तैयारियां पूरी कर ली गयी है। यहां एनसीसी कैडेट्स के आवास एवं भोजन के अलावा कैडेट्स को ट्रेनिंग देने और विभिन्न खेल प्रकार की स्पर्धा के लिए टैंण्ट एवं मैदान तैयार किया गया।

# मेडीकल सेवाओं में अपना बेहतरीन देने के लिए कटिबद्ध सानिया हॉस्पिटल-डॉ.तैयब



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सानिया हॉस्पिटल ने अपनी चिकित्सा सेवाओ में विस्तार करते हुए डॉक्टर्स टीम में नए दो डॉक्टर जोड़े हैं। मंगलवार को हॉस्पिटल के सभागार में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। डायरेक्टर सानिया हॉस्पिटल डॉ.तैयब खान ने पत्रकारों को बताया कि अलवर के लोगों को मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सानिया हॉस्पिटल ने सभी ब्रांचो के चिकित्सकों को एक ही छत के नीचे मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रोवाइड किया हुआ है किसी कड़ी में दो नए चिकित्सक जुड़े हैं। सानिया हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर तैयब खान ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि डॉक्टर विपिन सिंगल मधुमेह व हारमोंस के विशेषज्ञ डॉक्टर है व मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुरुषोत्तम पोसवाल लोगों का अपनी सेवाएं देंगे। इधर दोनों ही चिकित्सकों ने मीडिया को बताया कि अलवर में बेहतरीन सुविधा और मल्टी स्पेशलिटी में सानिया हॉस्पिटल का कोई सानी नहीं लोगों को मेडिकल सुविधा बेहतरीन प्रोवाइड कराई जा सके इसके लिए पूरी टीम कटिबद्ध है।

### 22 मई को होगा वर्चुअल लोकार्पण

# अपर मंडल रेल प्रबंधक ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

## विभिन्न मांगों के लिए नगरपालिका व राजगढ़ विकास मंच ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के रेलवे स्टेशन का मंगलवार को रेलवे के अधिकारियो ने निरीक्षण किया। गौरतलब है की राजगढ़ स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना मे शामिल करते हुए 13 करोड़ रूपये की लागत से पुनर्विकास किया गया है। जिससे आधुनिकता की झलक देखने को मिलती है। रेलवे के एडीआरएम संजीव दीक्षित ने बताया की पुराने स्टेशन भवन मे पर्याप्त स्थान की कमी थी और यात्री सुविधाओं को विकसित करने मे कठिनाई हो रही थी, यात्री सुविधाओं मे विस्तार करने हेतु स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना मे शामिल करते हुए पुनर्विकास किया गया है। जिसमे नए भवन का निर्माण, प्रवेश व निकास द्वार, प्लेटफार्म शेल्टर,



वेटिंग हाल, कोच इण्डिकेशन, 12 मीटर चौड़ा पुल सहित विभिन्न विकास किया गया है। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक संजीव दीक्षित ने अधिकारियों के साथ राजगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा।

**रेलवे स्टेशन का 22 मई को होगा वर्चुअल लोकार्पण :** राजगढ़ रेलवे स्टेशन का 13 करोड़ रुपए की लागत से पुर्नविकास किया गया है। 22 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान के बीकानेर के पलाना से 103 रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। मंगलवार को रेलवे अधिकारी लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लेने राजगढ़ आये थे।

**राजगढ़ विकास मंच व नगरपालिका मंडल ने सौंपा ज्ञापन :** वही राजगढ़ विकास मंच व नगरपालिका मंडल के द्वारा विभिन्न मांगों के ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें राजगढ़ रेलवे फाटक संख्या 140 पर ओवरब्रिज बनाने व स्टेशन पर मंडोर व इलाहाबाद प्रयागराज एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव तथा बांदिकुई-दिल्ली डीएमयू का पुन: संचालन की माँग की गयी।

इस मौके पर राजगढ़ विकास मंच के अनिल गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, दीपक, राजेंद्र, संजय सहित रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।

### राज्य में कोई कानून व्यवस्था नही

# राम भरोसे भजनलाल सरकार : नेता प्रतिपक्ष

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राजस्थान प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपराधी खुले में धमकी दे रहे हैं उस प्रदेश की जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी।

जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री और एक आईएएस अधिकारी को जान से मारने की धमकी के बाद अलवर के मिनी सचिवालय और जयपुर के एसएमएस स्टेडियम को उड़ाने की धमकी दी गई, इतना ही नहीं जब देश के प्रधानमंत्री राजस्थान आ रहे हैं उससे ठीक 2 दिन पहले राजस्थान के टोंक,राजसमंद पाली और भीलवाड़ा जिले के कलेक्ट्रेट भवनों को बम से ब्लास्ट करने की धमकी मिलना बेहद गंभीर और चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में अपराध चरम पर है, अपराधियों की नाक में नकेल डालने में पुलिस तंत्र बौना साबित हो रहा है, उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश के जिलों के सरकारी भवनों को बम से उड़ाने की धमकी प्रदेश की कानून व्यवस्था पर बड़ा



सवाल खड़ा करती है। उन्होंने कहा कि सरकारी भवनों को ईमेल के जरिए आए दिन उड़ाने की धमकियां मिल रही है और प्रदेश सरकार मौन होकर यह सब कुछ देख रही है। उन्होंने कहा कि सवाल सिर्फ सुरक्षा का नहीं बल्कि सरकार की विफलता,सुस्त खुफिया तंत्र और जनता की सुरक्षा के भरोसे पर उठती आशंकाओं का है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को ऐसी धमकी भरे ईमेल की तीव्र गति से जांच कराकर अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। एक बार फिर राजस्थान प्रदेश की सरकार को सर्कस सरकार करार देते हुए जूली बोले सरकार सो रही है और सरकार के मुखिया सर्कस देख रहे हैं।

# कलेक्टर ने पेट्रोल पंप पर करवाया औचक मॉकड्रिल 6 मिनट में पहुंचे जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए मंगलवार को खैरथल एवं किशनगढ़ रोड के बीच स्थित एक पेट्रोल पंप पर जिला प्रशासन द्वारा औचक मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल के तहत आग लगने की सूचना जिला कलेक्टर किशोर कुमार द्वारा जिला सचिवालय कंट्रोल रूम से सुबह 11:20 बजे दी गई। सूचना मिलते ही प्रशासनिक तंत्र हरकत में आ गया। केवल 6 मिनट में जिला कलेक्टर किशोर कुमार एवं पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार मौके पर पहुंच गए। साथ ही, अन्य विभागों की त्वरित कार्रवाई का आंकलन भी किया गया। सूचना मिलने के पश्चात पेट्रोल पंप पर एंबुलेंस को 11.26 पर सूचना 11.30 पर पहुंच, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी 11.20 से 11.23 पर सूचना 11.26 से 11.32 तक पहुंच, दमकल को 11.23 पर सूचना 11.28 पर पहुंच, चिकित्सा को 11.23 पर सूचना 11.35 तक स्टाफ पहुंचा। प्रशासन की इस तत्परता और समन्वय को देखकर जिला कलेक्टर ने सभी विभागों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में समयबद्ध प्रतिक्रिया जीवन रक्षक सिद्ध हो सकती है, और यह मॉकड्रिल इसी तैयारी की एक कड़ी है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खैरथल रतनलाल भार्गव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, एएसपी राजेंद्र कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# राजधोकी गांव में बाबा जोतराम के पांच धुनों पर चल रही है 31 दिन की अग्नि तपस्या



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( मुकेश शर्मा )।** तिजारा के निकटवर्ती गांव राजधोकी में पिछले 3 वर्षो से लगातार ज्येष्ठ माह में बाबा जोतराम के परम भक्त लीलाराम जी पंच धुनों के मध्य बैठकर क्षेत्र में देश की खुशहाली, शांति और अच्छी वर्षा होने की कामना को लेकर बाबा जोतराम की 31 दिन की अग्नि तपस्या कर रहे हैं। आज तपस्या में बैठे हुए करीब 7 दिन हो चुके हैं, ऐसे मौसम में जबकि सामान्य तापमान दिन में 44 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक ऊपर जा रहा है, लोग अपने घरों में बैठकर कूलर, पंखे और ए सी का आनंद ले रहे हैं, वहीं बाबा जोतराम के अनन्य भक्त लीला राम जी स्वयं भी कई सामाजिक बुराइयों से ग्रसित थे, लेकिन बाबा जोतराम की शरण में जाने के बाद उन्होंने इस सामाजिक बुराई को त्याग दिया, और अब क्षेत्र में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित लोगों की सेवा में लगे हुए हैं। भगत लीलाराम जी ने क्षेत्र के विभिन्न नशा करने वाले व्यक्तियों जैसे शराब, गांजा आदि तथा विभिन्न प्रकार की बीमारियों लकवा, आज से जले हुए का थायराइड कैंसर एवं अन्य सभी प्रकार की बीमारियों का अपने धुनों पर बैठकर उनके दुखों का निवारण कर रहे हैं।

आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लोगों सहित दूर तक के यात्री अब बाबा जोतराम जी के राजधोकी स्थित भगत लीलाराम के धुनों पर पधार रहे हैं। इस अवसर पर सतवीर, रवि, रतिराम, जितेंद्र जी मुंडावर, विक्रम, सचिन रेवाड़ी, सोम जांगड़ा चरखी दादरी, सविता, राजेश, नरेश शाहबाद, सुमन देवी हिंगवाहेड़ा, पंकज सुरावास सुरेंद्र तिजारा, रामफूल हिंगवाड़ा, कृष्णा देवी तिजारा, संतोष देवी, किरण देवी, सहित सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल भिवाड़ी की कार्यकारिणी घोषित होने के बाद प्रथम मंडल बैठक श्याम वाटिका में आयोजित की



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( मुकेश शर्मा )।** दिनांक 20 .5 .2025 को भारतीय जनता पार्टी मंडल भिवाड़ी की कार्यकारिणी घोषित होने के बाद प्रथम मंडल बैठक श्याम वाटिका में आयोजित की गई। बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारी व कार्यकारणी सदस्यों का पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता बलबीर बाबूजी द्वारा पटका पहनक कर स्वागत किया गया। व 21 मई 2025 को तिजारा हनुमान बगीची में होने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा चर्चा की गई व भिवाड़ी मंडल से ज्यादा से ज्यादा संख्या में हनुमान बगीची पहुंचने का अध्यक्ष नरेंद्र खटाना द्वारा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया ।इस बैठक में बलबीर बाबूजी ,मंडल अध्यक्ष नरेंद्र खटाना पूर्व अध्यक्ष पवन सिंह चौहान, महामंत्री मनजीत महिवाल उपाध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, सुरेश त्यागी कोषाध्यक्ष ध्रुव गुप्ता मंत्री विजया राजावत ,राजेश यादव, ऋषि बिधूड़ी, आई टी सेल संयोजक दिनेश बेदी, तेजपाल ठेकेदार, राहुल राजपूत ,गफ़ूर नंबरदार ,असरूद्दीन हवा सिंह दायमा, चन्नू सिंह, विजय कुमार शर्मा, लाला खान ,पूर्व पार्षद भीम विधूड़ी ,सुभाष जोशी ,करतार भामला , इंदर सिंह पंच आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध खनन को लेकर जिला कलक्टर ने ली समीक्षा बैठक, एसआईटी की बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में अवैध खनन के संबंध में एसआईटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खैरथल रतनलाल भार्गव, खनन अभियंता मनोज शर्मा परिवहन एवं वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलक्टर ने अभियान के दौरान पुलिस वन एवं खनिज विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की। जिस पर खनन अभियंता ने बताया कि संबंधित विभागों द्वारा अवैध खनन,निर्गमन, भंडारण के विरुद्ध इस वर्ष अब तक 20 प्रकरण दर्ज



कर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 24 ट्रैक्टर, मशीन व डंपर जब्त एवं कार्यवाही में 14 एफआईआर एवं 30 लाख की पेनल्टी लगाई। जिला कलेक्टर ने समय-समय पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि अवैध खनन को पूर्ण रूप से बंद किया जा सके तथा सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाही की जाए। इस दौरान उन्होंने संभावित अवैध खनन स्थान पर आरएसी एवं संबंधित विभागों के संयुक्त तत्वाधान में मार्च पास्ट कराने के निर्देश भी दिए।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मल्लाना में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** पंचायत समिति के मल्लाना में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 7,8,9 व 11 में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। विद्यालय प्राचार्य जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी विभागीय बेवसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के मध्यनजर बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्यनारायण व्यास ने योजनाओं में प्रदत्त दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान करते हुए कोटा जिले में नालसा एवं रालसा द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक करने एवं आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने नालसा आशा इकाई, (बाल विवाह मुक्त भारत) नालसा डॉन इकाई (नशा मुक्त बनाने), नालसा जागृति एवं नालसा संवाद इकाई-कमजोर तथा पिछड़े तबको से आने वाली खानाबदोश व आदिवासी जनजातियों तक न्याय की सुगमता के लिए निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर उक्त चारों स्कीमों के तहत जिले के लिए गठित आशा यूनिट, डॉन यूनिट, जागृति यूनिट एवं संवाद यूनिट के सदस्यों के तौर पर पारिवारिक न्यायालय क्रम-1 के न्यायाधीश राकेश कटारा, एनडीपीएस न्यायालय न्यायाधीश रामपाल जाट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा की सचिव गीता चौधरी एवं जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मनोचिकित्सक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर निगम से मनोनीत सदस्यगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, पैनल अधिवक्तागण व पैरा लीगल वॉलेन्टियर्स उपस्थित रहे। कोटा जिले से संबंद्ध तालुकाओं में से उक्त चारों योजनाओं से संबंधित अन्य सदस्यगण भी ऑनलाईन माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए। सभी योजनाओं से संबंद्ध उपस्थित सदस्यों ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर अपने-अपने सुझाव साझा किए गए। बैठक के पश्चात् उपस्थित सदस्यों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पारिवारिक न्यायालय क्रम-1 के न्यायाधीश राकेश कटारा, एनडीपीएस न्यायालय न्यायाधीश रामपाल जाट, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग से सविता कृष्णिया, जिला बाल संरक्षण इकाई से रामराज मीणा, मनोचिकित्सा विभाग से डॉ. विनोद कुमार दडिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर से संजय वर्मा ने योजनाओं पर विचार रखे। डालसा सचिव गीता चौधरी एवं एलएडीसीएस चीफ भुवनेश कुमार शर्मा ने उपरोक्त योजनाओं की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा कर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश दिए।

# दिव्यांग स्कूटी योजना में आवेदन 30 मई तक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** वित्तीय वर्ष 2025-26 वित्त एवं विनियम विधेयक चर्चा पर मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अंतर्गत विशेष योग्यजन संबंधी घोषणा में युवा दिव्यांगों को सम्बल प्रदान करने की दृष्टि से दी जाने वाली स्कूटी की संख्या में वृद्धि कर इसे 2500 करने की घोषणा की गई थी। संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सविता कृष्णिया ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अंतिम तिथि में परिवर्तन किया गया है। जिसके अनुसार पात्र विशेष योग्यजन अब 30 मई 2025 रात्रि 12 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन पत्रों में आक्षेप पूर्ति आवेदन की अंतिम तिथि के 15 दिवस में सुनिश्चित करने के निर्देश विशेष योग्यजन निदेशालय के आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव बचनेश कुमार अग्रवाल द्वारा जारी किए गए हैं।

# अजमेर रसद विभाग ने किए 14 सिलेण्डर जब्त



बढ़ता राजस्थान

अजमेर ( घनश्याम दास) । 20 मई को रसद विभाग द्वारा मंगलवार को की गई कार्यवाही में 14 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी द्वितीय श्री नीरज जैन ने बताया कि नसीराबाद शहर क्षेत्र में अवैध रिफिलिंग की सूचना मिली थी। इसके अनुसार निखिल गुर्जर द्वारा वाहनों में अवैध रूप से रिफिलिंग का कार्य लंबे समय से किया जा रहा था। जिला रसद अधिकारी कार्यालय द्वारा शिकायत की जांच के लिए जांच दल का गठन गठन किया गया। इसमें प्रवर्तन अधिकारी श्रीमती रेणुका चतुर्वेदी, प्रवर्तन निरीक्षक श्री अतुल बडाया, श्री महेंद्र यादव एवं श्री मुकेश बुगालिया शामिल थे। जांच दल द्वारा मंगलवार 20 मई को आर्मी पेट्रोल पंप के सामने कोटा रोड पर स्थित निखिल गुर्जर के मकान एवं मकान से सटे हुए बाड़ेनुमा स्थान पर कार्रवाई की। इसमें एक वाहन हुंडई ईऑन एवं 14 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इस पूरी जांच में नसीराबाद शहरी थाना क्षेत्र के हेड कांस्टेबल श्री कालूराम एवं श्री रिंकू मीणा जांच दल के सहयोग के लिए उपस्थित रहे । यह कृत्य एलपीजी ऑर्डर-2000 का उल्लंघन है। साथ ही यह प्रकरण ईसी एक्ट 1955 की धारा 6 ए में जिला कलक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में निकली तिरंगा यात्रा

## लोकसभा अध्यक्ष तिरंगा यात्रा में तिरंगा लेकर चेले साथ

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में मंगलवार को आजाद पार्क से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई । यात्रा से पूर्व शहर के गणमान्य लोग आजाद पार्क में एकत्र हुए । आजाद पार्क में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वक्ताओं ने भारतीय सैनिकों के पराक्रम के बारे में अपने विचार व्यक्त किये ।

सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत की सेना के शौर्य, उनकी वीरता, उनके अतुलनीय साहस पर देश को गर्व है। हम भारत के वीर सैनिकों को



सलाम करते हैं, जिन्होंने भारत के गौरव, सम्मान को बढ़ाया। लोगों के विश्वास को बढ़ाया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक सफल ऑपरेशन भारत की सेना ने किया। हम उनको सलाम करने जा रहे हैं। तिरंगा यात्रा भी उसी का एक हिस्सा है जहां राष्ट्रभक्ति की भावना जन-जन में प्रदर्शित हो रही है और देश का तिरंगा हमेशा ऊंचा रहे। तिरंगा यात्रा आजाद पार्क से शुरू होकर एक खंभे की छतरी ,कोटा रोड, नागर सागर, कुंड चौगान दरवाजा, इंदिरा मार्केट, अहिंसा सर्किल, खोजा गेट होते हुए खेल संकुल के समीप शहीद स्मारक पर पहुंचकर संपन्न हुई । तिरंगा यात्रा के स्वागत के लिए शहर में जगह-जगह तोरण द्वार बनाए गए । तिरंगा यात्रा का आमजन और सामाजिक संगठनो और सभी वर्गों के लोगों ने तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा व शीतल पेय पिलाकर स्वागत किया । तिरंगा यात्रा में महिला, ,पुरुष, बच्चे हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय , भारतीय सेना जिंदाबाद के उद्घोष लगाते हुए चल रहे थे ।

इस दौरान जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, तिरंगा यात्रा जिला संयोजक महावीर मोदी , पूर्व कृषि मंत्री प्रभु लाल सैनी, पूर्व विधायक अशोक डोगरा ,के पाटन पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, जिला सहसंयोजक राधेश्याम गुर्जर ,शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, शहर संयोजक महावीर जैन, सहसंयोजक संजय भूटानी, गौरव वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, कुंज बिहारी बिल्या, पूर्व विधायक ओम प्रकाश शर्मा ,शहर काजी अब्दुल शकूर कादरी, रामबाबू शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, सभापति सरोज अग्रवाल ,पूर्व उप जिला प्रमुख आशा मीणा, डॉक्टर बृजबाला गुप्ता, मोजी नुवाल, लंगर साहब गुरुद्वारा प्रधान सुखविंदर सिंह, द्वारका मंत्री , संजय लाठी, सुशील मेहता, महेश जिंदल, अमित निंबार्क, भगवान लाडला , सहित जिले भर से आए गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# भीषण गर्मी एवं आगामी मानसून को देखते हुए जिला कलक्टर ने ली बैठक

## एनएफएसए के तहत प्राप्त आवेदनों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलक्ट्रेट में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जेवीवीएनएल, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचईडी, नगर निगम और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने भीषण गर्मी और आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों को समुचित तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डॉ. गोस्वामी ने खाद्य सुरक्षा के तहत नाम जुड़वाने से संबंधित लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि (वर्ष 2022 से 2025 तक) प्राप्त आवेदनों की त्वरित जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिन आवेदनों को दस्तावेजों की कमी के कारण वापस लौटाया गया है, उनका नियमित फॉलोअप किया जाए। इसके लिए पटवारियों एवं अन्य फील्ड स्टाफ को सीधे आवेदकों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी उपलब्ध करवानी होगी, जिससे पात्र लाभार्थी योजना का लाभ सुगमता से प्राप्त कर सकें। गर्मी के मौसम को देखते हुए पीएचईडी अभियंताओं को निर्देश दिए गए कि सभी स्थानों पर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक जल स्रोत के पानी के सैंपल लेकर गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से हो। जहां टैंकरों से जलापूर्ति की जा रही है, वहां टैंकर पूरी तरह भरे हों, उन पर निशुल्क जल सेवा अंकित हो तथा उनकी जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से निगरानी की जाए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि लू व तापघात से बचाव के लिए आमजन को व्यापक प्रचार-प्रसार माध्यमों से जागरूक किया जाए। प्रत्येक चिकित्सा संस्थान में ओआरएस, आईवी फ्लूइड की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। अस्पतालों के सभी वार्डों में मरीजों के लिए छाया और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। साथ ही आगामी मानसून को देखते हुए मौसमी बीमारियों, विशेषकर डेंगू की रोकथाम के लिए सर्वे कार्य कराया जाए तथा जिन क्षेत्रों में डेंगू के केस अधिक मिल रहे हैं, वहां सघन रोकथाम गतिविधियाँ चलाई जाएं। ओडीके ऐप पर आने वाली शिकायतों का शीघ्र समाधान भी किया जाए। जिला कलक्टर ने जेवीवीएनएल अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी और बारिश के मौसम में अघोषित बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए।

साथ ही, तेज आंधी व बारिश में दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सड़कों व अन्य स्थानों पर पेड़ों की छंटाई अवश्य की जाए। पीडब्ल्यूडी और नगर निगम को मानसून पूर्व तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए ताकि बारिश के दौरान आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने सभी विभागों से समन्वय बनाकर जनहित के इन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा।

# स्वस्थ भारत के निर्माण में आशा बहनों की भूमिका अमूल्य : बिरला



बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच) । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को बूंदी जिले की आशा सहयोगिनियों के साथ 'स्वस्थ भारत की आशा' विषय पर संवाद करते हुए कहा कि दूर-दराज़ के गाँवों में जहां कोई नहीं पहुँचता, वहाँ आशा बहनें स्वास्थ्य सेवा की पहली किरण बनकर सामने आती हैं। मातृत्व, सेवा और संवेदना से ओतप्रोत ये कार्यकर्ता न केवल गर्भवती महिलाओं और नवजातों की देखभाल करती हैं, बल्कि उन्हें पोषण, दवाइयाँ और जरूरी उपचार भी समय पर उपलब्ध कराती हैं। पुरानी कृषि मंडी प्रांगण में गेल इंडिया लिमिटेड व प्रॉमिसिंग इंडियन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बिरला ने कहा कि माताएं ही वह संकल्प शक्ति देती हैं जिससे देश की सेना दुश्मनों को नेस्तनाबूद करने का सामर्थ्य रखती है। कोरोना काल में जब पूरा देश घरों में था, तब आशा बहनों ने जान जोखिम में डालकर लोगों तक दवाएं पहुँचाईं और उन्हें सुरक्षित रखा। 'सुपोषित माँ अभियान' के सफल क्रियान्वयन में आशा बहनों का योगदान महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने आग्रह किया कि ऐसी गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करें जिन्हें पोषण, दवाओं या रक्त की ज़रूरत हो, ऐसे हर परिवार की मदद सुनिश्चित की जाएगी। बिरला ने कहा कि बूंदी, जो हाड़ी रानी की धरती है, वहां की आशा बहनें आज स्वस्थ भारत की नींव मज़बूत कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का अद्भुत दृश्य भी देखने को मिला, जब सभी आशा बहनों ने तिरंगा लहराकर भारतीय सेना के शौर्य को नमन किया। कार्यक्रम के समापन पर लोकसभा अध्यक्ष ने आशा सहयोगिनियों को यूटिलिटी किट भेंट की। इस अवसर पर गेल इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक अनूप गुप्ता ने कहा कि आशा कार्यकर्ता सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा की सबसे मजबूत कड़ी हैं और यह किट उनके कार्य को और अधिक सशक्त बनाएगी।

# शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर उपलब्ध कराएं, कार्य का विवरण एवं संबंधित अभियंता के नम्बर बोर्ड पर लिखें : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि शहर में चल रहे सीवर लाइन सहित अन्य कार्यों से संबंधित शिकायतों के लिए नगर निगम टोल फ्री नम्बर उपलब्ध कराए जिस पर आने वाली शिकायतों को एक रजिस्टर में दर्ज कर उनका समुचित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां कार्य चल रहे हैं वहां एक बोर्ड लगाकर उस पर कार्य शुरू होने एवं पूरा होने की तिथि के साथ ही कार्य कर रही एजेंसी एवं संबंधित अभियंताओं के मोबाइल नम्बर भी लिखे जाएं ताकि कार्य में देरी, खोदी गई सड़क समय पर रिपेयर नहीं होने तथा कार्य की गुणवत्ता से संबंधित शिकायतें



दर्ज कराई जा सके। जिला कलक्टर मंगलवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर नालों की सफाई एवं सीवरेज संबंधी कार्यों का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीवर चैम्बर एवं सीवर लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत समय पर हो ताकि आमजन को बारिश के मौसम में किसी तरह की परेशानी नहीं उठानी पड़े। उन्होंने कई जगह सीवर चैम्बर सड़क से ऊपर उठे होने एवं कई जगह सड़क के अंदर धंसे होने पर नाराजगी जताई एवं संबंधित अभियंताओं के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने केडीए के अभियंताओं को हर सप्ताह मौके पर जाकर कार्यों का निरीक्षण करने एवं गुणवत्ता सही नहीं पाए जाने पर संबंधित कॉन्ट्रेक्टर पर पैनल्टी लगाने के निर्देश दिए। डॉ. गोस्वामी ने सोगरिया स्टेशन के समीप रोटेदा रोड पर बाबा रामदेव मंदिर के पास नाले की सफाई नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अभियंता के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनकपुरी एवं रेलवे सोसायटी में चल रहे सीवर लाइन कार्यों के साथ ही पुलिस लाइन, माला फाटक के निकट नाला सफाई, बारां रोड एवं बोरखेड़ा उज्ज्वल विहार में चल रहे सीवर लाइन के कार्यों का निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर ने सीवर लाइन कार्यों के दौरान डाले जा रहे सीवर चैम्बर का निरीक्षण कर उन्हें ठीक करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी, दक्षिण के आयुक्त अनुराग भार्गव, अधीक्षण अभियंता नगर निगम उत्तर महेश गोयल, अधिशाषी अभियंता कुलदीप प्रेमी सहित कोटा विकास प्राधिकरण के अभियंता भी उपस्थित थे।

# पंजाब नेशनल बैंक द्वारा MSME लोन आउट रीच प्रोग्राम का सफल आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित एक दिवसीय MSME लोन आउट रीच प्रोग्राम का आयोजन दिनांक 20.05.2025 को पी एल पी शाखा के प्रांगण में विधिवत रूप से किया गया, जिसकी अध्यक्षता कोटा के प्रतिष्ठित कारोबारी एस एन गर्ग ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भागीदारी की । बैंक द्वारा उक्त मेले स्थल पर ग्राहकों को विभिन्न MSME योजनाओं से अवगत कराया गया।उक्त ऋण मेले में भागीदारी हेतु पीएनबी, , मंडल कार्यालय कोटा के मंडल प्रमुख आशुतोष दुबे, उप मंडल प्रमुख इंद्रजीत कुमार, MCC प्रमुख अमित मुद्गल , PLP प्रमुख निशिकांत सिन्हा जी एवं कोटा शहर के सभी शाखा प्रमुख उपस्थित रहे। आशुतोष दुबे ने PNB के विभिन्न MSME products के बारे में विस्तार से बताया । ये ऋण आकर्षक ब्याज दर व न्यूनतम डॉक्यूमेंट चार्ज और प्रोसेसिंग चार्ज पर उपलब्ध है । इसके अलावा बैंक द्वारा लॉन्च किये गये नये बचत खातों के बारे में भी जानकारी दी गयी ।

साथ ही कोटा मंडल की सभी शाखाओं में भी ऋण मेला सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। ऋण मेले में मंडल की विभिन्न शाखाओं द्वारा रु 120 cr की MSME लोन की लीड प्राप्त की गईं एवं 2 cr के ऋण स्वीकृत भी किए गए।

# नरेगा महिला मजदूरो ने अजमेर कोटा स्टेट हाईवे पर लगाया जाम

## नरेगा पेमेंट को लेकर महिलाये हुई आक्रोशित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर-सरवाड़ ( इक़बाल अहमद )।** मननरेगा महिला मजदूरों ने नगर पालिका के बाहर अजमेर कोटा स्टेट हाईवे पर पत्थर लगाकर रोड को जाम किया। उपखंड अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम नरेगा मजदूरों का पिछले वर्ष 2023 और 2024 का पेमेंट दिलवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा। तो वहीं नरेगा मजदूर का कहना है कि प्रतिवर्ष वर्ष नरेगा का पेमेंट आता है लेकिन हम मजदूर को भुगतान समय पर नहीं दिया जाता है। और साथ ही ज्ञापन में बताया गया कि शहरी नरेगा के कर्मचारी लेखा सहायक दीपा सार्स के द्वारा कभी भी बिल व हाजिरी मिस्टल समय पर ऑनलाइन नहीं चढ़ाती है बहाना बना कर काम नहीं करती है। जिससे सभी नरेगा मजदूर नरेगा की मजदूरी के पैसे के लिए तरस रहे हैं।जबकि हर साल सरकार द्वारा नरेगा का बजट दिया जा रहा है। सभी मजदूरों का वर्ष 2023 में मस्टरोल दिनांक 01मार्च 2023 ओर 16/अक्टूम्बर/2023-व 1/दिसम्बर /2023 व 16 दिसम्बर 2023 का पैसा आज दिनांक तक बकाया चल रहा है। जो मजदूरों के खाते में नहीं आया है। वर्ष



2024 में 16 जून.2024 से 31 दिसम्बर 20024 तक का सभी मजदूरों के मस्टरोल का पैसा बकाया चल रहा है। चांद देवी का जॉब कार्ड जैसी 2022 620 12000164583 वार्ड 15 का मस्टरोल का ऑनलाइन पेड़ दिखा रहा है।जबकि बैंक खाते में एक भी पैसा नहीं आया है। दीनू देवी के जॉब कार्ड नंबर जेसीबी 202261814000 156477 दिनांक 01/09/23 से 16/ 11/23 तक का ऑनलाइन नोटपैड दिखा रहा है। सत्यनारायण सोनी जॉब कार्ड नंबर 2022 6 61314000097901 व वार्ड नम्बर 04 के सराय मोहल्ला सरवाड़ का भुकतान ने हुआ है।

**अध्यक्ष व ईओ को कई बार अवगत करवाया :** ज्ञापन में यह आरोप लगाया गया कि इस मामले को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को कई बार इस बारे में अवगत करवाया गया। लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया और नहीं भुगतान कराया गया।

**2025 ने नरेगा शुरू नही हुई :** बताया गया कि वर्तमान में 2025 का भी नरेगा कार्य आरंभ नहीं किया गया। जिसके कारण मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है।और उनका जीवन यापन करने में कठिनाइयां हो रही है। इस साल का 90 लाख का बजट ओर काम भी स्वीकृत हो रखा है।

इसके बावजूद भी काम नहीं चलाया जा रहा है जल्दी से कार्य आरंभ करवा जाने की मांग की है।पिछले साल का भी बजट एक करोड रुपए वापस लेप्स होकर चला गया।

**तहसीलदार बंटी राजपूत ने नरेगा मजदूरों से की समझाइश :** नरेगा मजदूरों ने जब नगर पालिका के बाहर अजमेर कोटा स्टेट हाईवे रोड पर पत्थर जमा कर रोड जाम किया तो पुलिस मौके पर पहुंची और पत्थरों को हाथों हाथ हटवाया। और अजमेर कोटा रोड पर जाम नहीं लगने दिया और तहसीलदार बंटी सिंह राजपूत ने नरेगा मजदूरों से बातचीत की और उनको आश्वासन दिया कि कल 11 बजे नरेगा के पांच व्यक्तियो पालिका आना है और जो भी समस्या है उन्हें नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी और पालिका अध्यक्ष को बिठाकर बातचीत की जाएगी।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# शहर की सड़को पर फंसे भारी वाहन तो मचा हड़कंप

- एसडीएम के साथ जॉइंट विजिट पर निकले विभिन्न विभागों के अधिकारी
- सभी को निर्देश, कार्य में नहीं बरते लापरवाही अन्यथा होगी कार्यवाही





बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के मुख्य सड़क मार्ग पर सोमवार की रात से जब एक के बाद एक माल से भरे भारी वाहन धसने लगे तो शहर में हड़कंप मच गया। कायस्थ पाड़ा पुलिया,अंदाना पैलेस के पास वाहनों के पहिए सीधे सड़क के अंदर समा गए। लोगों ने इसके पीछे सीवर लाइन के काम में बरती जा रही अनियमिता और लापरवाही का आरोप लगाया। वाहनों के धंसने से सड़क पर आवागमन में भी परेशानी खड़ी हो गई। इस पर एसडीएम भगवत शरण त्यागी,तहसीलदार उत्तम चंद बंसल और नगर पालिका ईओ श्याम बिहारी गोयल के साथ पीएचईडी,पीडब्ल्यूडी और सीवर काम करने वाली रुडिस्को कम्पनी के अधिकारी जॉइंट विजिट पर निकले। जिन्होंने माना की सड़क पर उक्त समस्या टेलीकॉम कंपनी द्वारा अवैध रूप से डाली जा रही लाइन के दौरान पेयजल पाइप लाइन टूटने के कारण पैदा हुई है। पेयजल पाइप लाइन के भूमिगत टूटने के बाद अंदर पानी भराव होने से सड़क अंदर से पोली हो गई। एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने बताया कि उक्त जॉइंट बजट के बाद पीएचडी के अधिकारियों को लाइन को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं साथ में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को रिपेयरिंग कार्य तुरंत प्रभाव से करने के आदेश दिए हैं। रुडिस्को के जेईएन दीपक गोयल को निर्देश दिए हैं कि वे आगे से जब भी सीवर लाइन डालें और रिपेयरिंग का काम करें उनके साथ पीएचईडी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी रहने चाहिए। जिससे किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आये और कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाये।

**8 दिन से टेलीकॉम कंपनी डाल रही है लाइन,पीडब्ल्यूडी को पता ही नहीं :** टेलीफोन टेलीकॉम कंपनी द्वारा पिछले आठ दिन से शहर के अलग-अलग मार्गों पर लाइन डाली जा रही है। जिसमें सड़कों के किनारे गड्ढे खोदकर लाइन बिछाने का काम चल रहा है। जिसकी पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को पता ही नहीं है। यहां तक की टेलीकॉम कंपनी ने पीडब्ल्यूडी से अनुमति भी नहीं ली है। जिसको लेकर भी एसडीएम ने मामले की जांच करने और रिपोर्ट पेश करने के पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। एसडीएम में कोतवाली थाने की ठीक सामने सड़क के बीच बनी नाली को भी सही कराने के निर्देश दिए।

## शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर नई पहल सफाई योद्धाओं का सराहनीय योगदान

## नगरपरिषद हनुमानगढ़ का स्वच्छता की दिशा में मजबूत कदम

बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़ ( राजेश खारड़ू )।** स्वच्छता को प्राथमिकता बनाते हुए हनुमानगढ़ नगरपरिषद ने सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में नई पहल की है। नगरपरिषद प्रशासक श्री उम्मेदीलाल मीना और नगर परिषद आयुक्त श्री सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में शहर में साफ-सफाई की स्थिति में लगातार सुधार देखा जा रहा है। हर दिन तड़के जब शहर सो रहा होता है, सफाई योद्धा गली-गली, नाली-नाली स्वच्छता का संदेश लेकर सफाई कार्य में जुट जाते हैं। सफाई निरीक्षक श्री रमनदीप कौर खुद फील्ड में रहकर सफाई कार्यों की निगरानी करती हैं और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देती हैं। प्रशासक श्री उम्मेदीलाल मीना ने बताया कि न सिर्फ शहर बल्कि आसपास की कच्ची बस्तियों में भी सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है। साथ ही, इन बस्तियों में पक्की सड़कों और नालियों के निर्माण की भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिससे वहां रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। नगरपरिषद जनभागीदारी को भी बढ़ावा दे रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालें और स्वच्छता में सहयोग करें। यह अभियान निश्चित रूप से हनुमानगढ़ को एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास है।

## बाड़ी में 9 साल पुराने फायरिंग केस में फैसला : दो आरोपियों को 7 साल की सजा, 20 हजार जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी एडीजे कोर्ट ने 9 साल पुराने फायरिंग मामले में दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। मामला बसई डांग थाना क्षेत्र के मुतावली गांव का है। घटना 9 जुलाई 2016 की है। राजेंद्र और अनार सिंह निहाल सिंह नाम के एक युवक की पिटाई कर रहे थे।निहाल सिंह भागकर राजेंद्र पुत्र चिरौंजी गुर्जर के पास पहुंचा। राजेंद्र ने उसे शरण दी। इस पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। गोली राजेंद्र को लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राजेंद्र को आगरा ले जाकर इलाज कराया गया। पीड़ित ने बसई डांग थाने में राजेंद्र, अनार सिंह और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मंगलवार को एडीजे सुनील कुमार गुप्ता ने आईपीसी की धारा 143, 323, 341, 336 और 307 के तहत सुनवाई पूरी की। कोर्ट ने राजेंद्र और अनार सिंह को दोषी पाया। दोनों को 7 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## दो माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** भुसावर थाना पुलिस ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर असामाजिक तत्वों एवं वांछित मुलजिमानों के विरूध धरपकड एव लोकल एवं स्पेशल एक्ट में प्रभावी कार्यवाही करते हुए भुसावर थाना अधिकारी नरेश चंद की टीम ने धारा 112(2) बीएनएस व 13 आरपीजीओ में लगभग दो माह से फरार आरोपी भगवानसिंह उर्फ पिन्टू पुत्र रामकिशन जाति माली उम्र 29 साल निवासी नगला बन्ध भुसावर थाना भुसावर को पोस्ट ऑफिस मुसावर के पास से गिरफ्तार कर ले में पेश किया गया।

## आधुनिक तकनीकी युग के अनुसार कुशल प्रोफेशनल तैयार करने की सुविधाएं हैं -डॉक्टर सिंह



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** किसी भी कार्यस्थल की उत्पादकता उसके कर्मचारियों पर निर्भर करती है, इसलिए कार्यालय का माहौल और व्यवस्थाएँ कर्मचारियों के अनुकूल होनी चाहिए। किसी भी देश के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने की शुरूआत स्कूल व कॉलेज से होती है। लेकिन भारत में स्कूल व कॉलेज तो हैं लेकिन उनमें आधुनिक तकनीकी युग के अनुसार कुशल प्रोफेशनल तैयार करने की सुविधायें नहीं हैं। हमें बच्चों की शैक्षिक अवस्था से ही उन्हे उद्यमी, खिलाडी, कला और उनकी अन्य रूचि के अनुसार वातावरण एवं सुविधाएँ देनी चाहिए, यह कहना है कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह का। डॉ. उदय भान सिंह 20 मई 2025 मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय मानव संसाधन दिवस पर आयोजित संगोष्ठी मैं अपने विचार व्यक्त कर रहे थे, डॉ.उदय भान सिंह ने कहा कि खेती के आमूल-चूल परिवर्तन एवं आधुनिकीकरण करने की आवश्यकता है। इसके लिए बेहतर मानव संसाधन तैयार करने हेतु किसान, वैज्ञानिक एवं नीति निर्माताओं को मिलकर काम करने की जरूरत है। किसी भी कार्यस्थल पर अधिकारी व कर्मचारियों के बेहतर तालमेल से काम करने से वहाँ की उत्पादकता बढती है। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि हमारे देश में ज्यादातर कार्यस्थलों को महिला व दिव्यांगों की सुविधाओं के अनुरूप नही बनाया गया है।

## राष्ट्रीय पत्रकार संस्था पीलीबंगा का हुआ गठन



बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़ ( राजेश खारड़ू )।** पीलीबंगा उपखंड क्षेत्र पीलीबंगा के पत्रकारों द्वारा मंगलवार को लगन पैलेस में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के उपस्थित पत्रकारों द्वारा पीलीबंगा में पत्रकारों का एक नव संगठन का गठन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय पत्रकार संस्था के नाम से नव संगठन का अध्यक्ष हेतराम इंदलिया की अध्यक्षता में गठन किया उसमें अध्यक्ष हेतराम इंदलिया, उपाध्यक्ष जितेंद्र बंसल, कोषाध्यक्ष सुशील काठपाल, सचिव सन्दीप सचदेवा, सह सचिव मदनलाल पण्डितांवाली, संगठन मंत्री प्रेम आजाद, मीडिया सलाहकार के सी. चौधरी, तथा प्रेस प्रवक्ता अजय मित्तल को मनोनीत किया गया। इसी कड़ी में जसविंद्र ढिल्लों, राजेश खारडू, भंवरलाल नेहरा, देशराज, सुखवंत सिंह को इस नवगठित कार्यकारिणी में सदस्यों के रूप में लिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय पत्रकार संस्था अध्यक्ष हेतराम इंदलिया ने न्यूज़ कवरेज के दौरान पत्रकारों के समक्ष आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित करने की बात कही। उपाध्यक्ष जितेंद्र बंसल ने पत्रकारों को समाज का आईना बताते हुए निष्पक्ष रूप से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने की अपील की। प्रेस प्रवक्ता अजय मित्तल ने उक्त सभी पदाधिकारीयों व सदस्यों को इस संगठन के गठन के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि सभी पत्रकार बंधुओ द्वारा संगठन एवं समाज के हित में स्वच्छ रूप से कार्य किया जाएगा। इस संगठन में विधिक सलाहकारों में महावीर आहूजा व अशोक चालिया एडवोकेट को नियुक्त किया गया सचिव सन्दीप सचदेवा ने इस दौरान पधारे सभी पत्रकार बंधुओ का आभार जताया।

## तिरंगा यात्रा आज

बढ़ता राजस्थान

रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा)। रूपबास कस्बे में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा की तैयारी बैठक ब्रजेंद्र भवन पर पूर्व प्रदेश मंत्री और लोकसभा समन्वयक भानुप्रताप सिंह राजावत के मुख्य आतिथ्य एवं विधानसभा संयोजक नवीन कुमार दुबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि शहर मण्डल अध्यक्ष चन्द्रमोहन शर्मा, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष खजान सिंह,सहसंयोजक कृष्णा जाट,बार संघ के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश पाराशर, बार संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य राकेश भातरा,पार्षद नीरज गौड़,सन्तोष सिकरवार, विनोद मंगल रहे।लोकसभा समन्वयक भानुप्रताप सिंह राजावत ने बताया कल सुबह 8 बजे तिरंगा यात्रा मुदगल मैरिज होम धौलपुर रोड़ से हनुमान मंदिर स्टेट बैंक के पास तक जाएगी जिसमें पूर्व सैनिक,शहीदों के परिजन भाग लेंगे।

## चकाचक बगीची के पास पालिका की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर नागरिको की शिकायत

### एसडीएम और ईओ को ज्ञापन आरोपी कर रहे कब्जा, कार्यवाही नहीं हुई तो खतरा,

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के होद मोहल्ले में कहार गली को जाने वाले रास्ते पर स्थित चकाचक वाली बगीची के पास नगर पालिका की करीब तीन बीघा शिवायचक भूमि स्थित है। जिसका खसरा नंबर 4718 है। उक्त भूमि में एक पुराना सार्वजनिक कुआं भी बना हुआ है। जिस पर पास में रहने वाले कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया है। जो स्थानीय लोगों को वहां से पानी भी नहीं भरने दे रहे साथ में आसपास की बगीचियों में मंदिरों और पुश्तैनी चबूतरो को भी आरोपी कब्जे में लेना चाहते हैं। जिसको लेकर लगातार झगड़े और मारपीट के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में पीड़ित परिवारों द्वारा मंगलवार को बाड़ी उपखंड अधिकारी और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन के दौरान मलक पाड़ा अशोक चौधरी,अनिल कुमार गर्ग,राकेश वर्मा आदि ने बताया की होद मोहल्ले में कहार गली के पास मुख्य रूप से तीन बगीचियां हैं। जिन्हें टीकू चौधरी की बगीची,भूतों की बगीची और चकाचक बगीची कहते हैं। इन पर सम्बंधित परिवारों के पूर्वजों के चबूतरे बने हैं और मंदिर भी स्थित है। इनके पास में नगर पालिका की आरजी खसरा नंबर 4718 पर करीब 3 बीघा भूमि स्थित है। जिस पर पास के रहने वाले कुछ आरोपी कब्जा कर रहे हैं। कुए को पूरी तरह कब्जे में ले लिया है।

इतना ही नहीं आरोपियों की नज़र उनकी बगीची और मंदिरों के साथ पुश्तैनी चबूतरो पर भी है। इसी को लेकर आए-दिन झगड़ा होते हैं। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को परेशान किया जाता है। ऐसे में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल और बाड़ी उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सोपा है मामले में कानूनी कार्यवाही करने आरोपियों के खिलाफ एक्शन लेने और भूमि और कुए को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान मलक पाड़ा मोहल्ला निवासी मुकेश, सुनील, मोहित,दिनेश, संजय, नरेश,नमन,मनोज गर्ग,अनिल गर्ग,मयंक सहित दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।

## बाड़ी नगर पालिका द्वारा शहर में अवैध रूप से चल रहे दौना पत्तल फैक्ट्री को किया सीज

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी नगर पालिका द्वारा मंगलवार को जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी के आदेशानुसार उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के निर्देशन में तहसीलदार एवं मौका मजिस्ट्रेट उत्तमचंद बंसल की उपस्थिति में अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल के नेतृत्व में शहर के अलीगढ़ पर साबुद्दीन पुत्र जुम्मा की फैक्ट्री पर पहुंचे जिसमें चार मशीन संचालित पाई गईं आवास होने के कारण सील नहीं की गई मालिक को पाबंद किया गया वहीं फैक्ट्री मालिक महावीर पुत्र बाबूलाल कुशवाह को समझाइश कर मालिक को पाबंद किया गया अलीगढ़ रोड़ पर ही द्वारिका प्रसाद पुत्र छिद्दाप्रसाद द्वारा संचालित दौना पत्तल फैक्ट्री जिसमें 20 मशीनें लगी हुई थी जो बिना परमीशन अवैध रूप से संचालित पाई फैक्ट्री मालिक को पाबंद किया गया कि फैक्ट्री को बिना परमीशन के नहीं चलाएं मौके पर ही उक्त फैक्ट्री गोदाम को सील किया गया इस दौरान तहसीलदार एवं मौका मजिस्ट्रेट उत्तमचंद बंसल, अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल, वरिष्ठ प्रारूपकार सुधीर कुमार त्यागी, कनिष्ठ अभियंता अमित कुमार गोयल,सफाई प्रभारी यादवेंद्र सिंह तोमर, वरिष्ठ सहायक लोकेश कुमार गर्ग,गिरदावर महावीर सिंह, गिरदावर मानवेन्द्र सिंह परमार, आशीष कुमार बंसल, जयप्रकाश,तपेश बिधूडी, शिवशंकर पचौरी, धर्मेन्द्र शिवहरे,सहाब सिंह जमादार, पप्पू जमादार, टीटू जमादार, सहित अन्य कार्मिक एवं पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

## रेल परियोजना के तहत किसानों की गई अधिग्रहण भूमि का मुआवजा शीघ्र दिया जाना करें सुनिश्चित : सांसद

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर( राजू शर्मा )।** करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के समग्र विकास के लिए सक्रिय रहकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना सुनिश्चित करें। सांसद भजनलाल जाटव ने मंगलवार को जिला परिषद सभागार मे दिशा की बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने नेशनल हाईवे पर गड्डों की मरम्मत करने, नालों की सफाई करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा पर इमरजेंसी लेन में कार्मिकों की नियुक्ति की जाये जिससे एम्बुलेंस आदि को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बैठक में उन्होंने धौलपुर-गंगापुर रेल परियोजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य को तय समय सीमा के तहत पूर्ण किया जाना सुर्निश्चित करें। उन्होंने रेल्वे के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरानीखेड़ा अण्डर पास से बसई सामन्ता के आमजन के आवागमन के लिए 100 मीटर पक्का मार्ग बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रेल परियोजना कार्य के लिए किसानों की गई अधिग्रहण भूमि का मुआवजा शीघ्र अतिशीघ्र देना सुनश्चित करें। उन्होंने बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कहा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कार्य समय सीमा मे पूर्ण हो व गांव व ढाणियों मे रह रहे आमजन को निश्चित समय सीमा मे पेयजल उपलब्ध हो और यह भी सुनिश्चित करें कि पेयजल लाईन बिछाते समय गांव व शहरों मे सड़क क्षतिग्रस्त होने पर उसकी शीघ्र ही मरम्मत करवायें जिससे आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बैठक मे जल जीवन मिशन के तहत अधिक से अधिक कनेक्शन जारी करने, पीएम आवास योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा कार्यों की मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। धौलपुर शहर में जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु नगर परिषद आयुक्त को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त खम्भों की मरम्मत करने, ढीले तारों को कसवाने के निर्देश दिए। पंचायत समिति के माध्यम से खराब हैडपम्पों की मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने दिए गए निर्देशों की पालना करवाने हेतु आश्वत किया साथ ही आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## हनुमानगढ़ में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने सिखाए आत्मरक्षा के गुर

बढ़ता राजस्थान




**हनुमानगढ़ ( राजेश खारड़ू )।** सुमाहिता स्किल एजुकेशन इंडिया फाउंडेशन संस्थान में राजस्थान पुलिस के निर्देशानुसार कालिका पेट्रोलिंग टीम की एएसआई इंद्रा कांस्टेबल राजबाला, एवं माया ने आत्मरक्षा को लेकर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को सुरक्षा एवं बचाव के महत्वपूर्ण कौशल सिखाए व बेटियों को अच्छे टच और बुरे टच की पहचान बताई, साथ ही डायल 112 और 1090 के माध्यम से आपातकालीन सहायता लेने की प्रक्रिया समझाई। बेटियों को राजकोप सिटीजन ऐप का उपयोग और महिला सुरक्षा की जानकारी भी दी गई। सुमाहिता स्किल एजुकेशन इंडिया फाउंडेशन के डायरेक्टर राजेश बारवासा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को देखते हुए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट शुरू की गई है। जो कि महिला कांस्टेबल कस्बे में भीड़ भाड़ भरे क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों, बस स्टैंड आदि क्षेत्र में गश्त करती है।

इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं के साथ किसी भी तरह की कोई अप्रिय वारदात, छेड़छाड़ आदि नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाता है । उन्होंने बताया कि ऐसी कोई घटना होने पर महिला कांस्टेबल स्वयं कार्रवाई करती है और जरुरत पडने पर पुलिस थाने से जाब्ता भी बुला सकती है। महिलाओं की सुरक्षा हमेशा से एक संवेदनशील मुद्दा रहा है, विशेषकर उन इलाकों में जहां अकेले यात्रा करना मुश्किल होता है। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की यह नई व्यवस्था महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी और उन्हें सुरक्षा का अहसास कराएगी। इस मौके पर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की टीम एवं छात्राएं एवं फाउंडेशन स्टाफ मौजूद रहा।

बढ़ता राजस्थान की खबर पर हुआ रिएक्शन

# राजकीय सामान्य अस्पताल में प्राइवेट लैब के कर्मचारी धड़ल्ले से लेते थे सैंपल पीएमओ ने जारी किए रोक के आदेश

■ फाईनेंशियल वेंटिंलेटर पर मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना ■ अस्पताल पर 60 लाख रूपये बकाया, जांचो मे काम आने वाले केमिकल की सप्लाई बंद

## मलेरिया, थायराइड, यूरिन इंफेक्शन, लिवर की जांचे प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिला मुख्यालय का प. बृजसुन्दर शर्मा अ श्रेणी चिकित्सालय मे इन दिनो फाईनेंशियल वेंटिंलेटर पर है क्योकि विभिन्न मदो मे बजट की कमी के चलते स्वास्थ्य सेवाये प्रभावित हो गई है और मरीजो पर आर्थिक मार पड़ रही है। वर्तमान मे जिला अस्पताल मे एक्सरे व सोनाग्राफी सहित 56 प्रकार की जांचो की सुविधा है जिनमे से 12 प्रकार की जांचे नही हो रही है, इससे अस्पताल मे भर्ती व आउटडोर मरीजो को जांचे निजी लेबो मे पैसे देकर करवानी पड रही है, पर चिकित्सा महकमे को इस बात की चिंता नही है और न ही मेडिकल रिलिफ सोसायटी को। बस जिला प्रशासन व पीएमओ पत्र व्यवहार करके दिन निकाल रहे है। जिला मुख्यालय के अस्पताल मे दम तोड़ रही निशुल्क जांच योजना के बारे मे जब बढ़ता राजस्थान संवाद्दाता अनंत दाधीच द्वारा पड़ताल की गई तो सामने आया कि विभिन्न जांचो के काम मे आने वाले केमिकल की सप्लाई संवेदक फर्म ने पुराना भुगतान नहीं होने के कारण बंद कर दी है जिससे 12 प्रकार की जांचे प्रभावित है। इसमे किडनी, लीवर, पीलिया, थायराइड, यूरिन इंफेक्शन सहित अन्य जांचे शामिल है। इस दौरान सामने आया कि केमिकल सप्लाई करने वाली फर्म का प्रमुख चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर लगभग 60 लाख रूपये से अधिक बकाया है। पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी कार्यालय बजट नही होने की वजह से केमिकल सप्लाई करने वाली फर्म को भुगतान नही कर पा रहा है। जिससे अस्पताल मे निशुल्क होने वाली जांचो की स्थिती बिगड गई है। संवेदक फर्म को भुगतान करने के लिये बजट उपलब्ध करवाने के लिये जिला कलक्टर भी दो माह पूर्व चिकित्सा सचिव को पत्र लिख चुके है पर चिकित्सा निदेशालय बजट जारी नही कर रहा है। अगर केमिकल सप्लाई करने वाली फर्म को भुगतान नही किया गया या नये टेण्डर नही किये गये तो जिला अस्पताल मे आने वाले दिनो मे निशुल्क जांच योजना के हालात बिगड़ने वाली है। और मरीजो की सरकारी अस्पताल मे जेब कटने वाली है , इससे शहर की प्राइवेट लेबो की चांदी होगी।



16 मई को प्रकाशित समाचार



### पीएमओ ने जारी किये निर्देश

बढ़ता राजस्थान मे 15 मई को वार्डो मे 'निजी लेब कर्मचारियो की तैनाती, सरकारी अस्पताल में निजी लैब वालों की हो रही बल्ले बल्ले ' शीर्षक से समाचार प्रकाशित होने के बाद सोमवार को प्रमुख चिकित्सा अधिकारी प्रभाकर विजय ने कार्यालय आदेश जारी कर अस्पताल के वार्ड प्रभारियो को अपने अपने वार्डो मे निजी लेब कर्मचारियो द्वारा मरीजो के सेम्पल लेने पर रोक लगाने को कहा है। पीएमओ ने कहा कि भविष्य मे निजी लेब कर्मचारी अस्पताल के वार्डो मे सेम्पल लेते हुये नजर आये तो वार्ड प्रभारी जिम्मेदार होगे। अब देखना यह है कि वार्ड प्रभारी पीएमओ के आदेश पर निजी लेब कर्मचारियो की वार्डो मे प्रवेश पर रोक लगाते है या नही।

### इनका कहना है...

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पूर्व मे शुरू की गई जनहित की चिकित्सा सेवाओ को सुचारू रूप से चलाने मे विफल हो गया है। अस्पताल मे जांचे बंद होने से मरीजो को जांचे बाहर करवानी पडी रही है, जिससे उन पर आर्थिक भार पड रहा है और मानसिक परेशानी उठानी पड रही है। राज्य सरकार को बूंदी जिला चिकित्सालय की बकाया राशि को जल्द जारी करना चाहिए। मै मांग करता हूं कि लोकसभाध्यक्ष ओम बिडला को अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर बूंदी जिला चिकित्सालय की बकाया राशि का दिलाना चाहिए ताकि स्वास्थ्य सेवाये सुचारू रह सके।

**हरिमोहन शर्मा, विधायक बूंदी।**

# भीलवाड़ा कलेक्ट्री परिसर में बम की धमकी से मचा हड़कंप, बाद में निकली मॉकड्रिल

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिला कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब कार्यालय को एक संदिग्ध ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस ई-मेल के वायरल होते ही प्रशासनिक महकमे में अफरा-तफरी मच गई और सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्परता से कलेक्ट्रेट परिसर खाली करवाकर बाहर निकाला गया। बाद में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह एक मॉकड्रिल (आपातकालीन अभ्यास) का हिस्सा थी, जिसे सुरक्षा उपायों की जांच और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए आयोजित किया गया था। आज सुबह 10.45 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय को एक मेल प्राप्त हुआ जिसमें बम से कार्यालय को उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस सूचना के मिलते ही जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने तत्काल हरकत में आते हुए पूरे परिसर को खाली करवाया और बम निरोधक दस्ते को अजमेर से बुलाया गया। इस बीच पुलिस ने तत्काल कलेक्ट्रेट परिसर के सभी मुख्य द्वार बंद कर दिए और हर आने-जाने वाली गाड़ियों की गहनता से जांच शुरू कर दी। बम निरोधक दस्ता भी मौके पर पहुंचा और पूरे परिसर की सघन तलाशी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों के साथ-साथ जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर निगरानी बनाए रखी।

हालांकि कुछ ही समय बाद यह स्पष्ट हो गया कि यह धमकी एक मॉकड्रिल का हिस्सा थी। यह अभ्यास इसलिए किया गया था ताकि यह देखा जा सके कि आपात स्थिति में प्रशासनिक तंत्र, पुलिस बल, सुरक्षा एजेंसियाँ और कर्मचारी कितनी जल्दी और प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया दे सकते हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में काम कर रहे कई कर्मचारी और अधिकारी शुरुआत में इस धमकी से बेहद घबराए हुए नजर आए। परिसर के बाहर जमा भीड़ में भी बेचैनी साफ देखी जा सकती थी। कई लोग एक-दूसरे से मेल की जानकारी पूछते दिखे। लेकिन जब यह जानकारी मिली कि यह सब एक पूर्व नियोजित मॉकड्रिल है, तो सभी ने राहत की सांस ली। इस मॉकड्रिल में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की तत्परता और सतर्कता देखने को मिली। बम की सूचना के तुरंत बाद बिना किसी देरी के परिसर को खाली कराया गया, लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया गया और सुरक्षा टीमों ने घटनास्थल पर समय रहते पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हमारी प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा है। मॉकड्रिल जैसे अभ्यास हमें तैयार रखते हैं कि किसी भी वास्तविक स्थिति में हम बिना घबराए सही निर्णय ले सकें। वहीं कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि यह अभ्यास सुरक्षा प्रबंधन के तहत किया गया था। इससे यह सुनिश्चित किया गया कि संकट की घड़ी में हमारी तैयारी कैसी है और क्या सुधार की आवश्यकता है। इस तरह की मॉकड्रिल भविष्य में भी समय-समय पर की जाती रहेंगी ताकि प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखा जा सके। हालांकि शुरुआत में अफरा-तफरी जरूर मची, लेकिन अंतत: यह एक जरूरी और सफल अभ्यास साबित हुआ।

## चारा काटने की मशीन खरीदने पर किसानों को मिलेगा 50 प्रतिशत तक अनुदान, ऑनलाइन करना होगा आवेदन

बढ़ता राजस्थान



**बारां, ( लेखराज शर्मा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार कृषि विभाग की ओर से किसानों को चारा काटने और चारा कुतरने के लिए कुट्टी मशीन (चाप कट्टर) की खरीद करने पर 40 से 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। इसके लिए आवेदन करने वाले किसानों के स्वयं के नाम से कृषि भूमि होना आवश्यक है। आवेदन को स्वयं के स्तर पर या नजदीकी ई-मित्र केन्द्र पर जाकर जन आधार नंबर के माध्यम से आवेदन करना होगा। अनुदान के लिए वर्तमान में आवेदन प्रक्रिया शुरू है। अनुदान का भुगतान किसान के बैंक खाते में विभाग की ओर से ऑनलाइन किया जाता है। किसानों को उनकी श्रेणी के अनुसार अधिकतम 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। राज किसान पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का रेंडमाइजेशन के उपरांत ऑनलाइन वरीयता क्रम के आधार पर आवेदन पत्रों का निस्तारण किया जाएगा। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक धनराज मीणा ने बताया की सहायक कृषि अधिकारियों की ओर से गांवों में किसानों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही योजना का प्रचार प्रसार कर किसानों को फायदा लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### किसान ऐसे कर सकते हैं आवेदन

किसान स्वयं के स्तर पर या नजदीकी ई-मित्र केन्द्र पर जाकर जन आधार नंबर के माध्यम से आवेदन कर सकेगा। आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा कर रसीद ऑनलाइन ही प्राप्त कर सकेगा। किसान नागरिक लॉगिन पर आवेदन कर सकते हैं। पुरुष लघु एवं सीमांत किसान को लागत का 50 प्रतिशत तक, पुरुष अन्य श्रेणी के किसानों को लागत का 50 प्रतिशत महिला किसान को लागत का 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। आवेदन के समय जनाधार कार्ड, जमाबंदी की, लघु सीमान्त कृषक का प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो), कोटेशन होना आवश्यक है। इसके अलावा जन आधार किसान के बैंक खाते से जुड़ा होना आवश्यक है।

## धूलखेड़ा के उल्टी दस्त रोगियों का सांवलियाजी जिला चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ एवं बेगू उप जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है उपचार

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** गत दिनों जिले के बेगू उपखंड के धूल खेड़ा में दूषित पानी पीने से उल्टी दस्त के शिकार मरीजों का सांवलिया जी जिला चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ एवं बेगू उप जिला चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है। एक गंभीर महिला रोगी चित्तौड़गढ़ के सांवलियाजी राजकीय चिकित्सालय के आई सी यू में भर्ती है। जिला कलक्टर आलोक रंजन मंगलवार को जिला चिकित्सालय पहुंचकर आईसीयू में भर्ती महिला रोगी के परिजनों एवं चिकित्सा अधिकारियों से दिए जा रहे उपचार एवं वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और आईसीयू में 24 घंटे गंभीर मरीजों के उपचार करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर इसके पश्चात महिला वार्ड भी पहुंचे और भर्ती महिला रोगियों से दिए जा रहे उपचार एवं वर्तमान स्थिति पर रोगियों से जानकारी ली। उन्होंने महिला वार्ड में बंद पड़े पंखों एवं कुलर को तत्काल चलाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर इससे पूर्व बेगू उपखंड के धूलखेड़ा पहुंचे और नल की प्लास्टिक पाइपलाइन में मिले गंदे पानी की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को इसे तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि चिकित्सा टीम द्वारा घर-घर सर्वे कराया गया है एवं रोगियों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन लीकेज की यह पहली घटना है, इससे पूर्व इस तरह की समस्या नहीं आई थी। उन्होंने कहा कि प्रभावित पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्र में टैंकरों से पानी की सप्लाई करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आज बेगू में जाकर स्थिति का आकलन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उपखंड निरीक्षण के दौरान बेगू विधायक सुरेश धाकड़, अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद कुमार मल्होत्रा सहित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं चिकित्सा विभाग की टीम साथ रहें।

## मुकेश नागर धाकड़ महासभा राजस्थान के प्रचार मंत्री नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**जजावर ( पदम शाह )।** धाकड़ महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष इंद्रसिंह मंडलोई ने महासभा की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी में सीसोला निवासी पूर्व पंचायत समिति सदस्य मुकेश नागर को महासभा का प्रदेश स्तरीय प्रचार मंत्री नियुक्त किया है। समाज के तहसील एवं जिला स्तरीय संगठनो मे कई पदों पर कार्य कर चुके मुकेश नागर लंबे समय से क्षेत्र मे समाज एवं गैर समाज की सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने की वजह से लोकप्रिय लोगो में शामिल है जिनको धाकड़ महासभा मे प्रदेश स्तरीय दायित्व की जिम्मेदारी देने पर जजावर धाकड़ समाज के विष्णु नागर,महावीर नागर वार्ड पंच, पप्पू लखपति, एवं सीसोला धाकड़ समाज के लोगो ने खुशी जाहिर करते हुए प्रदेशाध्यक्ष मंडलोई का आभार जताया है।

### राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना अंतर्गत महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना के अंतर्गत मंगलवार को जिले में सामुदायिक प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र में समूह और ग्राम संगठन ऑडिटर के प्रशिक्षण में जिला पुलिस बल द्वारा महिला आत्मरक्षक सुरक्षा प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में जिला स्तरीय महिला पुलिस अधिकारी राजकुमारी और मांडल पुलिस थाने से निरमा ने सभी सहभागियों को आत्म सुरक्षा करने हेतु जानकारी दी तथा राज कोप ऐप की जानकारी भी प्रदान की। यह प्रशिक्षण 4 दिवस तक दिया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान प्रदेशाध्यक्ष अमित जोशी राजीविका कार्मिक संगठन राजस्थान, जिला प्रबंधक रामप्रसाद शर्मा ,ब्लॉक परियोजना प्रबन्धक चंद्रशेखर ओझा उपस्थित थे।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक फ्लैगशिप योजना सहित बजट घोषणाओं की समीक्षा की



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं और बजट घोषणा पर चर्चा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विभागीय अधिकारियों से बजट घोषणा के कार्यों को गंभीरता से लेते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से जल परिवहन संबंधी जानकारी लेते हुए जहां पानी की आवश्यकता है वहां टैंकर से पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को चिकित्सालय में सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रखने एवं शिक्षा विभाग से मुख्यमंत्री शिक्षित अभियान की प्रगति की जानकारी ली। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करने, पेंडिंग ई फाइलों का निस्तारण करने एव संतुष्टि का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, आयुक्त नगर परिषद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कृषि सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी की शौर्य शक्ति यात्रा आज

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी की शौर्य शक्ति यात्रा आज सायं 5.30 बजे रेलवे स्टेशन चौराहा से प्रारंभ होगी। यह जानकारी महानगर प्रचार प्रसार प्रमुख विराट सोनी और महानगर मंत्री ओमप्रकाश लड्ढा ने दी। उन्होंने बताया कि यह शौर्य संचलन यात्रा पूर्ण गणवेश में निकाली जाएगी और शहर के मुख्य बाजारों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा में दुर्गावाहिनी की बहनों द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन भी किया जाएगा। विभाग मंत्री विजय ओझा ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में भीलवाड़ा, अजमेर, बारा और कोटा विभाग की लगभग 200 बहनों ने भाग लिया है। शौर्य संचलन यात्रा रेलवे स्टेशन कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर सरकारी दरवाजा, पुराना वाला हरि भाई कचौरी वाला, बाजार नंबर 3, आजाद चौक, बजरंगी चौराहा, देहली स्वीट्स, सिंगल हॉस्पिटल, भीमगंज थाना, हिंदू महासभा कार्यालय, सराफा बाजार, बड़ा मंदिर, धान मंडी होते हुए शहीद चौक पर समाप्त होगी।

## हार्टफुलनेस ध्यान एवं योग नेहरु गार्डन में

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** शहर के नेहरु गार्डन में प्रात: हार्टफुलनेस संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से ठीक एक माह पूर्व हार्टफुलनेस ध्यान एवं योग दिवस सत्र आयोजित कर शहर के आध्यात्मिक प्रगति और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति अलख जगा दी। हार्टफुलनेस के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर योगेश लढ़ा ने बताया कि आज 70 से अधिक महिला, पुरुष, बालक, बालिकाओं ने इस कार्यक्रम में बहुत रुचि से भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में न्यू हॉप योगा जोन की आशा रामचंदानी, स्वीटी मीणा, संजीवनी बैरवा, रोशनी मनवानी ने मुद्रा एवं योग का अभ्यास करवाया। इसके पश्चात हार्टफुलनेस रिलेक्सेशन एवं ध्यान योगेश लढ़ा व अरुण आचार्य ने करवाया। साथ ही बताया कि शहर में दैनिक हार्टफुलनेस ध्यान एवं योग नेहरु गार्डन में मंगलवार को शहर के लव गार्डन में प्रात: हार्टफुलनेस संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से ठीक एक माह पूर्व हार्टफुलनेस ध्यान एवं योग सत्र आयोजित कर शहर के आध्यात्मिक प्रगति और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति अलख जगा दी। हार्टफुलनेस के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर योगेश लढ़ा ने बताया कि 70 से अधिक महिला, पुरुष, बालक, बालिकाओं ने इस कार्यक्रम में बहुत रुचि से भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में न्यू हॉप योगा जोन की आशा रामचंदानी, स्वीटी मीणा, संजीवनी बैरवा, रोशनी मनवानी ने मुद्रा एवं योग का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में हार्टफुलनेस प्रशिक्षक अन्नू कपूर दीदी, डाल चंद गंगवाल, रमेश चंद्र मेवाड़ा, सुशील पारीक तथा अभ्यासी रवि कृष्णा, मनीष गंगवाल, सोनाक्षी, ललिता सिंगल, कैलाश चंद्र सोमानी, ओम प्रकाश शर्मा, गणेश लाल गुप्ता, मूलचंद बापना, प्रदीप विजयवर्गीय आदि की सक्रिय उपस्थिति रही।

# अब वक्त आ गया है... एमएस धोनी के आईपीएल से संन्यास को लेकर पूर्व विश्व कप विजेता साथी खिलाड़ी का बड़ा बयान

नई दिल्ली



आईपीएल 2025 में ऋतुराज गायकवाड़ के इंजर्ड होने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने पर चेन्नई सुपर किंग्स की कमान सबसे अनुभवी एमएस धोनी के हाथों में है। इस सीजन का लीग चरण अब अपने अंतिम दौर में है और धोनी की कप्तानी में सीएसके का बुरा हाल है। वह 12 मैचों में सिर्फ तीन जीत दर्ज की हैं। ऐसे में एक बार फिर एमएस धोनी के आईपीएल से संन्यास का मुद्दा उठने लगा है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज और 2007 टी20 विश्व कप के हीरो जोगिंदर शर्मा का कहना है कि एमएस धोनी के लिए अब आईपीएल से दूर होने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि धोनी अभी भी विकेटों के बीच तेज हैं, लेकिन सीएसके के आइकन अपने घुटने की सर्जरी के बाद से पहले जैसे नहीं रहे हैं।

### जोगिंदर शर्मा बोले- अब आराम करने का समय आ गया

आईपीएल 2025 में सीएसके के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एएनआई से बात करते हुए जोगिंदर शर्मा ने कहा कि माही के फिटनेस स्तर को देखते हुए, उन्हें अपनी फिटनेस साबित करने के लिए (क्रम में) ऊपर खेलना चाहिए, लेकिन मेरा मानना है कि उनके आराम करने का समय आ गया है। बता दें कि पांच बार की चैंपियन सीएसके प्लेऑफ में जगह बनाने में विफल रही है। 16 साल के उनके इतिहास में ये सिर्फ तीसरी बार है, जब वह प्लेऑफ से चूकी है।

### धोनी संन्यास पर तोड़ी थी चुप्पी

दरअसल, पिछले महीने चेपॉक में उनके परिवार के मौजूद होने और बल्लेबाजी क्रम में उनके नीचे जाने के बाद से धोनी के संन्यास की अटकलें और तेज़ हो गई हैं। हालांकि धोनी ने खुद कहा था कि अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है। केकेआर के खिलाफ जीत के बाद उन्होंने कहा था कि इस आईपीएल के खत्म होने के बाद मुझे यह देखने के लिए 6-8 महीने और कड़ी मेहनत करनी होगी कि मेरा शरीर इस दबाव को झेल सकता है या नहीं। अभी कुछ तय नहीं करना है।

### सीएसके ने कही थी ये बात

सीएसके के अंदरूनी सूत्रों का कथित तौर पर मानना है कि धोनी आईपीएल 2026 में भी खेल सकते हैं, क्योंकि फ्रैंचाइज़ी की कमियों को पूरा करने के लिए उनका होना जरूरी है। ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी बनी हुई है और वे लगातार आयोजन स्थलों पर भीड़ खींच रहे हैं। इस सीज़न में उनके योगदान के बावजूद प्रशंसक बड़ी संख्या में एमएस धोनी के समर्थन में आए हैं।

### फ्लेमिंग ने भी फिटनेस को लेकर जताई थी चिंता

स्टंप के पीछे धोनी की सजगता और उनकी फिनिशिंग क्षमता अभी भी चमकती है, लेकिन मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि धोनी कि पूरी ताकत से 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं। घुटने की सर्जरी के बाद और बढ़ती उम्र के साथ आने वाले महीने यह निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होंगे कि क्या आईपीएल ने अपने सबसे प्रतिष्ठित नेता को अंतिम समय में देखा है।

# दिग्वेश की अभिषेक से मैदान पर हुई तीखी नोकझोंक

## एक मैच के लिए सस्पेंड, जुर्माना भी लगा, मार्श को मिले 4 जीवनदान

लखनऊ।

आईपीएल के 61वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स ने 7 विकेट खोकर 205 रन बनाए। जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद ने 18.2 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। सोमवार को रोचक मोमेंट्स और रिकार्ड्स देखने को मिले। छठे ओवर में मिचेल मार्श का छक्का स्टेडियम में मौजूद कार पर जा लगा। दिग्वेश राठी के नोट बुक सेलिब्रेशन के बाद अभिषेक शर्मा के साथ उनकी बहस हुई। इसके लिए राठी को एक मैच के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। ईशान मलिंगा ने ऋषभ पंत का एक हाथ से कैच लपका। मिचेल मार्श को 4 जीवनदान मिले।

### मार्श ने चौके से खाता खोला

लखनऊ से ओपनिंग करने आए मिचेल मार्श ने मैच की पहली ही बॉल पर चौका लगा दिया। हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने ऑफ स्टंप से बाहर छोटी लेंथ की गेंद फेंकी। मार्श ने कवर के ऊपर से हवा में उड़ाकर चौका हासिल कर लिया। इस ओवर में मार्श ने एक सिक्स भी लगाया और 11 रन बटोरे।

### हर्ष की पहली बॉल पर किशन का कैच ड्रॉप

अपने आईपीएल डेब्यू के पहली ही बॉल पर हैदराबाद के स्पिनर हर्ष दुबे विकेट लेने से चूक गए। दूसरा ओवर डाल रहे दुबे ने मार्श को ऑफ स्टंप से बाहर धीमी बॉल फेंकी। मार्श ने इसे जोर से मारने की कोशिश की। लेकिन गेंद, बैट का निचला किनारा लेकर किशन की ओर गई। किशन ने इसे अपनी टांगों के बीच रोकने की कोशिश की। लेकिन कैच छूट गया।



### ईशान ने मार्करम की स्टंपिंग छोड़ी

चौथे ओवर की पहली बॉल पर विकेटकीपर ईशान किशन ने एडेन मार्करम को स्टंपिंग करने का मौका छोड़ दिया। हर्ष दुबे ने लेग साइड में फुलर गेंद फेंकी। मार्करम आगे निकले और फ्लिक करने से चूक गए, लेकिन किशन गेंद को साफ तौर पर इकट्ठा नहीं कर पाए।

### मार्श का सिक्स कार पर जा लगा

छठे ओवर की पहली बॉल पर मिचेल मार्श के सिक्स से स्टेडियम में खड़ी कार पर डेंट बन गया। ईशान मलिंगा ने बैक ऑफ लेंथ गेंद डाली। मार्श ने इसे डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग के ऊपर से उड़ाया और गेंद बाउंड्री होर्डिंग के ठीक पीछे खड़ी टाटा कर्व कार पर जाकर लगी, जिससे कार पर डेंट बन गया।

### ईशान मलिंगा ने एक हाथ से डाइविंग कैच लपका

12वें ओवर की आखिरी बॉल पर ईशान मलिंगा के शानदार डाइविंग कैच से ऋषभ पंत पवेलियन लौटे। मलिंगा ने स्लोअर स्पीड की यॉर्कर बॉल डाली। पंत आगे झुके और इसे रोकने की कोशिश की।



### हर्षल के ओवर में मार्श के 2 कैच छूटे

किशन ने मार्श का दूसरा कैच छोड़ा 9.4 ओवर में हर्षल पटेल की बॉल पर मिचेल मार्श को फिर से जीवनदान मिला। ऑफ स्टंप के बाहर फुलर गेंद पर मार्श ने ड्राइव शॉट खेला। यहां बैट का बाहरी किनारा लगा और बॉल किशन के दाहिने हाथ के दस्ताने के ऊपरी हिस्से को छूती हुई निकल गई। हर्षल ने कैच ड्रॉप किया 10वें ओवर की आखिर बॉल पर हर्षल ने अपनी फॉलो-थ्रू पर कैच पकड़ा। लेकिन थर्ड अंपायर ने इसे नॉट आउट दे दिया। हर्षल ने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ की गेंद फेंकी। मार्श ने इसे गेंदबाज की ओर वापस पुश किया। हर्षल नीचे झुके और कैच पकड़ लिया। उन्होंने अपील की और अंपायर ने डिसीजन थर्ड अंपायर के पास भेजा दिया। रिव्यू में अंपायर ने कई एंगल्स चेक किए। इसके बाद तीसरे अंपायर वीरेंद्र शर्मा ने समय लिया और फिर कहा कि उन्हें गेंद जमीन पर दिख रही है। बड़ी स्क्रीन पर नॉट आउट फ्लैश हुआ।

# बांग्लादेश के खिलाफ यूएई ने एक गेंद पहले दर्ज की रोमांचक जीत, सीरीज 1-1 की बराबरी पर



नई दिल्ली।

बांग्लादेश और यूएई के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का दूसरा मुकाबला सोमवार 19 मई की रात शारजाह के शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ने तंजीद हसन के अर्धशतक की बदौलत निर्धारित 20 ओवर पांच विकेट के नुकसान पर 205 रन का विशाल स्कोर किया। इसके जवाब में यूएई ने मोहम्मद वसीम के तूफानी शतक के दम पर एक गेंद शेष रहते रोमांचक जीत दर्ज की। वसीम को मैच विनिंग पारी खेलने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

### बांग्लादेश को मिली शानदार शुरुआत

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश को शानदार शुरुआत मिली और उसने पांच विकेट पर 205 रन बनाए। उसके सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने सिर्फ 33 गेंदों पर 8 चौके और तीन छक्कों की मदद से 59 रन की अर्धशतकीय पारी खेली तो तोहीद हृदोय ने 24 गेंदों पर 45 रन बनाए। वहीं, यूएई की ओर से जवादुल्ला ने तीन विकेट और सगीर खान ने दो विकेट चटकाए।

### मुहम्मद वसीम ने खेली कप्तानी पारी

206 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई को बांग्लादेश से भी अच्छी शुरुआत मिली और उसने एक गेंद शेष रहते रोमांचक जीत दर्ज की। उसके सलामी बल्लेबाज और कप्तान मुहम्मद वसीम ने महज 42 गेंदों पर 9 चौके और 5 छक्कों की मदद से 82 रन की विस्फोटक अर्धशतकीय पारी खेली तो वहीं दूसरे ओपनर मुहम्मद जोहैब ने 38 रन की पारी खेली। वहीं, बांग्लादेश की ओर से शोरिफुल इस्लाम, नाहिद राणा और रिशाद हुसैन ने दो-दो विकेट चटकाए।

### सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंची

बता दें कि यूएई और बांग्लादेश के बीच खेली जा रही तीन मैचों की सीरीज अब दो मैचों के बाद 1-1 की बराबरी पर जा पहुंची है। इस सीरीज का दूसरा मुकाबला जहां यूएई ने दो विकेट से जीता है। वहीं, पहले मैच में बांग्लादेश ने 27 रन से जीत दर्ज की थी। सीरीज का निर्णायक मुकाबला अब 21 मई को शारजाह के शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

# प्लेऑफ की जंग में मुंबई और दिल्ली के बीच कड़ा मुकाबला आज

नई दिल्ली।

आईपीएल 2025 अब बहुत ही रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। सीजन का लीग चरण आखिरी पड़ाव पर पहुंचने के साथ ही प्लेऑफ की तस्वीर भी अब साफ होती नजर आ रही है। पांच टीमें जहां बाहर हो चुकी हैं तो तीन टीम प्लेऑफ में जगह बना चुकी हैं। अब प्लेऑफ का सिर्फ एक स्थान ही शेष है, जिसके लिए मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच सीधी टक्कर है। टूर्नामेंट का 63वां मैच आज इन्हीं दोनो टीमों के बीच खेला जाना है। एमआई और डीसी इस मैच को जीतने के लिए पूरा जोर लगाएंगी।

**मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम की पिच रिपोर्ट :** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम की पिच की बात करें तो यहां हमेशा बल्लेबाजों को मदद मिलती रही है। लाल मिट्टी से बनी यहां की पिच पर समान उछाल मिलता है, जिसके चलते गेंद अच्छे से बल्ले पर आती है। बल्लेबाजों के लिए यहां बड़े शॉट खेलना आसान होता है। इसी वजह से यहां ज्यादातर मैच हाई स्कोरिंग देखने को मिलते हैं। इस विकेट पर स्पिनरों के लिए कुछ खास नहीं है। हालांकि लगातार अच्छी लाइन लेंथ पर गेंदबाजी से उन्हें सफलता मिल सकती है। वहीं, तेज गेंदबाजों को शुरुआत में कुछ मूवमेंट मिल सकता है।

**टॉस की भूमिका अहम :** वानखेड़े में खेले गए पिछले कुछ मैच में ओस देखने को मिली है। ऐसे में यहां टॉस का रोल भी महत्वपूर्ण होगा। पिछले आंकड़ों के मुताबिक, अधिकतर कप्तान यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का विकल्प चुनना पसंद करते हैं, ताकि दूसरी पारी में ओस का फायदा उठाते हुए आसानी से रन चेज कर सकें। अगर मुंबई इंडियंस अपने बचे हुए दोनों मैच जीत जाती है तो प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेगी और दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदें पूरी तरह खत्म हो जाएंगी। वहीं, दिल्ली अपने बचे हुए दोनों मैच जीत जाती है, तो वह सीधे प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। इस सूरत में मुंबई इंडियंस टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। अगर दिल्ली कैपिटल्स की टीम मुंबई इंडियंस को हरा देती है, लेकिन पंजाब किंग्स से हार जाती है और मुंबई इंडियंस फिर पीबीकेएस को हरा देती है, तो 5 बार की चैंपियन मुंबई क्वालीफाई कर जाएगी। यानि दोनों टीमों की किस्मत का फैसला होने में पीबीकेएस के खिलाफ मुकाबलों की अहम भूमिका होने वाली है।





**दिल्ली कैपिटल्स टीम**-फाफ डु प्लेसिस, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), समीर रिजवी, केएल राहुल, अक्षर पटेल (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, कुलदीप यादव, टी नटराजन, मुस्तफिजुर रहमान, दुशमंथा चमीरा, सेदिकुल्लाह अटल, करुण नायर, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, अजय जादव मंडल, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, मनवंत कुमार एल।

**मुंबई इंडियंस टीम**-रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, विल जैक्स, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, कॉर्बिन बॉश, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रित बुमरा, कर्ण शर्मा, रीस टॉपले, राज बावा, रॉबिन मिंज, अश्विनी कुमार, सत्यनारायण राजू, मिशेल सेंटनर, मुजीब उर रहमान, कृष्णन श्रीजीत, रघु शर्मा, अर्जुन तेंदुलकर, बेवॉन जैकब्स।

# मुंबई इंडियंस ने बीच आईपीएल जॉनी बेयरस्टो समेत तीन खिलाड़ियों को 7 करोड़ में खरीदा



नई दिल्ली।

आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के कुछ विदेशी खिलाड़ी 26 मई को अपने देश लौट जाएंगे। 26 मई को मुंबई का अंतिम लीग मैच भी है। इसके बाद अगर मुंबई इंडियंस प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई करती है तो उसे विदेशी खिलाड़ियों की जरूरत पड़ेगी। इसको देखते हुए उसने विकल्प के तौर पर जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और चरिथ असलंका को अनुबंधित किया है। गौरतलब है कि इंग्लैंड के विल जैक्स और दक्षिण अफ्रीका के रेयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश 26 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुंबई के अंतिम लीग मैच के बाद वापस लौट जाएंगे।

### जॉनी बेयरस्टो के लिए भारी कीमत :

आईपीएल की आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक जैक्स की जगह इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो लेंगे जो 5.25 करोड़ रुपए में टीम में शामिल होंगे। विज्ञप्ति में कहा गया कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन एक करोड़ रुपए के आधार मूल्य पर रेयान रिकेल्टन जबकि श्रीलंकाई बल्लेबाज चरिथ असलंका 75 लाख रुपए में कॉर्बिन बॉश की जगह लेंगे। विल जैक्स, रेयान रिकेल्टन और कार्बिन बॉश ने मुंबई के लिए इस सीजन में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। खासतौर पर विल जैक्स और रिकेल्टन ने। इन दोनों ने शीर्ष क्रम में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए बेहद जरूरी रन बनाए थे। रिकेल्टन ने विकेटों के पीछे भी अच्छे से जिम्मेदारी संभाली थी।

### टॉप-2 में भी फिनिश कर सकती है एमआई

तीनों वैकल्पिक खिलाड़ी प्लेऑफ चरण से ही उपलब्ध होंगे, बशर्ते कि मुंबई इंडियंस नॉकआउट दौर के लिए क्वालीफाई कर ले। अगर बात करें मुंबई इंडियंस की तो यह टीम अभी अंक तालिका में शीर्ष चार में है। प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए उसे बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स को हराना होगा। वहीं, दिल्ली के लिए भी प्लेऑफ में जगह पक्की करने की शर्त यही है कि वह अपने बचे हुए दोनों मैचों में जीत दर्ज कर ले। वहीं, मुंबई की टीम अगर अपने दोनों मैच जीत लेती और बाकी मैचों के परिणाम भी उसके अनुकूल रहते हैं तो वह प्वॉइंट्स टेबल में टॉप-2 में भी फिनिश कर सकती है।

# इंग्लैंड दौरे से पहले टीम इंडिया की बढ़ी टेंशन

## आईपीएल 2025 में फिसड्डी साबित हो रहे पंत

नई दिल्ली।

आईपीएल 2025 के बाद टीम इंडिया को इंग्लैंड का दौरा करना है। इस दौरे पर जून में दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इस बार टीम इंडिया रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना ही खेलना है, क्योंकि ये दोनों दिग्गज खिलाड़ी अब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। जहां एक तरफ फैंस को इस दौरे के लिए टीम इंडिया के स्क्वाड का इंतजार हो रहा है तो वहीं भारतीय टीम की थोड़ी टेंशन बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। इस टेंशन की वजह है टीम इंडिया के एक खिलाड़ी का आईपीएल 2025 में लगातार फ्लॉप होना।

### ऋषभ पंत ने बढ़ाई टीम इंडिया की टेंशन :

ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। इस बार मेगा ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस खिलाड़ी को 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन पंत ने अभी तक टीम और फैंस को बेहर निराश किया है। इस पूरे सीजन में पंत बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए हैं। आईपीएल 2025 के बाद टीम इंडिया को इंग्लैंड का दौरा करना है, जिसको लेकर जल्द ही टीम इंडिया का ऐलान हो सकता है। इस दौरे पर पंत की टीम इंडिया में जगह पक्की है, फिलहाल टेस्ट क्रिकेट में पंत टीम इंडिया के सबसे भरोसेमंद विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। लेकिन उनके खराब प्रदर्शन नें सेलेक्टर्स की टेंशन को भी बढ़ा दिया है।



### क्या इंडिया ए में पंत को चुना जाएगा :

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से होगा, लेकिन उससे पहले इंडिया ए को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनऑफिशियल टेस्ट मैच खेलने हैं। जिसको लेकर बीसीसीआई इंडिया ए का ऐलान भी कर चुकी है। जिसमें शुभमन गिल, साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ियों को भी चुना गया है, इन दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन अभी तक आईपीएल 2025 में काफी कमाल का रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि खराब प्रदर्शन करने वाले पंत को क्यों नहीं इंडिया ए में शामिल किया गया हैं? वैसे भी पंत इन दिनो बल्लेबाजी में काफी संघर्ष करते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में पंत को इंग्लैंड की कंडिशन को सबसे ज्यादा समझने की जरुरत है। बात अगर पंत के आईपीएल 2025 प्रदर्शन की करें तो उन्होंने 12 मैचों में अभी तक 135 रन ही बनाए हैं, जिसमें 1 अर्धशतक शामिल है। इसके अलावा पिछली टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी पंत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा था।




# फिल्म वॉर 2 का टीजर जारी

## ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के बीच दिखा जबरदस्त एक्शन; कियारा ने लगाया ग्लैमर का तड़का

फिल्म वॉर 2 का टीजर रिलीज कर दिया गया है। 1 मिनट 34 सेकंड के इस टीजर में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिलता है। वहीं, कियारा आडवाणी ने वाईआरएफ की स्पाई यूनिवर्स में वॉर 2 के जरिए शानदार एंट्री की है। इस बार वह एक नए और बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं।

### कैसा है वॉर 2 का टीजर

इस टीजर की शुरुआत होती है जूनियर एनटीआर की दमदार आवाज से, जो ऋतिक रोशन के किरदार कबीर को चुनौती देता है और कहता है कि अब वॉर के लिए तैयार हो जाओ। टीजर में दोनों के बीच जबरदस्त एक्शन की झलक देखने को मिल रही है। लोकेशनों की बात करें तो इस्तांबुल के साथ-साथ एक बर्फीले इलाके की झलक भी दिखती है, जो ग्लोबल स्केल पर फिल्म की सेटिंग को दिखाता है। टीजर से साफ है कि फिल्म में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच एक कड़ा टकराव देखने को मिलेगा।

### कैसा है दोनों एक्टर्स का लुक?

टीजर में ऋतिक रोशन ने एक बार फिर अपने पुराने किरदार कबीर को निभाया है। इस बार वह पहले से और भी ज्यादा हैंडसम और स्टाइलिश नजर आ रहे हैं। वहीं, जूनियर एनटीआर इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। टीजर से साफ पता चलता है कि जूनियर एनटीआर बहुत फिट नजर आ रहे हैं और उनकी नई हेयरस्टाइल भी काफी आकर्षित है।

### कियारा के लुक ने खींचा ध्यान

कियारा आडवाणी ने यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स में फिल्म वॉर 2 के जरिए दमदार एंट्री की है। हर बार अपने किरदारों में कुछ नया दिखाने वाली कियारा इस बार एक बोल्ड और फ्रेश अंदाज में नजर आ रही हैं। उनका यह लुक अब तक की फिल्मों से बिल्कुल अलग है।




# ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने को लेकर मची होड़

## स्क्रिप्ट के लिए आपस में लड़ रहे हैं विक्की-अक्षय, ट्विंकल ने लगा दी पति की क्लास

भारतीय सेना द्वारा 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के कुछ ही दिनों बाद, 9 मई को निकी-विकी भगनानी फिल्म्स नाम की कंपनी ने ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म की घोषणा कर दी थी। इसके बाद बॉलीवुड में ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने की होड़ शुरू हो गई।

ऐसी खबर सामने आई थी कि 2 दिनों में 50 से ज्यादा सितारों ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े टाइटल पाने के लिए आवेदन दिए। इसी बीच खबरें आईं कि भारतीय सेना के इस साहसिक ऑपरेशन पर फिल्म बनाने के लिए अक्षय कुमार और विक्की कौशल भी आपस में भिड़ गए हैं। यह बात जब अक्षय की पत्नी ट्विंकल को पता चली तो उन्होंने अक्षय की क्लास लगा दी। ट्विंकल खन्ना ने टाइम्स ऑफ इंडिया के लिए अपने कॉलम में ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने को लेकर अक्षय कुमार और विक्की कौशल के बीच झगड़े का पर्दाफाश किया है। ट्विंकल खन्ना ने कहा कि उन्हें कई ट्वीट दिखे, जिनमें कहा गया था कि अक्षय कुमार और विक्की कौशल ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने को लेकर आपस में झगड़ रहे हैं।

ट्विंकल खन्ना ने अपने कॉलम में लिखा कि जब यह बात उन्हें पता चली तब उन्होंने अक्षय को फोन किया। अक्षय से पूछा कि क्या तुम विक्की कौशल से इस बात को लेकर लड़ रहे हो कि ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म कौन बनाएगा? अक्षय ने यह बताते हुए फोन काट किया कि यह सब झूठ है। मेरे पैर में चोट लगी है, बाद में फोन करता हूं।

अक्षय ने फोन काट दिया। ट्विंकल को लगा कि वे बहाना बना रहे हैं, लेकिन जब अक्षय घर लौटे और ट्विंकल ने देखा कि वाकई में उनके पैर में पट्टी बंधी है। तब उन्हें यकीन हुआ कि अक्षय सच बोल रहे थे।

दरअसल, एक फिल्म के लिए एक फायर सीन फिल्माते हुए अक्षय कुमार एक छोटे से हादसे का शिकार हो गए थे। जिसकी वजह से उनके पैर में पट्टी बंधी हुई थी। ट्विंकल कहती हैं कि अब ये समझना बहुत मुश्किल हो गया है कि सच और झूठ क्या है? ऐसे में वह अब हर चीज को शक की नजरों से देखने लगी हैं।

बहरहाल, भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, उसके 2 दिन बाद ही 9 मई को निक्की-विकी भगनानी फिल्म्स नाम की कंपनी ने ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म का भी ऐलान कर दिया, जिसे जैकी भगनानी के कजन ब्रदर विकी भगनानी प्रोड्यूस कर रहे हैं और डायरेक्शन उत्तम महेश्वरी और नितिन कुमार गुप्ता मिलकर रहे हैं। इस ऐलान के साथ ही एक पोस्टर भी जारी किया, जिसमें एक महिला सिपाही को, वर्दी में अपने माथे पर सिंदूर लगाते देखा जा सकता था। पोस्टर के बैकग्राउंड में युद्ध जैसी पृष्ठभूमि दिखाई गई थी। मेकर्स ने जैसे ही पोस्टर जारी किया, सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें घेर लिया, जिसके बाद फिल्म मेकर्स को माफी मांगनी पड़ी।



# मन्नारा चोपड़ा और अभिषेक कुमार की दोस्ती में पड़ी दरार

### सोशल मीडिया पर एक दूसरे को अनफॉलो किया

बिग बॉस 17 से सुर्खियां बटोरने वाले एक्टर अभिषेक कुमार इन दिनों कलर्स टीवी के लाफ्टर शेफ 2 में नजर आ रहे हैं। अभिषेक के साथ-साथ शो में एक्ट्रेस मन्नारा चोपड़ा की भी एंट्री हुई थी, हालांकि मन्नारा चोपड़ा ने शो छोड़ दिया है।

इस शो में मन्नारा चोपड़ा भले ही सुदेश लहरी के साथ थीं, लेकिन शो में उनकी और अभिषेक कुमार की बॉन्डिंग को खूब पसंद किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो अब अभिषेक और मन्नारा चोपड़ा की दोस्ती में दरार पड़ चुकी है। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। बता दें कि अभिषेक कुमार और मन्नारा चोपड़ा इंस्टाग्राम फॉलोइंग लिस्ट से गायब नजर आ रहे हैं। इससे इस बात का कयास लगाया जा रहा है कि दोनों की दोस्ती में अब दरार पड़ पड़ गई है। इससे दोनों के फैंस को झटका लगा है। दोनों को लेकर फैंस सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा है- वो दोस्त हैं, दोस्तों के बीच गलतफहमी हुई है, सब अच्छा होगा। उम्मीद करते हैं कि जल्दी सब अच्छा हो। दूसरे यूजर ने लिखा है- दोस्तों में बहुत बार गलतफहमियां होती हैं। ये आम बात है। सब चीजें जल्दी ठीक हो जाएंगी। हालांकि इस मामले में हालांकि, इस मामले पर अभी तक अभिषेक कुमार और मन्नारा चोपड़ा की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।

अभिषेक कुमार और मन्नारा चोपड़ा बिग बॉस 17 के अलावा एक म्यूजिक वीडियो सांवरे में भी नजर आ चुके हैं। लाफ्टर शेफ 2 में भी दोनों की बॉन्डिंग को खूब पसंद किया जा रहा था। हालांकि अपने कुछ निजी कारणों से मन्नारा चोपड़ा ने शो छोड़ दिया है। मन्नारा ने कहा था कि कुछ पिछली कमिटमेंट्स के कारण उन्हें शो छोड़ना पड़ा था।

# सिंगर नेहा भसिन ने पकड़ी नेंसी त्यागी की चोरी

## कहा था- 1 महीने में ड्रेस खुद बनाई, सिंगर ने दिखाए सबूत, बोलीं- बांद्रा के डिजाइनर स्टूडियो की ड्रेस

सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर नैंसी त्यागी इन दिनों कांस फिल्म फेस्टिवल में पहुंचकर सुर्खियों में बनी हुई हैं।

हाल ही में नैंसी ने कांस रेड कार्पेट पर बीज कलर ड्रेस पहनी थी। नैंसी का दावा है कि ये उनकी मां का पसंदीदा रंग है और उन्होंने इस ड्रेस को 1 महीने की कड़ी मेहनत से तैयार किया है। हालांकि सिंगर नेहा भसिन की मानें तो नैंसी ने ड्रेस खुद नहीं बनाई, बल्कि वो एक डिजाइनर ड्रेस है, जो वो खुद भी अपने कॉन्सर्ट में पहन चुकी हैं।

### सबसे पहले जानिए क्या है नैंसी त्यागी का दावा

नैंसी ने कांस रेड कार्पेट से एक रोज गोल्ड हैवी वर्क ड्रेस पहनकर कुछ तस्वीरें पोस्ट की थीं। इसके साथ उन्होंने लिखा था, ये कलर मेरी मम्मी का फेवरेट है, इसलिए इस बार डिसाइड किया कि इसी कलर में ड्रेस डिजाइन करूं। इसे बनाने में पूरा एक महीना लगा और मैं आखिरी मूमेंट तक तैयारी में लगी रही, क्योंकि ड्रेस काफी हैवी थी। दिल से शुक्रिया उन सभी का जो इस प्यारी जर्नी का एक हिस्सा रहे। आप सबके बिना ये मूमेंट वापस इतना स्पेशल नहीं होता।

नैंसी की पोस्ट सामने आते ही नेहा भसिन ने उनकी चोरी पकड़ ली और अपने ऑफिशियल अकाउंट से पुराने कॉन्सर्ट की तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उन्होंने वही ड्रेस पहनी थी, जिसे नैंसी अपनी बता रही हैं। इसके साथ उन्होंने तंज कसते हुए लिखा, ये कोरसेट काफी मिलता-जुलता लग रहा है न।

इसके साथ नेहा ने ये भी बताया कि ये ड्रेस उन्होंने बांद्रा के एक फैशन स्टोर से लिया था, जो अपने कस्टमाइज्ड कपड़े किराए पर देते हैं।

नेहा के खुलासे के बाद से ही नैंसी त्यागी पर दूसरे डिजाइनर्स की ड्रेस को अपना बताने के आरोप लग रहे हैं। उनकी आलोचना के बीच नेहा भसिन ने फिर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें लिखा है कि वो किसी को नीचा नहीं दिखाना चाहती थीं, लेकिन किसी और की मेहनत को अपना काम बताना गलत है। इस दौरान नेहा ने उस ड्रेस की डिजाइनर पर भी लिखा कि उन्होंने 15 साल की कड़ी मेहनत से खुद को स्टेबलिश किया है।



# अक्षय ने परेश रावल पर ठोका 25 करोड़ का मुकदमा!

## 'हेरा फेरी 3' की शूटिंग बीच में छोड़ने का आरोप; 2026 में आएगी फिल्म

पिछले कुछ समय से फिल्म हेरा फेरी 3 लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। परेश रावल ने इस फिल्म में काम करने से इनकार कर दिया है। इसी बीच खबर है कि अक्षय कुमार ने अपने प्रोडक्शन हाउस केप ऑफ गुड फिल्म्स के जरिए परेश रावल को एक कानूनी नोटिस भेजा है। इस नोटिस में उन्होंने फिल्म की शूटिंग बीच में छोड़ने और गैर-प्रोफेशनल तरीका अपनाने के लिए 25 करोड़ रुपए मांगे हैं। दरअसल, अक्षय कुमार इस फिल्म के लीड एक्टर के साथ-साथ प्रोड्यूसर भी हैं। फिल्म हेरा फेरी 3 उन्होंने इसके राइट्स फिरोज नाडियाडवाला से कानूनी तौर पर खरीदे हैं। ॥ज्ञ की रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले से जुड़े एक कानूनी सूत्र ने कहा, 'परेश रावल ने अपनी प्रोफेशनल जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई। अगर उन्हें फिल्म नहीं करनी थी तो शूटिंग शुरू होने और पैसा खर्च होने से पहले ही मना कर देना चाहिए था। अब वक्त आ गया है कि बॉलीवुड में भी यह साफ हो जाए कि जैसे हॉलीवुड में होता है, वैसे ही यहां भी अब कोई अपनी मर्जी से फिल्म छोड़ नहीं सकता।'

सूत्र का कहना है कि इस फिल्म के लिए उनकी नॉर्मल फीस से तीन गुना अधिक उन्हें



भुगतान किया जा रहा है।

### क्रिएटिव मतभेद के कारण परेश रावल ने छोड़ी फिल्म

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, परेश रावल ने खुद इस बात की पुष्टि की थी कि उन्होंने फिल्म हेरा फेरी 3 छोड़ी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म छोड़ने की वजह मेकर्स के साथ क्रिएटिव मतभेद को बताया गया था। हालांकि, बाद में एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए एक्टर ने कहा था,

मैं यह साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि हेरा फेरी 3 से पीछे हटने का मेरा फैसला किसी भी तरह के रचनात्मक मतभेद की वजह से नहीं था। मैं दोहराना चाहता हूं कि फिल्म के निर्देशक के साथ मेरा कोई क्रिएटिव डिसएग्रीमेंट नहीं है। मैं प्रियदर्शन जी के लिए गहरा सम्मान, स्नेह और विश्वास रखता हूं।

# कान्स में सिंपल लुक में नजर आई शर्मिला टैगोर

## 77 साल की सिमी गरेवाल ने भी अपनाया रॉयल अंदाज, सत्यजीत रे की फिल्म का हुआ प्रीमियर



कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 इस बार खासा चर्चा में है। अब तक कई मशहूर सितारे रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेर चुके हैं। इसी कड़ी में सोमवार को दिग्गज एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर और सिमी गरेवाल ने भी फेस्टिवल में शिरकत की, जहां वे सत्यजीत रे की क्लासिक फिल्म अरनयेर दिन रात्रि की स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। ये 1970 की फिल्म का नया 4k वर्जन है। रेड कार्पेट पर दोनों की मौजूदगी ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

### दोनों का कान्स लुक कैसा था?

शर्मिला टैगोर रेड कार्पेट पर हरे रंग की साड़ी में नजर आईं। उन्होंने भले ही बेहद सादा लुक अपनाया था, लेकिन उनका पूरा अंदाज बेहद शाही नजर आया। शर्मिला टैगोर के साथ 77 साल की उम्र में सिमी गरेवाल ने अपना कान्स डेब्यू किया। इस दौरान वह हमेशा की तरह सफेद रंग के गाउन में दिखीं। सिमी गरेवाल अपने चैट शो रांदावू विद सिमी गरेवाल के लिए लोगों के बीच जानी जाती हैं। कुछ वक्त पहले ही सिमी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया था कि वो इस बार कान में डेब्यू करेंगी।

### 1970 में आई थी फिल्म अरनयेर दिन रात्रि

सत्यजीत रे की क्लासिक फिल्म अरनयेर दिन रात्रि 1970 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म फेस्टिवल में अंग्रेजी में दिखाया गया। साथ ही क्लासिक सेक्शन में कैटेगराइज किया गया था। इस बांग्ला फिल्म को डेज एंड नाइट्स इन द फॉरेस्ट भी कहा जाता है। रेड कार्पेट पर दोनों अभिनेत्रियों के साथ हॉलीवुड फिल्म निर्माता वेस एंडरसन भी मौजूद थे, जिन्होंने इस फिल्म की छह साल तक चली रीस्टोरेशन प्रोसेस पर काम किया।

### शर्मिला के साथ बेटी सबा भी थीं मौजूद

फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले शर्मिला टैगोर और उनकी बेटी सबा पटौदी की फ्रेंच रिवेरा की तस्वीरें भी सामने आईं। इन फोटोज को सबा ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। कैप्शन में लिखा, 'कान्स 2025, मां और मैं... एक यादगार पल।'

# शादी के बाद अनुष्का-विराट सिर्फ 21 दिन साथ रहे

## एक्ट्रेस बोलीं- साथ दिखना कोई वेकेशन नहीं, बस एक-दूसरे के लिए वक्त निकालते हैं



एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और क्रिकेटर विराट कोहली पावर कपल की लिस्ट में शुमार हैं। विराट के मैचों के दौरान अनुष्का शर्मा अक्सर उन्हें चीयर करने के लिए स्टेडियम में मौजूद रहती हैं। हालांकि, हमेशा साथ नजर आने वाले इस कपल ने शादी के बाद पहले 6 महीनों में सिर्फ 21 दिन ही एक-दूसरे के साथ बिताए थे। खुद अनुष्का ने इस बात का खुलासा किया था।

### सिर्फ 21 दिन साथ रहे विराट-अनुष्का

वोग के साथ 2020 के एक इंटरव्यू में अनुष्का शर्मा ने विराट कोहली के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की थी। इस दौरान उन्होंने बताया था कि शादी के पहले छह महीनों के दौरान विराट और वो सिर्फ 21 दिन साथ में रहे थे। जब मैं विराट से मिलने जाती हूं या जब वह मुझसे मिलने आता है तो लोग मान लेते हैं कि यह छुट्टी है, लेकिन ऐसा नहीं है। वो आदमी हमेशा काम करता रहता है। हमारी शादी के पहले छह महीनों के दौरान हमने 21 दिन एक साथ बिताए। मैंने पूरा हिसाब लगाया था। इसलिए जब मैं विदेश में उनसे मिलने जाती हूं, तो साथ में एक बार खाना खाने के लिए जाती हूं। यह हमारे लिए कीमती समय है।

### मैं अब बहुत बदल गया

इसी दौरान विराट ने भी अनुष्का संग अपने बॉन्ड के बारे में बात की। उन्होंने कहा, हम हर दिन एक-दूसरे से प्यार करते हुए जीते हैं। हमारा रिश्ता हमेशा प्यार और सिर्फ प्यार के बारे में रहा है। हमें ऐसा लगता है कि हम एक-दूसरे को कुछ सालों से नहीं, बल्कि सदियों से जानते हैं। विराट आगे कहते हैं कि उसने मुझे जीवन में एक नई राह दी है। मैं उससे मिलने से पहले समझदार या सुलझा हुआ नहीं था। उसने मुझे एक बेहतर इंसान बनाया है और मैं अपने जीवन को उस सबसे अद्भुत महिला के साथ बिताने के लिए धन्य महसूस करता हूं जिसे मैं जानता हूं।

### 2017 में की थी विराट और अनुष्का ने शादी

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने दिसंबर 2017 में इटली में शादी की थी। जनवरी 2021 में दोनों बेटी वामिका के माता-पिता बने। इसके बाद 2024 में बेटे अकाय का जन्म हुआ। अपने बच्चों की प्राइवेसी बनाए रखने के लिए कपल ज्यादा समय लंदन में ही रहना पसंद करता है, ताकि उन्हें मीडिया की नजरों से दूर रखा जा सके।



अपने आदर्श को पाने के लिए सैकड़ो बार असफल होने के बाद भी आगे बढ़ो।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

एडहॉक कमेटी सदस्य का 5 लाख रुपए मांगने का मामला

## जिस फूड सप्लायर ने धर्मवीर सिंह पर आरोप लगाए, वह बोला- मुझसे 3 लाख रुपए विमल शर्मा ने मांगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट अकादमी की एडहॉक कमेटी के सदस्यों के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। जिस व्यक्ति ने 19 मई को पत्र लिखकर कमेटी के सदस्य धर्मवीर सिंह पर 5 लाख रुपए मांगने और देने का आरोप लगाया। अब उसी व्यक्ति ने एक वीडियो जारी करके धर्मवीर सिंह को निर्दोष बताते हुए विमल शर्मा पर 3 लाख रुपए मांगने का आरोप लगाया है। विमल शर्मा भी एडहॉक कमेटी के सदस्य है और जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव है। शर्मा जयदीप बिहाणी ग्रुप के है। इस वीडियो के बाद अब विवाद और बढ़ गया है। आरोप लगाने वाले व्यक्ति जो आरसीए में फूड सप्लायर है ने वीडियो जारी कर कहा- धर्मवीर सिंह पर जो 5 लाख रुपए मांगने का आरोप पत्र लिखा था उसे लिखने के लिए मुझ पर दबाव बनाया गया। फूड सप्लायर ने बताया- कि उसके पास विनोद सारण (गंगानगर क्रिकेट संघ सचिव) नाम के व्यक्ति का फोन आता है, जो मुझे ज्योति नगर स्थित ऑफिस बुलाता है। मैं जब वहां गया तो उन्होंने मुझसे पूछा कि 5 लाख का क्या मामला है। मैंने कहां कोई मैटर नहीं है, इसमें धर्मवीर सिंह का कोई रोल नहीं है, ये सब बातें झूठी। इसके बावजूद मुझ पर दबाव बनाकर वहां एक कागज लिखवाया गया, जिसमें धर्मवीर सिंह ने मुझसे 5 लाख रुपए मांगे और मैंने उसे दे दिए।

## नाराज चल रहे छगन भुजबल महाराष्ट्र कैबिनेट में मंत्री बने

### बोले- अंत भला तो सब भला, जो जिम्मेदारी मिलेगी निभाऊंगा; धनंजय मुंडे की ली जगह

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के नेता छगन भुजबल ने मंगलवार सुबह महाराष्ट्र कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली। मंत्री बनने के बाद उन्होंने कहा- कहते हैं न- अंत भला तो सब भला। मैंने अब तक हर जिम्मेदारी अच्छे से निभाई है। अब भी जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे निभाऊंगा। दरअसल, पिछले साल नवंबर में महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, 77 साल के छगन को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया था, जिससे वह नाराज चल रहे थे। भुजबल ने महाराष्ट्र कैबिनेट में एनसीपी के दिग्गज नेता धनंजय मुंडे की जगह ली है।। मुंडे ने मार्च में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। भुजबल को यही खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय मिल सकता है, क्योंकि इसके पहले वह दो बार यह मंत्रालय संभाल चुके हैं। दिसंबर में मंत्री पद नहीं मिलने पर कहा था- क्या मैं खिलौना हूं महाराष्ट्र के नासिक जिले के येवला से विधायक भुजबल का कई दशकों लंबा राजनीतिक करियर रहा है। वह राज्य में ओबीसी समुदाय के एक बड़े नेता हैं। भुजबल इससे पहले अलग-अलग सरकारों में उपमुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री के पद पर काम कर चुके हैं।

## जयपुर में वकील के ऑफिस में बदमाशों ने की तोड़फोड़ : मारपीट भी की गई, चेंबर में रखे रुपए और सामान लूट ले गए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के बजाज नगर थाना इलाके में सोमवार शाम कुछ बदमाशों ने एक वकील के चैम्बर में तोड़फोड़ कर मारपीट की। इसके बाद घायल वकील अपने साथियों के साथ बजाज नगर थाने पहुंचा। पुलिस को घटना की जानकारी दी। देर रात पुलिस ने वकीलों के द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज की। पीड़ित वकील कृष्णा स्वामी के दोस्त राहुल मीणा ने बजाज नगर थाने में रिपोर्ट दी कि सोमवार शाम 8 बजे वह 355 हिम्मत नगर गोपालपुरा स्थित अपने कार्यालय में बैठा हुआ था। इसी दौरान तीन गाड़ियों में हथियारों के साथ सौरभ फौजदार, अंकित चौधरी, राजीव टोकस, ऋषभ माचीवाल, अक्षित के साथ 4 से 5 लोग ऑफिस पहुंचे। ऑफिस में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया।

### ऑफिस में रखे रुपए और सामान लूट ले गए

राहुल ने बीच बचाव किया तो बदमाशों ने नाम पूछा। इसके बाद उसके साथ भी मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्द कहने लगे। अचानक तोड़फोड़ और मारपीट का शोर सुनने के बाद स्थानीय व्यापारी भी कार्यालय में घुसे। इसके बाद सभी बदमाश बाहर खड़ी तीन गाड़ियों में बैठ कर फरार हो गए। मारपीट में घायल राहुल और वकील कृष्णा स्वामी के सिर में गम्भीर चोट आई है। बदमाश कार्यालय में रखे 70 हजार रुपए व अन्य सामान भी लूट ले गए। हमला करने आए बदमाश तीन अलग-अलग गाड़ियों में आए। इसमें से एक गाड़ी काले रंग की थी।

## मुंबई में 2 कोरोना पॉजिटिव की मौत

### डॉक्टर बोले- पुरानी बीमारी से जान गई



**मुंबई।** मुंबई के केईएम अस्पताल में सोमवार को 2 कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी। इधर, एशिया के सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। इन देशों में नए मामलों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सिंगापुर में 1 मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते तक ये संख्या 11,100 थी। यहां मामलों में 28% का इजाफा हुआ है। हॉन्गकॉन्ग में जनवरी से अब तक 81 मामले सामने आए हैं। इनमें से 30 की मौत हो चुकी है। चीन और थाईलैंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, यहां मरीजों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। भारत में 1 जनवरी से 19 मई तक 257 मामले सामने आए हैं। ।

### सरकार ने कहा- भारत में हालात नियंत्रण में

भारत में अभी कोरोना की कोई बड़ी लहर नहीं दिख रही है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक 1 जनवरी से 19 मई तक देश में केवल 257 मामले सामने आए हैं। हालांकि सरकार के मुताबिक भारत में कोविड-19 की स्थिति अभी कंट्रोल में है। मुंबई में डॉक्टरों ने और भी हल्के लक्षणों वाले मामले देखे हैं, खासकर युवाओं में, लेकिन नई लहर की कोई जानकारी नहीं मिली है। भारतीय हेल्थ एक्सपर्ट्स ने पड़ोसी देशों में बढ़ते मामलों को देखते हुए सावधानी बरतने और वैक्सीन लेने की सलाह दी है।

# राजस्थान में गर्मी से युवक की मौत

## जयपुर सहित 9 शहर लू की चपेट में; चित्तौड़गढ़ में बदला मौसम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** सीकर में 47 साल के युवक का शव सड़क किनारे मिला है। उसके परिवार वालों ने दावा किया कि ज्यादा गर्मी पड़ने और प्यासा रहने के कारण उसकी मौत हुई है। सीकर के धोद थाना अधिकारी राकेश कुमार मीणा ने बताया कि मंगलवार की सुबह 8 बजे सिंगरावट से डीडवाना की ओर जाने वाली सड़क पर शव मिला था। उसकी पहचान पूर्णपुरा निवासी नेमाराम के रूप में हुई है। परिजनों ने रिपोर्ट दी है कि ज्यादा गर्मी पड़ने की वजह से नेमाराम की मौत हुई है। जयपुर सहित राजस्थान के 9 शहर लू की चपेट में हैं। इसमें पिलानी (झुंझुनूं), चूरू, बीकानेर, श्रीगंगानगर, टोंक, बाड़मेर, दौसा, जैसलमेर भी शामिल हैं। इन शहरों का पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। गर्मी से बचाव के लिए जयपुर, अलवर, चूरू सहित कई शहरों में मशीन से सड़कों पर पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है। 22 मई तक भीषण गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। बीकानेर संभाग में तेज गर्मी की आशंका जताते हुए मंगलवार को चूरू, झुंझुनूं, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के लिए गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उदयपुर, कोटा संभाग में गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। यहां अगले तीन दिन तक आंधी-बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई गई है।

उधर, आज दोपहर चित्तौड़गढ़ में मौसम बदल गया। यहां तेज हवा के साथ करीब आधे घंटे तक बारिश हुई।

# पीएम ने कहा था वादे पूरे नहीं कर पाएंगे, लेकिन करके दिखाए : राहुल

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को कर्नाटक के विजयनगर में समर्पण संकल्प रैली में पहुंचे। कार्यक्रम में उन्होंने 1 लाख 11 हजार 111 लोगों को घर के मालिकाना हक के डिजिटल डॉक्यूमेंट सौंपे। राहुल ने कहा- हमने चुनाव के समय कर्नाटक की जनता से 5 वादे किए थे। तब नरेंद्र मोदी और बीजेपी के लोगों ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी ये काम नहीं कर पाएगी। लेकिन हमने करके दिखाए। उन्होंने आगे कहा- कर्नाटक सरकार आज 1 लाख परिवारों को उनकी जमीन का मालिकाना हक देने जा रही है। जो इंदिरा गांधी का सपना था, उसको पूरा करने के लिए हमने बड़ा कदम लिया है। 2 हजार बस्तियों को हम राजस्व गांव कर रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के 2 साल पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें घुमंतू, अर्ध-घुमंतू और ग्रामीण खेतिहर समुदायों को जमीन के सरकारी डॉक्यूमेंट्स दिए गए। इनकी बस्तियां सार्वजनिक या निजी जमीन पर थी। अब इनको रेवेन्यू विलेज यानी राजस्व गांव का दर्जा मिलेगा। इससे इन लोगों को कानूनी तौर पर अपने घर का मालिकाना हक मिलेगा। 2015 में कर्नाटक दौरे के दौरान राहुल गांधी ये वादा किया था।



### राहुल ने पांच वादे याद दिलाए, बोले- हमने सब वादे पूरे किए

राहुल ने लोगों से कहा कि दो साल पहले चुनाव के समय हमने 5 गारंटी देने के वादे दिए थे।

- **पहला वादा**- गृहलक्ष्मी योजना 2 हजार रुपए प्रति महीना 2 करोड़ महिलाओं को मिले। आज मैं कह सकता हूं कि करोड़ों की महिलाओं के बैंक अकाउंट में सरकार पैसा डालती है।
- **दूसरा वादा**- गृह ज्योति योजना में करोड़ों परिवारों को 200 यूनिट बिजली फ्री दी।
- **तीसरा वादा**- अन्न भाग्य योजना, जिसमें 4 करोड़ लोगों को 10 किलो अनाज देने का वादा था। आज कर्नाटक में करोड़ों परिवारों को इस योजना से अनाज मिलता है।
- **चौथा वादा**- शक्ति योजना, जिसमें हमने गारंटी करके कहा था। महिलाओं को बस में जाने के लिए पैसा नहीं देना पड़ेगा। तकरीबन 500 करोड़ बस ट्रिप कर्नाटक सरकार द्वारा फ्री दी गई हैं।
- **पांचवां वादा**- युवा निधि स्कीम, हम राज्य के 3 लाख युवाओं को हर महीने 3,000 रुपए देती है।

## यूट्यूबर ज्योति से एनआईए की पूछताछ, टेरर लिंक की जांच

### ज्योति के क्लाउड स्टोरेज में रडार और बीएसएफ मूवमेंट के वीडियो भी मिले

**नई दिल्ली/हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से सोमवार को एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने पूछताछ की। उससे आतंकी संपर्कों को लेकर सवाल-जवाब किए गए। इस पूछताछ के दौरान उसके स्मार्टफोन और लैपटॉप की डिजिटल फोरेंसिक जांच की गई।

उसके क्लाउड स्टोरेज में बीएसएफ मूवमेंट, रडार लोकेशन और हाई सिक्योरिटी जोन दिखाने वाले कई वीडियो मिले। वहीं, उसके कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स से पता चला कि ज्योति एक अंतरराष्ट्रीय नंबर और दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के लगातार संपर्क में थी। इसके साथ ही वह भारत से निष्कासित पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मी दानिश से जुड़े फेक प्रोफाइल्स के साथ चैट और ग्रुप में जुड़ी थी।

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का दशम दीक्षांत समारोह आयोजित

## चिकित्सा शिक्षा में मौलिक शोध और अनुसन्धान पर रहे जोर, समाज को अच्छे और प्रतिभाशाली डॉक्टर मिले, समय पर विद्यार्थी को डिग्री मिले : राज्यपाल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि विश्वविद्यालय में जिस वर्ष विद्यार्थी की शिक्षा पूरी हो, उसी साल दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समय पर डिग्री मिले, इसके लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाएं। उन्होंने चिकित्सकीय शिक्षा में इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि विद्यार्थी की बौद्धिक क्षमता बढ़े। समाज को अच्छे और प्रतिभाशाली डॉक्टर मिले। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा में मौलिक शोध और अनुसन्धान पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता जताई।

उन्होंने कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय देश विदेश के दूसरे विश्वविद्यालयों से कॉलोबोरेशन कर इस क्षेत्र के नए ज्ञान के आदान प्रदान का संवाहक बने। राज्यपाल बागडे मंगलवार को बिड़ला सभागार में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के दशम दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी की बौद्धिक क्षमता और ध्यानाकर्षण कितना है, इसके लिए क्या क्या पढ़ा और उसमें क्या ध्यान में रखा इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि बौद्धिक क्षमता की जांच के लिए कोई मशीन नहीं बनी पर नकल की बजाय अकल से जो ज्ञान में सफलता प्राप्त करे वहीं बौद्धिक रूप में सशक्त है। राज्यपाल ने कहा कि प्राचीन काल में विश्व में केवल छह यूनिवर्सिटी थी तब भी भारत में दो विश्वविद्यालय थे। यहां पर विश्वभर के छात्र छात्राएं पढ़ने आते थे। उन्होंने नालन्दा विश्वविद्यालय और वहां के आयुर्वेद के ज्ञान की चर्चा करते हुए कहा कि बख्तियार खिलजी को नालंदा के वैद्य ने ठीक किया पर उसने वहां के पुस्तकालय को जला दिया।

उन्होंने भारत द्वारा संसार को जीरो के ज्ञान को दिए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि इसी से आगे की संख्या से विश्व जुड़ सका। उन्होंने भास्कराचार्य द्वारा गुरुत्वाकर्षण ज्ञान और आर्यभट्ट के संख्या ज्ञान के आलोक में भारत की प्राचीन शिक्षा से आधुनिक ज्ञान को दिशा दिए जाने का आह्वान किया। बागडे ने देश की पहली महिला चिकित्सक के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 1886 में परीक्षा पास कर देश की पहली महिला डॉक्टर आनंदी गोपाल जोशी ने इस क्षेत्र में महिलाओं को प्रेरणा दी। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय देश, विदेश के दूसरे विश्वविद्यालय से कॉलोब्रेशन करके शोध और अनुसन्धान में महती कार्य करे। उन्होंने कहा कि इससे चिकित्सकीय ज्ञान का प्रभावी रूप में आदान प्रदान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा ज्ञान ही विद्यार्थी के अधिक ध्यान में रहता है। इससे एकरसता से भी विद्यार्थी मुक्त होता है। उन्होंने चिकित्सको को संयम रख रोग निदान को अपना सर्वोपरि ध्येय रखने का आह्वान किया।

## पाकिस्तान में फील्ड मार्शल बने आसिम मुनीर

### शहबाज शरीफ कैबिनेट का फैसला: अयूब खान के बाद दूसरे फील्ड मार्शल



बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर को प्रमोट करके फील्ड मार्शल बनाया गया है। जियो न्यूज के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट ने आज मंगलवार को यह फैसला लिया। मुनीर का यह प्रमोशन भारत के खिलाफ ऑपरेशन बुनयान-उम-मार्सूस के दौरान आर्मी को लीड करने की वजह से किया गया। पाकिस्तान में आसिम मुनीर से पहले 1959 में सैन्य तानाशाह अयूब खान ने खुद को फील्ड मार्शल घोषित कर दिया था। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक मानी जाती है। यह रैंक जनरल (फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है।

### खास परिस्थितियों में बनाया जाता है फील्ड मार्शल

पाकिस्तान में यह रैंक केवल खास परिस्थितियों में ही दी जाती है। पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल राहील शरीफ को फील्ड मार्शल का दर्जा देने की मांग की गई थी। इसे लेकर इस्लामाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका भी दायर की गई थी।

इसमें कहा गया था कि जनरल शरीफ के बेहतर काम के आधार पर उन्हें यह पद दिया जाए। हालांकि अदालत ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि उसके पास इस मामले में कोई निर्देश देने का अधिकार नहीं है। पाकिस्तान के कानून के मुताबिक, फील्ड मार्शल के पास कोई अतिरिक्त संवैधानिक शक्ति नहीं होती। फील्ड मार्शल की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और रक्षा मंत्रालय तीनों की सहमति जरूरी है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट या फिर हाईकोर्ट से भी संवैधानिक आदेश की जरूरत पड़ती है।

## विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को पीएम मोदी ने किया संबोधित, स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के महत्व पर दिया जोर



**नई दिल्ली।** जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य सभा का विषय स्वास्थ्य के लिए एक विश्व है। यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। जब मैंने 2023 में इस सभा को संबोधित किया था, तो मैंने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के बारे में बात की थी। मोदी ने कहा कि स्वस्थ दुनिया का भविष्य समावेश, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेश भारत के स्वास्थ्य सुधारों के मूल में है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आयुष्मान भारत चलाते हैं - जो दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। यह 580 मिलियन लोगों को कवर करता है और मुफ्त उपचार प्रदान करता है। इस कार्यक्रम को हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को कवर करने के लिए बढ़ाया गया था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com